


पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, सोमवार, 15 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-281 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



सैनिकों का हर भारतीय के दिल में विशेष स्थान 02
■ झुग्गियों को हटाकर सर्दी में लोगों को बेघर...
■ श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में गंगोत्री गोमुख ... 03
■ हाउती हमलों को लेकर अमेरिका ने ईरान को...
■ चीन ने की ताइवान में चुनाव पर अमेरिकी बयान ... 07
टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने विस्तारा एयरलाइन ... 10

## सार संक्षेप

### न्याय यात्रा में शामिल हुए बसपा से निलंबित दानिश अली



**थौबुल।** पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बहुजन समाज पार्टी से निलंबित लोकसभा सदस्य दानिश अली यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए आयोजित समारोह में शामिल हुए जिससे यह तय समझा जा रहा है कि वह जल्द ही कांग्रेस में शामिल होंगे। वह उत्तर प्रदेश के अमरोहा संसदीय सीट से लोकसभा सदस्य हैं।

### पोंगल उत्सव में शामिल हुए पीएम प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में पोंगल उत्सव में शामिल होकर सभी नागरिकों को इस त्योहारी सीजन पर सभी पर्वों की शुभकामनाएं दी। पोंगल के पर्व को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की राष्ट्र भावना को दर्शाने वाला पर्व बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सभी को पोंगल के पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं।

### मप्र में भी स्थापित हो इसरो का केंद्र : मोहन यादव



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में इसरो का एक केंद्र स्थापित किए जाने पर जोर दिया है। इसरो का एक सेंटर प्रदेश में भी खुले, इस संबंध में प्रयास किए जाएंगे। वे शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में वैज्ञानिक युवा संवाद को संबोधित कर रहे थे।

### दिल्ली में एनआरआई महिला से दुष्कर्म एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके के एक पांच सितारा होटल में एक निजी कंपनी के सीईओ ने एक एनआरआई महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय मूल की एक अमेरिकी नागरिक से प्राप्त शिकायत के अनुसार चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### राजस्थान के सीकर में कारों की टक्कर में 6 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर में रविवार को दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले के लक्ष्मणगढ़ के पास जयपुर-बीकानेर (एनएच-52) हाईवे पर शाम करीब 4.50 बजे दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई।

---

## मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# प्रधानमंत्री ने नहीं पोंछे मणिपुर के आंसू : राहुल

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दिखाई हरी झंडी, बोले प्रधानमंत्री के मुंह में राम बगल में छुरी

- भाजपा के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं
- मणिपुर राज्य में शासन व्यवस्था ध्वस्त हुई

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

**थौबुल** (मणिपुर), 14 जनवरी (देशबन्धु)। मणिपुर के थौबुल से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा की शुरुआत करने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि मैं 2004 से राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक ऐसे प्रदेश में गया, जहां शासन व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, जिसे हम मणिपुर कहते थे वह मणिपुर रहा ही नहीं।

राहुल गांधी ने कहा, '29 जून को मैं मणिपुर आया था तब उस दौरे के दौरान मैंने जो देखा जो सुना वो मैंने कभी पहले नहीं देखा था और न ही कभी सुना था। कोने-कोने में नफरत फैली। लाखों लोगों को नुकसान हुआ। कई लोगों के भाई-बहन, माता-पिता उनकी आंखों के सामने मारे गए, लेकिन आज तक हमारे प्रधानमंत्री आपके आंसू पोछने मणिपुर नहीं आए। शर्म की बात है। आपका जो दर्द है वो उनका दर्द नहीं है। शायद भाजपा और आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा ही नहीं है।



कई लोगों के भाई-बहन, माता-पिता उनकी आंखों के सामने मारे गए, लेकिन आज तक हमारे प्रधानमंत्री मणिपुर नहीं आए: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**मैंने कहा यात्रा मणिपुर से ही शुरू करूंगा**

राहुल गांधी ने कहा कि जब भारत जोड़ो न्याय यात्रा कहां से शुरू हो, कैसे शुरू हो इसको लेकर पार्टी में लम्बी चर्चा हुई। यात्रा पैदल हो या बस से हो। समय कम था और दूरी ज्यादा थी। इसलिए पैदल के साथ बस से भी यात्रा करने का फैसला किया गया। फिर बात आई कि यात्रा पश्चिम से शुरू की जाए या पूरब से लेकिन मैने साफ कह दिया कि यात्रा हम मणिपुर से शुरू करेंगे। और यही से ये यात्रा शुरू करना चाहिए।

**15 राज्यों से गुजरेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों से गुजरेगी। यह 110 जिलों की 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। मणिपुर के बाद ये यात्रा नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र पहुंचेगी। यात्रा 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

### राहुल के आने के बाद बिगड़ जाती स्थिति : एन बीरेन



मणिपुर में राहुल की न्याय यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा, राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, क्या यह रैली आयोजित करके राजनीति करने का समय है? यह वास्तव में भारत तोड़ो यात्रा है, न कि भारत जोड़ो यात्रा है। हमें संदेह है कि राहुल ने इसमें गड़बड़ी की है। वे जब भी आते हैं तो दिक्कत हो जाती है। इस बार मणिपुर अलर्ट पर है।

### समुद्र पर जाते हैं लेकिन मणिपुर नहीं जाते मोदी : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यात्रा शुरू होने से पहले मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। यहां के जो लोग हैं वो लड़ाकू हैं, बहादुर हैं, और देश के एकता में हमेशा अपना योगदान दिया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब यहां के लोग मुसीबत में है तो यहां आकर मुंह नहीं दिखाते हैं और समुद्र पर सैर करने चले जाते हैं। बस राम-राम जपते हैं। उनके मुंह में राम बगल में छुरी है, ये वो जनता के साथ नहीं करें। वोट के लिए ये सब ढोंगबाजी नहीं करनी चाहिए।

---

# दिल्ली में दम घुटने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में एक घर में कोयले की अंगीठी से निकलने वाले धुएं से दम घुटकर एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो नाबालिग बच्चे शामिल हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के जिला मुंगेर निवासी राकेश उर्फ दीनानाथ (40), उनकी पत्नी ललिता (38) और उनके बच्चे पीयूष (8) तथा सनी (7) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 7 बजे अलीपुर थाने में फोन पर जानकारी मिली कि खेरा कलां में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। एक



- कोयले की अंगीठी से निकलने वाले धुएं से हुई मौत
- मृतकों में पति-पत्नी और दो नाबालिग बच्चे शामिल


वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीसीआर वैन और स्थानीय कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर पता चला कि कमरा अंदर से बंद है। शीशा तोड़कर खिड़की खोली गई और बाद में दरवाजा भी खोला गया। कमरे के अंदर अंगीठी जल रही थी और चार लोग बेहोश मिले। शुरुआती जानकारी से पता चला है कि सभी चारों व्यक्तियों की मौत दम घुटने से हुई। क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम द्वारा अपराध स्थल का गहन निरीक्षण किया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए बीजेआरएम अस्पताल में पहुंचाया गया है। अधिकारी ने कहा मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले, रविवार को ही दो नेपाली नागरिक मृत पाए गए थे। पुलिस ने कहा था कि उनकी मौत पश्चिम दिल्ली के एक घर के सर्वेंट क्वार्टर में अंगीठी के कारण दम घुटने से हुई।

## घने कोहने ने बढ़ाई यात्रियों की परेशानी

# दिल्ली में दो सौ से ज्यादा उड़ानें हुई प्रभावित

- ट्रेनों के संचालन पर भी पड़ रहा असर
- अगले एक सप्ताह और सताएगा कोहरा

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में कोहरे के चलते रविवार को तकरीब दो सौ से ज्यादा उड़ाने प्रभावित हो गईं। इनमें से दोपहर दो बजे तक तकरीबन तीन दर्जन से ज्यादा उड़ानों को दिल्ली के आसपास के हवाई अड्डों पर डायवर्ट किया गया, जबकि देर शाम से लेकर रात तक की उड़ानों की टाइमिंग भी कोहरे के चलते हुई अव्यवस्था से दो से नौ घंटों तक आगे बढ़ा दी गई। कोहरे के चलते फ्लाइट के साथ-साथ ट्रेनों पर भी जबरदस्त असर पड़ रहा है। दरअसल, कैट श्री की सुविधा के बाद भी जीरो विजिबिलिटी में देश की प्रमुख एयरलाइंस के पायलट जहाज उतरने और उड़ाने में प्रशिक्षित ही नहीं है। यही वजह है कि एयरपोर्ट पर कोहरे में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। वहीं ट्रेनें भी दस से बारह घंटे की देरी से चल रही हैं। अगले एक सप्ताह तक उत्तर भारत के कई इलाकों में इसी तरीके से घना कोहरा पड़ता रहेगा।





### राजधानी में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर पर

नई दिल्ली। प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिस्थितियों के कारण वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर तक गिरने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने रविवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान (जीआरएपी)-तीन लागू कर दिया। सीएक्यूएम ने एक्स पर कहा, जीआरएपी के संचालन के लिए सीएक्यूएम उप-समिति ने दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता में कल शाम से अचानक गिरावट को देखते हुए आज सुबह एक आपातकालीन बैठक बुलाई।

---

# मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी




- शिवसेना में हुए शामिल शिंदे ने किया स्वागत
- बोले सक्षम लोगों के लिए कांग्रेस में जगह नहीं

**मुंबई,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद एम. देवड़ा रविवार तड़के कांग्रेस छोड़ दी। वे शिवसेना में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यहां सत्तारूढ़ शिवसेना में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में आयोजित समारोह में 47 वर्षीय देवड़ा के साथ उनकी पत्नी पूजा शेट्टी-देवड़ा और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। शिंदे ने अपने समर्थकों की जोरदार तालियों के बीच देवड़ा का स्टोल, पार्टी का झंडा और फूल देकर स्वागत किया। देवड़ा के अलावा, मुंबई कांग्रेस और उसके सहयोगी संगठनों के शहर और राज्य इकाइयों के कई नेता और कार्यकर्ता भी शिवसेना में शामिल हुए। बीएमसी चुनावों और इस साल होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों से पहले रणनीतिक रूप से इस घटनाक्रम का कांग्रेस पर राजनीतिक असर हो सकता है। शिवसेना में शामिल होने के तुरंत बाद देवड़ा ने कहा कि उनके पिता दिवंगत मुरली एस. देवड़ा और उनका एकनाथ शिंदे और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के परिवार के साथ लंबे समय से पारिवारिक संबंध था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी सराहना की । उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों में पार्टी में भारी बदलाव आया है और अब इसमें प्रतिभाशाली और सक्षम लोगों के लिए कोई जगह नहीं है।

### इस्तीफे का समय मोदी ने तय किया : जयराम

मिलिंद देवड़ा के पार्टी छोड़ने पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इस्तीफे का समय प्रधानमंत्री मोदी ने तय किया। उनके पिता मुरली देवड़ा कांग्रेस के बड़े नेता थे। उनकी दोस्ती सभी पार्टियों से थी, लेकिन वे कांग्रेस के अटल और दृढ़ नेता थे।

## भारत-मालद्वीव में तनाव बढ़ने की आशंका

# भारत 15 मार्च तक सैनिक निकाले : मुइज्जू

**माले,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने आधिकारिक तौर पर भारत को अपने सैनिक हटाने के लिए 15 मार्च तक का समय दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए मालदीव के प्रेसिडेंट ऑफिस के प्रवक्ता अब्दुल्ला नजीम इब्राहिम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रह सकते। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी सरकार की यही नीति है। मालदीव के मीडिया ने वहां की सरकार के हवाले से बताया कि मालदीव में फिलहाल 88 भारतीय सैनिक मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच सैनिकों को हटाए जाने से जुड़ी बातचीत के लिए हाई-लेवल कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी से रविवार को मालदीव के विदेश मंत्रालय के साथ पहली बैठक की। इस मीटिंग में भारत के हाई कमिश्नर मुनू महावर भी मौजूद रहे। अभी तक विदेश मंत्रालय ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।



मालदीव में फिलहाल 88 भारतीय सैनिक मौजूद

# हैदराबाद में चीनी मांझे से गला कटने से सैनिक की मौत

**हैदराबाद,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। हैदराबाद में चीनी मांझे से गला कटने से सेना के एक जवान की मौत हो गई है। लैंगर हाउस में इंदिरा रेड्डी फ्लाईओवर पर शाम हुई इस घटना में दोपहिया वाहन चला रहे 30 वर्षीय नाइक कागीथला कोटेश्वर रेड्डी की मौत हो गई। बुरी तरह लहूलुहान सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। कोटेश्वर रेड्डी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले के पेद्दा वाल्तेरू के मूल निवासी थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।




■ इंदिरा रेड्डी फ्लाईओवर पर हुई घटना

## पर्यावरण — नए आंकड़ों के अनुसार पिछला वर्ष सबसे गर्म रहा

# भयानक दर से गर्म हो रहा हिंद महासागर

**नई दिल्ली, 14 जनवरी ( एजेंसियां )। नए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 को सबसे गर्म वर्ष माना गया है और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 2024 और भी बदतर हो सकता है। सूखे और बाढ़ से लेकर तीव्र तूफानों तक, दुनिया भर के देश पहले से ही जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। विज्ञान कहता है कि आज दुनिया को पहले से कहीं अधिक तत्काल तेजी से जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अपनाने की आवश्यकता है ।**

यहां बताया गया है कि इसका क्या मतलब है और हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं- जैसे-जैसे वैश्विक तापमान में वृद्धि जारी है, हम समुद्र के बढ़ते स्तर, मजबूत तूफान, बढ़ते सूखे, जंगल की आग और यहां तक कि अपने स्वास्थ्य को भी जोखिम में डालते हैं। पिछले एक दशक से साल-दर-साल बढ़ रहे महासागर के तापमान ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ दिया है, एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंसेज के एक अध्ययन में पाया गया है कि 2023 दुनिया के महासागरों के लिए एक रिकॉर्ड गर्म वर्ष था। वैज्ञानिकों का कहना है कि हालिया अवलोकनों से संकेत मिलता है कि उत्तरी हिंद महासागर में चक्रवात अब तेजी से तीव्रता दिखा रहे हैं, जो 30 डिग्री सेल्सियस से कहीं अधिक एसएसटी के जवाब में केवल 24 घंटों में 50 समुद्री मील से अधिक तीव्र हो रहे हैं, इसका प्रमुख कारण तेजी से बढ़ रही गर्मी है। 2000 के बाद से, उत्तरी हिंद महासागर में तेजी से तीव्र होने वाले चक्रवातों की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। उत्तरी हिंद महासागर में तीव्रता से गुजरने वाले चक्रवातों का प्रतिशत उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर में चक्रवातों की तुलना में अधिक (38 प्रतिशत) है, जहां यह दर 22 प्रतिशत है।



विशेषज्ञों ने कहा, इसका हो सकता है व्यापक असर

**चक्रवात मिचौंग ने 2023 में तबाही मचाई**

अल नीनो और समुद्र की सतह के बढ़ते तापमान के कारण तीव्र हुए चक्रवात मिचौंग ने 2023 में भारत में तबाही मचाई। दिसंबर में विनाशकारी तूफान के कारण चेन्नई और पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में अत्यधिक बारिश हुई। मानसून के बाद चक्रवाती मौसम का चरम महीना दिसंबर है, जहां अधिकांश चक्रवाती तूफान आमतौर पर तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ते हैं।

उल्टा पुल्टा

सोनू : यार मेरी बीवी गुस्सा बहुत करती है
मोनू : मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती,
सोनू : तुमने क्या इलाज किया ?
मोनू : एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज में भी बात नहीं करती।

# झुग्गियों को हटाकर सर्दी में लोगों को बेघर करना चाहती है सरकार : आतिशी

## केंद्र के खिलाफ घर बचाओ भाजपा हटाओ अभियान किया शुरू



- भाजपा की इस नीति के खिलाफ यदि कोर्ट भी जाना पड़ा तो जाएंगे
- 21 जनवरी को भाजपा मुख्यालय पर झुग्गियां हटाने के विरोध में प्रदर्शन भी करेंगे आप कार्यकर्ता

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ घर बचाओ भाजपा हटाओ अभियान शुरू किया। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज और मंत्री आतिशी ने पहले दिन अभियान की शुरुआत की। मंत्रियों ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी है। केंद्र की भाजपा सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर झुग्गियों को हटाकर कड़ी सर्दी में लोगों को बेघर करना चाहती है। भाजपा की इस नीति के खिलाफ यदि कोर्ट भी जाना पड़ा तो जाएंगे।

आम आदमी पार्टी का घर बचाओ भाजपा हटाओ अभियान 21 जनवरी तक चलेगा। 21 जनवरी को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा मुख्यालय पर झुग्गियां हटाने के विरोध में प्रदर्शन भी करेंगे। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने रविवार को बीआर कैम्प, जेजे कॉलोनी के लोगों से मुलाकात की। आतिशी ने कहा कि भाजपा का झूठ जहां झुग्गी वहां मकान की सच्चाई ये है कि अब झुग्गीवासियों को रोज अपना घर खोने के खौफ में जीना पड़ता है। बदले में ना कोई समय दिया गया और ना ही मकान मिला है। इससे लोग परेशान हैं। लोगों ने एक स्वर में कहा कि बीआर कैम्प हमारा घर है। हम इसे नहीं छोड़ना चाहते हैं। हमें इसी जगह घर चाहिए।

आतिशी ने कहा कि चाहे बुलडोजर के सामने खुद खड़ा होना पड़े या सुप्रीम कोर्ट जाकर स्टे आर्डर की मांग करनी पड़े, आम आदमी पार्टी इनके साथ खड़े होकर इनके हक की लड़ाई लड़ेगी। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सफदरजंग स्थित जेजे टेंपल के पास झुग्गियों में रह रहे लोगों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि किसी भी हाल में उनकी झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे। उन्हें बेघर नहीं होने देंगे।

### दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी की कार्रवाई से जनता में आक्रोश

आतिशी ने कहा कि ये भाजपा शासित केंद्र सरकार की झुग्गीवासियों के घर उजाड़ने की साजिश है। दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों ने आकर यहां नोटिस लगा दिया है। चेतावनी दी गई है कि सबके घर पर बुलडोजर चलाएंगे। जिन लोगों को किस्मत से मकान मिला है। उन्हें इलाके से 50 किमी दूर भेज देंगे। इससे बेबस जनता में आक्रोश है।

# मकर संक्रांति पर वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान




**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। मकर संक्रान्ति के अवसर पर पूर्व महापौर जय प्रकाश ने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन, विजय गोयल, जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, अरविन्द गर्ग सदर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष पूर्व अध्यक्षों तथा समाज के सभी प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर जय प्रकाश ने कहा की हमें हमेशा अपने बड़ों का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि वरिष्ठ लोगों ने हमेशा समाज का मार्गदर्शन किया है। परिवार या व्यापार में जब भी संकट आता है बड़ों की सलाह से समाधान निकल जाता है वरिष्ठजनों को सम्मानित कर में अपने आप में गर्व महसूस कर रहा हूं। विजय गोयल पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सभी बुजुर्गों को शाल पहना कर सम्मानित किया और कहा कि हमारे जीवन मे वरिष्ठ जन का महत्वपूर्ण स्थान है अपने से बड़े हमेशा संस्कार देने का कार्य करते हैं। डाक्टर हर्ष वर्धन पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे त्योहार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं आओ हम सब मिलकर तीज त्योहार के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास करें। कार्यक्रम में आए समाज के सभी प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और पूर्व महापौर जय प्रकाश के प्रयास की सराहना की जो पिछले 10 वर्षों से लगातार ये कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

# श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में गंगोत्री गोमुख का जल भी हो उपयोग : डॉ. अरोड़ा

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देश भर से हिंदू श्रद्धालु प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में योगदान देने के लिए अपने अपने तरीके से प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र गंगोत्री गोमुख से लाया पवित्र गंगाजल लेकर अयोध्या जाएंगे और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपेंगे। इस बारे में डॉ. अरोड़ा गंगापुत्र ने कहा कि अयोध्या में अपने जन्मस्थान पर प्रभु श्रीराम विराजने जा रहे हैं, इससे हम अत्यंत आह्लादित हैं और हम चाहते हैं कि जब गर्भगृह में प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही हो, तब गंगोत्री से लाए इस पवित्र गंगाजल का उपयोग किया जाए। इस पवित्र इच्छा से हम अयोध्या जा रहे हैं और वहां जाकर यह पवित्र गंगाजल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय जी को सौंपेंगे, ताकि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हमारे द्वारा लाए गंगाजल का उपयोग हो सके। प्रभु श्रीराम की सेवा में अर्पित करने का हमारा यह छोटा-सा प्रयास है। गंगापुत्र ने कहा कि जून 2023 में हरिद्वार ब्रह्मकुण्ड से लाए 108 कलश पवित्र गंगाजल अयोध्या ले जाकर हमने इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के 108 स्वयंसेवियों के



साथ श्रीराम मंदिर नर्माण कार्य में समर्पित किया था। तब हमें इसके लिए विशेष अनुमति मिली थी मंदिर प्रशासन से। हमने वहां श्रीराम मंदिर निर्माण परिसर में पवित्र गंगाजल को समर्पित किया था। उसी श्रद्धा से हम आज भी अयोध्या जा रहे हैं गोमुख का गंगाजल समर्पित करने, चूंकि 22 जनवरी को तो प्रधानमंत्री जी ने ही आने से मना किया है। इसलिए 22 जनवरी को हम दिल्ली की सेवा बस्ती में स्थित 108 मन्दिरो में दीप प्रज्वलित करेगें।

## सार संक्षेप

### आईएचआरसीसीसी ने श्री राम मंदिर निर्माण धन्यवाद कार्यक्रम मनाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर इंटरनेशनल हुमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल काउंसिल के चीफ़ डॉक्टर वीपी सिंह ने श्री राम मंदिर निर्माण के लिए मोदी सरकार और योगी सरकार के लिए एक धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे बड़ी संख्या में लोग पंहुचे। भगवान श्री राम के नारों और भजनों के उद्घोधन के साथ। भगवान राम दरबार की आरती भी की गई। इस मौके पर डॉक्टर वीपी सिंह ने अपनी संस्था के लोगों के साथ रामचरित मानस और सुंदर कांड पाठ की प्रतियां भी भेंट की इस मौके पर डॉक्टर वीपी सिंह ने कहा की आज हम लोग दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक भव्य कार्यक्रम के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस और तमाम उन शहीदों व रामभक्तो का धन्यवाद करना चाहता हूं जिनकी वजह से देश में भगवान श्री राम का अयोध्या धाम में भव्य मंदिर बनने जा रहा है। हमारे और हमारी संस्था के लिए यह एक बहुत ही खास पल है और हम लोग इस मौके पर कहना चाहते हैं की ये ऐतिहासिक पल न सिर्फ हम सभी के लिए गौरव का क्षण है बल्कि इससे देश में एक नया ऊर्जा का संचार भी होगा। भगवान श्री राम हमेशा से ही हमारे देश के लिए न सिर्फ गौरव का विषय रहे हैं बल्कि प्राचीन समय से लोगो को धर्म, संस्कृति, और सामाजिकता की शिक्षा भी देते आ रहे है।

### प्राण प्रतिष्ठा को घर-घर तक पहुंचाने का लें प्रण : रामदास मलिक

**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिल्ली के हर घर और हर जन तक पहुंचाने का प्रण लिया है भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के वरिष्ठ नेता व व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक रामदास मलिक ने। अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने रथों के माध्यम से इसे जन जन तक पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है। पूरी दिल्ली में 22 जनवरी तक यह रथ घूमेगा और लोगों को रामलला के पावन प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रेरित करेगा। रामदास मलिक का कहना है कि लगभग 10 रथ दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जाकर भ्रमण करेगा और लोगों को 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को उत्सव के तौर पर मनाने अपने घरों और मंदिरों में दीपक जलाकर और रंगोली बनाकर सजाने के लिए जागृत करने का कार्य करेगा। हमारे पूर्वजों ने 500 वर्षों से भी अधिक समय से संघर्ष किया है, कई लाख हुतात्माओं ने अपने प्राणों की आहुति दे दी, आज उनके पुण्य प्रताप से ही हम लोगों को सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि हम लोग आज राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में सहभागी बन रहे हैं।

**Public Notice**

I, Smt. Jamuna w/o Shri Prabhakaran resident of 602-D/19-F,UGF, No1, Park view Apartment, Ward No. 3. Mehrauli, New Delhi-30, do hereby solemnly of firm and declares That my daughter's actual and correct name is AKSHITA SHARMA.Wrongly mentioned my daughter's name, her birth certificate records by mistake written no AKSHITA PRABHAKARAN.That AKSHITA SHARMA & AKSHITA PRABHAKARAN is one and the same person.

# हिन्दू देवी-देवताओं पर गलत व अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : विष्णु प्रसाद बराल

## प्रदर्शनकारियों ने जंतर-मंतर पर किया धरना प्रदर्शन



**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। नेपाल हिंदू राष्ट्र पुनर्स्थापना मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु प्रसाद बराल के नेतृत्व में प्रदर्शनकारीयों ने हिंदू बचाओ और हिंदू राष्ट्र लाओ, नेपाल बचाओ मुहिम के साथ जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर विष्णु प्रसाद बराल ने संबोधन करते हुए कहा कि यह सबसे बड़ी दुर्भाग्य है देश में जिस तरीके से एक सांस्कृतिक और पर्यटक मंत्री रहते हुए और हिंदुत्व का वोट लेते हुए इन्होंने अपना नाम शुभम कीर्ति हिंदुत्व के नाम रखकर खुद ही इसाई बनकर देश को सारे हिंदुत्व को हम लोग जेल के अंदर डालेंगे इस तरीका का टीका टिप्पणियां से और देवी देवता का जन्म स्थल के ऊपर इस तरीके का स्वीकार नहीं है और उनके प्रधानमंत्री स्वयं उनका इशारा-इशारा में आगे बढ़ावा दे रहे हैं जो कि यह हिंदुत्व के देश में हिंदू तक वोट बैंक बनाकर और हिंदुत्व विरोध करना यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है जिसके कारण आज देश में तनाव का माहौल पैदा हो सकता है और आपसी द्वेष हो सकता है देश में बहुत बड़े आंदोलन हो सकते हैं जिस तरीके से लोग हिंदुत्व का ऊपर आक्रमण व प्रहार करते जा रहे हैं और भाषण से जनता को जेल डालने की बात कर रहे हैं।

वह खुद ही हिंदुत्व में जन्म लेकर इसाई बना हुआ है यह कितना बड़ा संस्कार का दुरुपयोग कर रहा है और ऐसे व्यक्तित्व को मंत्री बनाना और लोकतंत्र का धज्जियां उड़ाना और देश का मान सम्मान को ठेस पहुंचाना अंतरराष्ट्रीय लेवल में हिंदुत्व के का अपमान हो रहा है, इनके ऊपर अभी कार्रवाई करेंगे अभी हम इसके ऊपर और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दल के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को लेकर जाएंगे।




नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के चलते इंडिया गेट स्थित कर्तव्य पथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। फोटो इम्तियाज खान

# रवींद्र कुमार गुप्ता की कॉफी टेबल बुक की लॉन्चिंग

## आरकेजी आर्ट गैलरी में हुआ आयोजन

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। आरकेजी कला एवं संस्कृति केंद्र में 75वीं प्रदर्शनी थ्रू द लेंस ऑफ आरकेजी जिसमें रवीन्द्र कुमार गुप्ता आरकेजी शामिल रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में कमर्शियल और ट्रैवल फोटोग्राफर आदित्य आर्य, उप राजदूत ऑस्ट्रिया गिसेला क्रिस्टोफरित्च, एंकर, लेखक और फिल्म निर्माता रमा पांडे और नरेश करुपिया निदेशक कला और संस्कृति द ललित विशिष्ट अथिति मौजूद रहे, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आरकेजी हमें एक रचनात्मक यात्रा पर ले जाता है कि कैसे उनकी तस्वीरें विभिन्न माध्यमों में जीवंत होती हैं, विभिन्न रूपों में रचनात्मकता का प्रदर्शन तस्वीरों के माध्यम से करती हैं। कुछ बात इसे और भी खास बनाती है वह यह है कि सभी तस्वीरों और रचनात्मक उत्पादों का उद्देश्य भारत के ऐतिहासिक स्मारकों, यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देना है।




# पुलिस मुठभेड़ के बाद कुख्यात गैंगस्टर गिरफ्तार



- राजस्थान में दर्ज हत्या के एक मामले में था वांछित

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुठभेड़ के बाद काला जठेड़ी-राजू बसोदी गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह राजस्थान में दर्ज हत्या के एक मामले में वांछित था। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरियाणा में रोहतक जिले के निवासी विक्की उर्फ कारतूश (29) के रूप में हुई है। विक्की हत्या, जबरन वसूली आदि सहित कई जघन्य मामलों में वांछित था। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि विशेष सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी विक्की जघन्य अपराध करने के लिए छावला ड्रेन के रास्ते द्वारका जाएगा। यह भी देखा गया कि विक्की हमेशा हथियार रखता है और पुलिस टीमों पर हमला करने या गोली चलाने से नहीं हिचकिचाता था। अधिकारी ने कहा कि टीम ने खुद को दिल्ली के छावला ड्रेन रोड के पास तैनात किया और चेकिंग शुरू कर दी। टीम ने रविवार को लगभग 2:45 बजे छावला ड्रेन रोड से आ रही एक बाइक को रोकने का इशारा किया। हालंकि, भागने की कोशिश में बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और बाइक एक मोड़ पर फिसलकर गिर गई। आत्मसमर्पण करने के आदेश के बावजूद आरोपी ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायरिंग की।

आत्मरक्षा में, पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की। यह भी पता चला कि विक्की ने प्रॉपर्टी डीलरों से पैसे वसूलने के लिए दो शूटर कार्तिक और प्रदीप को काम पर रखा था। 7 नवंबर 2023 को उनके निर्देशों का पालन करते हुए, कार्तिक और प्रदीप ने दिनेश कराला के निर्देश पर दिल्ली के उत्तम नगर के ओम विहार इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर पर गोली चला दी, और कार्यालय में हाथ से लिखा एक पत्र छोड़ दिया।

### अवैध हथियारों व गोला-बारूद किए बरामद

पुलिस ने आरोपी को उसके अवैध हथियारों और गोला-बारूद के साथ पकड़ लिया। विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने आगे कहा कि पूछताछ के दौरान, विक्की ने खुलासा किया कि 2018 में वह हरियाणा के सोनीपत में एक हत्या के मामले में जमानत पर रिहा हुआ था। इसके बाद फाइनेंसर के रूप में काम करना शुरू कर दिया। उसका अपने गांव के ही कुछ लोगों से झगड़ा था, जिन्होंने उसके बचपन के दोस्त की हत्या कर दी थी। साल 2022 में वह अनिल छिप्पी-काला जठेड़ी-राजू बसोदी गिरोह में शामिल हो गया था। उसे अनुबंध के आधार पर दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में जबरन वसूली गतिविधियों के अलावा शूटर उपलब्ध कराने का काम सौंपा गया था।

**पर्व** *इस्कॉन द्वारका में मकर संक्रांति उत्सव की धूम*

# हरिनाम का कीर्तन कर प्रसाद का किया वितरण

- मंदिर प्रांगण में रंगोली व पतंगें सजाई जाएंगी
- दो सौ से भी अधिक केंद्रों पर खिचड़ी प्रसाद वितरण का लखा लक्ष्य

नई दिल्ली, 14 जनवरी (देशबन्धु)। मकर संक्रांति यानी जब सूर्य देव उत्तरायण में प्रवेश करते हैं। इस दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इसी दिन से देवों के नए साल का आरंभ भी कहा जाता है। इसी खुशी में वे पृथ्वी पर भी खुशियां बांटते हैं, सुख-समृद्धि देते हैं ताकि लोगों का जीवन खुशहाल बना रहे। इस शुभ दिन की शुरुआत लोग खुशियां मनाकर और अच्छे कामों से करते हैं। इस दिन खिचड़ी और तिल मिष्ठान्नों का आदान-प्रदान भी किया जाता है। इस उपलक्ष्य में इस्कॉन द्वारका, दिल्ली की ओर से 14 एवं 15 जनवरी को दो दिवसीय 'मकर संक्रांति उत्सव' मनाया जा रहा है। उत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को शाम 7 बजे बोनफायर हुआ, दो घंटे तक।

दो घंटे तक लगातार हरिनाम कीर्तन हुआ और प्रसाद के रूप में गज्जक और रेवड़ी वितरित की गई। 15 जनवरी को प्रात:काल से ही मंदिर प्रांगण में रंगोली बनाई जाएगी, जिसमें सभी भक्तगण सहयोग कर सकते हैं। पतंगें भी सजाई जाएंगी। साथ ही स्पेशल आरती थाली की व्यवस्था होगी। इस्कॉन द्वारका ने दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली के लगभग 200 से भी अधिक केंद्रों पर खिचड़ी प्रसाद वितरण का भी लक्ष्य रखा है।



इनमें नजफगढ़, उत्तम नगर, जनकपुरी, हरि नगर, सागरपुर, महावीर एंकलेव, विश्वास पार्क, मोहन गार्डन एवं द्वारका क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटी, पार्क, गली-मुहल्ले एवं बाजार शामिल हैं। इस विशेष अवसर पर भक्तों को श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश इस्कॉन मंदिर में आकर विशेष आरती पूजा का भी मौका मिलेगा। अपने क्षेत्र या सोसाइटी में खिचड़ी प्रसाद वितरित करने के इच्छुक भक्त भी इस्कॉन द्वारका से संपर्क कर सकते हैं। मकर संक्रांति के महत्व के बारे में श्रीमद्भगवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी उत्तरायण काल की महिमा का वर्णन किया है। विशेष बात यह भी है कि जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें देखने से आंखों का तेज बढ़ता है और भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों रूप से कृपा मिलती है। इन दिन पतंग उड़ाकर सूर्य देव का स्वागत किया जाता है। कई प्रांतों में इसे 'पतंग उत्सव' के रूप में भी मनाते हैं।

# किंग रिसर्च एकेडमी ने किया मार्केट मंथन का आयोजन

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली में किंग रिसर्च एकेडमी की ओर से बाजार मंथन-2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के दिग्गज निवेशकों और व्यापारियों के साथ ही 800 से ज्यादा लोगों ने हिसा लिया। किंग रिसर्च अकेडमी की ओर से अयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो में शेयर मार्केट को लेकर जागृति फैलाना रहा। दिल्ली के एनसीयूआई ऑडिटोरियम में हुए इस इवेंट को लेकर किंग रिसर्च एकेडमी के संस्थापक और सेबी रजिस्टर्ड रिसर्च एनालिस्ट हरिंदर साहू की ओर से बताया गया कि शेयर मार्केट को लेकर लोगों के मन में कन्फ्यूजन बनी रहती है। मार्केट मंथन के जरिए ये प्रयास किया गया है कि शेयर मार्केट में रुचि रखने वाले लोगों की परेशानियों को दूर किया जाए। शेयर मार्केट में लोग बिना सोचे समझे पैसा तो लगा देते हैं, जिन्हे बाद में नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे लोगों की गलतियों को सुधारना और उन्हें सही दिशा देने में मार्केट मंथन जैसा इवेंट काफी अहम भूमिका निभा सकते हैं।




- देश भर से 800 से ज्यादा लोगों ने लिया हिस्सा, बड़े निवेशक भी हुए शामिल

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन ट्रिपल पी मोडल पर जे एस एनवाईरो कंपनी द्वारा स्थापित किया गया है। जिसके लिए जीडीए द्वारा 2000 वर्गमी भूमि उपलब्ध कराई गई है और इस स्टेशन का निर्माण, संचालन जे एस एनवाईरो द्वारा ही किया जाएगा व 3 ट्रांसफर मशीन 5 कैप्सूल लगाए गए है। कार्य मे नगर निगम द्वारा कोई धनराशि नहीं लगाई गई है।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

## शहर के निवासियों को मिलेगी कूड़े से निजात : विक्रमादित्य





**गाजियाबाद,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को मधुबन बापूधाम गोविंदपुरम में पी पी पी मॉडल पर 200 टी पी डी की क्षमता के कूड़ा ट्रासंफर स्टेशन एवं रेत मंडी नंदग्राम में 200 टीपीडी की क्षमता के एम आर एफ सेंटर का उद्घाटन किया। गोविंदपुरम स्थित ट्रांसफर स्टेशन में

- **200 टीपीडी के ट्रांसफर स्टेशन व 200 टीपीडी के एम आरएफ सेंटर का महापौर ने किया लोकार्पण**
- **महापौर व नगर आयुक्त ने कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन में बैठकर पी चाय**

महापौर, नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी ने चाय नाश्ता किया और बदबू बिल्कुल नहीं आई।

महापौर ने कि ट्रांसफर स्टेशन के बनाये जाने से कविनगर में पड़ रहे जगह जगह कूड़ा एवं डोर टू डोर कूड़ा किसी वार्ड के स्थान पर न डालकर सीधा स्टेशन पर जाएगा। धर्म कांटे पर भार तोल होगा उसके उपरांत वहां से कैप्सूल में खाली होकर प्रॉसेस के लिए जाएगा। इसी प्रकार एम आर एफ सेंटर से भी कूड़े से कंपोस्ट व सेग्रिगेट कर कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। जिससे शहरवासियों को कूड़े की सामस्य के छुटकारा मिलेगा और कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया के लोगो की शिकायत खत्म करने के लिए डायमंड फ्लाईओवर के नीचे कूड़ा घर एवं अन्य डलवा घर समाप्त भी होंगे।

इस अवसर पर नगर आयुक्त ने बताया कि कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन ट्रिपल पी मोडल पर जे एस एनवाईरो कंपनी द्वारा स्थापित किया गया है। जिसके लिए जीडीए द्वारा 2000 वर्गमी भूमि उपलब्ध कराई गई है और इस स्टेशन का निर्माण, संचालन जे एस एनवाईरो द्वारा ही किया जाएगा व 3 ट्रांसफर मशीन 5 कैप्सूल लगाए गए है। कार्य मे नगर निगम द्वारा कोई धनराशि नहीं लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि निगम ने रेत मंडी नंदग्राम में 200 टीपीडी की छमता के एम आर एफ सेंटर स्थापित किया गया है जिसके लिए भूमि नगर निगम ने दी है। सेंटर का निर्माण इंडियन पॉल्यूशन कन्ट्रोल एसोसिएशन एनजीओ ने एसबीआई सी एस आर के माध्यम से स्थापित किया गया है। जिसका प्रोजेक्ट 3 वर्ष के लिए होगा और बाकी सभी संचालन व अनुरक्षण कंपनी द्वारा किया जाएगा, यह कंपनी 4 ओ डब्लू सी मशीन लगाएगी। जिससे गीले कूड़े से कंपोस्ट बनाया जाएगा और सूखे कूड़े के लिए कवरण बेल्ट लगाकर ट्रोमल्स के माध्यम से सेग्रिगेट की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही वेस्ट प्लास्टिक से गमले, बैंच, सर्विंग प्लेट्स, बच्चों की पढ़ाई हेतु दफ़्ती, पेंसिल बॉक्स, एवं अन्य सामग्री बनाई जाएंगी और शहर में अनेकों स्थान पर प्रयोग किया जाएगा।

## नगर निगम ने शुरू किया स्वच्छ तीर्थ महा सफाई अभियान

**गाजियाबाद,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत स्वच्छ तीर्थ महा सफाई अभियान की शुरुआत रविवार हो गई है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की अधिकारी टीम के साथ धार्मिक स्थलों, सड़कों, पार्को, बाजरो, कार्यालयो व सार्वजनिक स्थलों को पूर्णत: स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि यह अभियान 14 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा जिसमें निगम अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। मोहन नगर जोन कवि नगर जोन तथा विजयनगर जोन में विशेष सफाई अभियान देखने को मिला जिसके क्रम में मुख्य मार्गो धार्मिक स्थलों तथा कार्यालय की विशेष सफाई की गई क्षेत्रीय पार्षदों ने भी अभियान में हिस्सा लिया साथ ही आसपास के क्षेत्र वासियों को भी सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान को सफल बनाया, जोनल प्रभारी की देखरेख में सफाई मित्रों तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जन सहयोग से शहर में प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा धूल मुक्त अभियान चलाया, कई एनजीओ ने भी निगम का सहयोग किया। उधर वृहद/स्वच्छता/अभियान के अन्तर्गत



- **जनप्रतिनिधि व निगम अधिकारी हुए शामिल**
- **महोत्सव के रूप में जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए चलाएं स्वच्छ तीर्थ अभियान : नगर आयुक्त**

विधायक सहिबाबाद, पुलिस उपायुक्त ट्रान्स हिंडन, एसीपी साहिबाबाद व पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर साहिबाबाद में स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया।

## शिकायतों के निवारण के लिए बिजली उपभोक्ताओं का कराया जाएगा जीआईएस सर्वे

**नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। जिले के सभी बिजली उपभोक्ताओं का जीआईएस सर्वे कराया जाएगा। इसके तहत बिजली उपभोक्ता की लोकेशन दर्ज की जाएगी। सभी लोकेशन विद्युत निगम के साफ्टवेयर में अपलोड की जाएंगी। इसके बाद उपभोक्ताओं की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो सकेगी।

विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार नोएडा में स्मार्ट सिटी की तर्ज पर कार्य किए जा रहे हैं। अभी तक लगभग सभी बिजली उपकेंद्र, ट्रांसफार्मर और बिजली खंभों का जीआईएस सर्वे कराया जा चुका है। अब बिजली उपभोक्ताओं का भी जीआईएस सर्वे कराया जाएगा। यह सभी डाटा विद्युत निगम के साफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। इसके लिए सेक्टर-58 डीआर सेंटर में इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक पर स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का कंट्रोल भी बनाया जा रहा है। इसको विद्युत निगम के अभियंताओं के कंप्यूटर सिस्टम से भी लिंक किया जाएगा। ताकि अभियंता अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं और बिजली ढांचे पर नजर रख सकें।

## सार संक्षेप

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन

**बुलंदशहर।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्लोक कुमार द्वारा



स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन प्रांगण में वृहद स्तर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया तथा रिजर्व पुलिस लाइन मे स्थित विभिन्न शाखा/कार्यालयों में साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध डॉ. राकेश कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशन में 'स्वच्छता अभियान' के क्रम में जनपद के सभी थानों, पुलिस चौकियों में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा थाना कार्यालय, बैरक व परिसर में वृहद स्तर पर साफ-सफाई की गई।

### गाजियाबाद में ठंड के मद्देनजर 15 व 16 जनवरी को बंद रहेंगे स्कूल

**गाजियाबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए गाजियाबाद जिले में दो दिन के लिए स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन ने रविवार को 15 और 16 जनवरी को स्कूल बंद करने के आदेश हुए जारी किये हैं। इसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक सभी स्कूल बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यह आदेश जारी किए हैं।

### एसिड डालने की सूचना से हड़कंप

**नोएडा।** सेक्टर-39 निवासी राहुल ने शनिवार रात पीआरवी को सूचना दी कि उसकी पत्नी ने अपने ऊपर तेजाब डाल लिया है। इसके बाद राहुल ने मोबाइल बंद कर लिया। अंतिम लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम आननफानन में राहुल के पते पर पहुंची। वहां पता चला कि पत्नी से विवाद होने के बाद राहुल ने पुलिस को एसिड डालने की गलत सूचना दी थी। टीम जब वहां पहुंची तो कॉलर की पत्नी सकुशल मिली। उसने खुद के ऊपर तेजाब नहीं डाला था। घर में तेजाब मिला भी नहीं। पुलिस पति और पत्नी को समझा-बुझाकर वापस चली आई। करीब एक घंटे तक पुलिस मामले को लेकर परेशान रही।

### 15 वर्षीय किशोरी घर से हुई लापता

**नोएडा।** बरौला गांव में रहने वाली एक 15 वर्षीय किशोरी अपने घर से लापता हो गई है। इसको लेकर परिजनों ने सेक्टर 49 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में जितेंद्र सिंह ने बताया कि 12 जनवरी से उनकी 15 वर्षीय बेटी कहीं चली गई है। उसका फोन भी लगातार बंद आ रहा है। उन लोगों ने उसको काफी तलाश किया लेकिन वह उनको नहीं मिली। पीड़ित ने गांव के रहने वाले एक युवक पर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का संदेह जाहिर किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में महानगर में निकाला गया नगर कीर्तन

**गाजियाबाद,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। बजरिया गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने दशमेश पिता दसवें गुरु गोविंद सिंह महाराज जी का प्रकाश के उपलक्ष्य में रविवार को नगर कीर्तन



किया गया। इस मौके पर सभी धर्मों के लोगो ने शिरकत की और 21 कबूतर आजाद करके शांति का संदेश दिया। नगर कीर्तन की शुरुआत शांति के प्रतीक 21 कबूतर को आजाद करके शुरुआत की गई। गुरुद्वारा सिंह सभा की पूर्ण कमेटी के साथ राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोक त्यागी, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष चमन भाई के अलावा शहर काजी गिरजाघर से फादर जी नगर निगम के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, पार्षद शीतल देओल प्रदेश के महामंत्री रविंद्र चौहान मनजीत सिंह सेठी, समाजसेवी व रोज़बेल पब्लिक स्कूल के चैयरमेन सरदार जोगेंद्र सिंह बग्गू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

नगर कीर्तन में सबसे आगे नगाड़ा शहर 21 घोड़े पर सवार गुरु साहब की फौज दो ऊंट कई झांकियां कई जौहर दिखाने वाली कई गतका पार्टी अपना जोर दिखाते हुए चल रही थी। गुरु घर के सेवकों के द्वारा खाने के स्टॉल के द्वारा वेलकम किया जा रहा था सेवा की जा रही थी। सबको लंगर वितरित करके बहुत ही अलौकिक नजारा था पूरे नगर कीर्तन का सबसे पीछे हाजिर नजर पिता गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज पालकी में विराजमान थे। ग्रंथि की पूरे रूट पर प्रसाद वितरित

- **सभी धर्मों के लोगों ने की शिरकत, 21 कबूतर आजाद करके दिया शांति का संदेश**

करते हुए अपनी सेवा निभा रहे थे। शाम को यह नगर कीर्तन गांधीनगर में समापन हुआ।

मुख्य आयोजक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की पूर्ण कमेटी प्रधान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह साहब इंद्रजीत सिंह टीटू, चेयरमैन सरदार हरमीत सिंह, महामंत्री एसपी सिंह ओबेरॉय आदि का विशेष सहयोग रहा।

## प्रधानमंत्री के आवाह्न पर नोएडा के मंदिरों में जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

**नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर सभी कार्यकर्ता मंदिरों की सफाई अभियान में पूरे जोर शोर से लग गए हैं। इस क्रम में नोएडा भाजपा में भी सभी



वरिष्ठ एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों भी इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। इसी अभियान के चलते श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर 56 में राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नगर, जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 101 में राज्य सभा संसद एवं नोएडा प्रभारी कांता कर्दम, सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 में लोक सभा सांसद डॉ. महेश शर्मा, लाल मंदिर सेक्टर 2 में विधायक पंकज सिंह, सेक्टर 36 मंदिर में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, शिव मंदिर सेक्टर 34 नवाब सिंह नागर, शिव मंदिर सेक्टर 56 में विमला बाथम, शिवालिक मंदिर सेक्टर 36 में जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने साफ-सफाई की। मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर ने बताया कि ये अभियान 14 जनवरी से शुरू होकर 21 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद समाप्त होगा। इस अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी अपने हर मंडल में अपने आसपास के मंदिरों में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देगी। इस अभियान के चलते आज भी हर मंडल में कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया। महामंत्री उमेश त्यागी ने अपने गांव में मंदिर में सफाई की तो उपाध्यक्ष गिरजा सिंह ने अपने सेक्टर के मंदिर में इस अभियान में हिस्सा लिया। इस अभियान को ले कर सभी कार्यकर्ता बहुत उत्साहित है और हिस्सा ले रहे हैं।

## 2 फरवरी को नोएडा में होगा विश्व स्तरीय बर्ड फेस्टिवल

**नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। पक्षी एवं उनके आवास के संरक्षण के लिए वन विभाग और शीविंग्स फाउंडेशन की ओर से गौतमबुद्धनगर में 2 फरवरी को पक्षी महोत्सव मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत के लिए वन विभाग के अधिकारियों ने रविवार को नोएडा में लंबी बैठक कर रूप रेखा तैयार की। जिसमें शामिल हुए वन विभाग के गौतमबुद्ध नगर डीएफओ पीके श्रीवास्तव, फारेस्ट डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर सुनील चौधरी और शी विंग्स फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संभावित निमंत्रण दिया जा रहा है। बच्चों से लेकर बड़ों ने पक्षियों के इस मेले में अपनी सहभागिता के लिए रुचि दिखायी है। इस कार्यक्रम के उत्साह को बढ़ाने के लिए विभिन्न स्कूल और कॉलेज के बच्चों को भी बुलाया जायेगा। उन्हें बहुत सारी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका भी मिलेगा। इससे पहले शिविंग्स फाउंडेशन के साथ कई लोगों ने वेटलैंड बचाने को लेकर संकल्प भी लिया और पक्षियों के संसार के बारे में जानकारी देने का प्रण लिया। किस बर्ड का क्या नाम है और उसकी क्या खासियत है यह सब जानकारी भी आपको यहां मिलेगी। देश की विभिन्न जगहों से पक्षी विशेषज्ञों, बॉलीवुड, मीडिया, पर्यावरण के बड़े चेहरे कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम को शोरशार से दूर प्रकृति के बीच सूरजपुर वेटलैंड में आयोजित किया जाएगा। बर्ड फेस्टिवल के आयोजन से



राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर सूरजपुर वेटलैंड को नई पहचान मिलेगी। क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। शिविंग्स फाउंडेशन की कई टीमों ने आज वन विभाग के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में इसकी रूपरेखा तैयार की। पक्षी प्रेमियों की ओर से पक्षियों की फोटो पेंटिंग लगाई जाएगी। साथ ही पक्षी विशेषज्ञों की अगुवाई में विभिन्न प्रांतों से आने वाले पक्षी प्रेमियों के साथ सभी लोग बर्ड वॉचिंग का लुफ्त उठा पाएंगे। पक्षी प्रेमियों को बर्ड वॉचिंग के साथ डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाया माना जा रहा है कि ये बर्ड फेस्टिवल में यूपी ही नहीं देश के कोने कोने से आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## डीएम की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ वेटरेंस-डे

**नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय की सभागार में जिला सैनिक कल्याण विभाग के माध्यम से रविवार को वेटरेन्स-डे का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा वीर नारियों, वीरता पुरस्कार विजेताओं एवं भूतपूर्व सैनिकों को गिफ्ट, शाल व मान्यता का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भारतीय सशस्त्र बलों के वेटरन्स से कहा कि आपकी सेवा, आपके साहस और सबसे बढ़कर हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में आपका बलिदान की सराहना करता हूं। भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आपकी बहादुरी और समर्पण, इसके आदर्श



इसकी सेवा सराहनीय है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल व वीर नारियां, वीरता पुरस्कार विजेता व भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितगण उपस्थित रहे।

## अयप्पा मंदिर में सात दिनों तक होगा रामायण का पाठ

**नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-62 स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में सात दिनों तक रामायण पाठ होगा। पाठ 16 से 22 जनवरी तक होगा। आखिरी दिन मंदिर को दीये से सजाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-128 विश टाउन में सवा लाख दीये जलाए जाएंगे। शहर के मंदिरों के अलावा सोसाइटियों में भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा, झांकी, सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जेपी विशटाउन में 22 जनवरी को सवा लाख दीये जलाए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों के अलावा शहर के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा, सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। अयप्पा मंदिर समिति की राजेश्वरी त्यागराजन ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 16 जनवरी के बाद से धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे। अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो न्याय मशाल यात्रा

**गाजियाबाद,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। महानगर कांग्रेस ने रविवार की शाम को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश अपने पूरे जिले तथा शहर में देने के लिए भारत जोड़ो न्याय मशाल यात्रा



- **भाईचारा ही देश का विकास है : लोकेश चौधरी**

का आयोजन किया गया। यात्रा मालीवाडा चौक से प्रारंभ करके कुरैशी मार्केट, नेहरू नगर, गाजियाबाद पब्लिक स्कूल, बसंत सिनेमा चौक, मालीवाडा, प्राणगढ़ी, दीनागढ़ी, लोहिया नगर, लालक्वाटर, होते हुए गांधी पार्क पर समापन किया गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। हर तरफ अराजकता का माहौल है। देश की 60 प्रतिशत जनता दो समय के खाने के लिए रोटी का इन्तजाम मुश्किल से कर पा रही है। ऐसे में हमारे नेता जननायक राहुल गांधी जी ने पूर्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 4000 किमी की पदयात्रा करने के बाद आज से मणिपुर से मुम्बई तक की लगभग 7000 किमी की यात्रा शुरू की है। इस यात्रा में श्री राहुल गांधी देश के करोड़ो लोगों से सीधे संपर्क करेंगे। यह यात्रा बहुत बड़ा राजनैतिक बदलाव लाएगी और इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से इन्डिया गठबन्धन की केन्द्र में सरकार बनेगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुशांत गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की यह यात्रा महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार अन्याय से त्रस्त देश की जनता को इन समस्याओं से मुक्ती और न्याय दिलाने के लिए एक संघर्ष यात्रा है। मणिपुर में पिछले लगभग आठ महिनो चल रही मारकाट, अराजकता और महिलाओ पर हो रहे अत्याचार यहां तक की उन्हें निर्वस्त्र करके घुमाने पर भी देश के प्रधानमन्त्री का मौन यह साफ दर्शाता है कि उनकी मानवीय संवेदनायें बिल्कुल खत्म हो चुकी है। ऐसे संवेदना विहीन व्यक्ति को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बने रहना उचित नहीं है। राहुल गांधी की यह लगभग 7000 किमी की यह यात्रा करोड़ों लोगों से सीधा संवाद शीघ्र ही होने वाले लोकसभा चुनाव में केंद्र से भाजपा की जनविरोधी सरकार को उखाड फैंकेगी और देश में इन्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी जो लोगों को महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार से मुक्ती दिलाने के लिए कार्य करेगी।

यात्रा में ओमदत्त गुप्ता, कमलेश कुमार, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, डॉ. रत्ना नारायण पांडे, बाबूराम शर्मा, कासिम प्रधान, आशुतोष गुप्ता, बलराज सिंह चावडा, इस्माइल खान, अमित गौड, राजीव गुप्ता, रिजवान मालिक, मनोज शर्मा, खुर्शीद खान, बी के शिशोदिया, सुनील भारती, रियाज अहमद, महेंद्र गौतम, विक्रांत चौधरी, सविता जैसवाल नसीम खान, कुलभूषण मोनू, शहजाद मिर्जा बेग, रितेश कसाना अविनाश मेहता, अलीमुद्दीन अब्बासी बल्लू कुरैशी निजामुद्दीन आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ने कोठारी बन्धुओं को दी श्रृद्धांजलि व सत्याग्रही सेवकों का किया सम्मान

**गाजियाबाद,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा महानगर इकाई ने रविवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा मुख्यालय पर राम मंदिर की विजय यात्रा के उपलक्ष में कोठारी बंधुओं के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सभी भाजपाइयों के बीच मुंबई से चलकर कोठारी बंधुओं की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गाजियाबाद पहुंची। उनका पुष्प वर्षा करके स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर वह भावुक हो गई। उन्होंने अपने भाई व अन्य शहीद हुए कार सेवकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मेरे भाई तन मन धन के संकल्प के साथ आगे बढ़े। वैसे तो भारत देश का बच्चा-बच्चा राम के नाम का है। मेरे भाई रामकाज के लिए शहीद हुए जिसका मुझे गर्व है। मेरे पिता मेरी मां ने तो ये कहा मेरे दो ही बेटे थे। तीसरा भी होता तो उसे भी राम काज में समर्पित कर देती। मैं भी उनकी बहन होकर ही एक पहचान के रूप में आपके समक्ष खड़ी हूं। उन्होंने कहा मैंने दो को खोया लाखो को पाया। नवनिर्मित श्री राम मंदिर के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह मंदिर सिर्फ मंदिर नहीं ये राष्ट्र निर्माण का मंदिर है। राम सेवक सत्याग्रहियों का अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कोठारी बंधु की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी का शाल उड़ाकर माला बनाकर सम्मान अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात 60 से अधिक ऐसे सत्याग्रहियों का अभिनंदन किया गया। जो आंदोलन के दौरान जेल गए थे। जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, बलदेवराज शर्मा, स्व. जगुल किशोर (पूर्व पार्षद) सुपुत्र श्री जयकमल अग्रवाल, पूर्व सांसद डॉ.



- **मंदिर सिर्फ मंदिर नहीं ये राष्ट्र निर्माण का मंदिर है : पूर्णिमा कोठारी**

रमेश चंद तोमर, स्व. लाल बुद्ध प्रकाश गर्ग के सुपुत्र वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले, अरविंद चौधरी, विजय मेंदी वाले, स्व अंबा प्रसाद बंसल के सुपुत्र विजय बंसल, स्व.राजकुमार गोयल भट्टे वाले सुपुत्र दिनेश गोयल, महेश आहूजा, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी (पूर्व पार्षद) तेलूराम कंबोज (पूर्व महापौर), स्व. मुकेश त्यागी (पूर्व पार्षद) की पत्नी रेखा त्यागी, डॉ. एसएन मिश्रा सुपुत्र डॉ. अशोक मिश्रा, सुनील शर्मा (विधायक साहिबाबाद) उमेश गर्ग, प्रदीप चौहान राजीव शर्मा, स्व. श्याम सुंदर मल्होत्रा, सुपुत्र वीरेन्द्र मल्होत्रा, स्व. बुद्धदेव शर्मा सुपुत्र कमल किशोर शर्मा, राजेश पाल (पूर्व पार्षद), मदन लाल चड्डा, सुभाष नागी राजीव अग्रवाल, राम अवतार गुप्ता, स्व. रामगोपाल गर्ग सुपुत्र संजय गर्ग, पुष्पा गुप्ता गगन अरोरा, राकेश चावला, धर्मपाल, ओमप्रकश शास्त्री, अरविंद भारतीय, बुद्ध गोपाल, डॉ. केशव त्यागी, नवीन सिंघल, मनोज शर्मा, अमर दत्त शर्मा, राकेश दादू, अशोक भारतीय, नवीन सिंघल, नीरज चावला, राकेश चावला, प्रविण सिंघल, सुनील सिंघल, चन्द्रशेखर, राजीव गुप्ता, सुनील, पवन, स्व. भारत भूषण, कलुआ कश्यप, संजीव मित्तल, अश्विनी बत्रा, जय भगवान गर्ग, भोपाल यादव, स्व.ओमप्रकश जोशी (पूर्व पार्षद) सुपुत्र केवल जोशी, स्व. रूपलाल शर्मा एवं स्व. स्वदेशी कुमारी सुपुत्र धनश्याम शर्मा, स्व. मास्टर जयंती प्रसाद सुपुत्र डॉ0 अतुल गुप्ता, देशराज देसी, स्व. सुंदर भट्टे वाले, आशीष चौधरी, श्याम ब्रजमणि आदि का जनप्रतिनिधी गण, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण ने शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान अभिनंदन किया गया। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में राजयसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक अतुल गर्ग, एमएलसी दिनेश गोयल,पूर्व महापौर आशु वर्मा, निवर्तमान महापौर आशा शर्मा,पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, अनिल खेड़ा, राजेन्द्र त्यागी, अनिल स्वामी, पूर्व अध्यक्ष अरविंद भारतीय, पूर्व अध्यक्ष अशोक मोंगा जगदीश साधना, बलदेव राज शर्मा, सरदार एसपी सिंह,पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, धीरज शर्मा प्रदीप चौधरी, गिरीश अवस्थी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

उवाच “

मोदी के नेतृत्व में देश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में प्रदेश विकास कार्यों में आगे बढ़ रहा है। आज विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ा है मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले धारा 370 राम मंदिर का निर्वाण हम सभी की आस्था जिसका 500 बर्सो का इंतजार खत्म हुआ जिसका 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा जिसको सारा विश्व देखेगा और 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा।

**डॉक्टर महेश शर्मा**

# कैपिटल ज़ोन

## जिला मुख्यालय व कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रदेश सरकार के निर्देश पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गौतम बुद्ध नगर जिले में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में 14 जनवरी से 21 जनवरी

- **जिलाधिकारी ने कैंप कार्यालय में की सफाई, जिला मुख्यालय में चला स्वच्छता कार्यक्रम**
- **दादरी विधायक ने क्षेत्र के मंदिरों सफाई करके लोगों को किया प्रोत्साहित**

के मध्य जिले के सभी कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कार्यालयों के भीतर, कार्यालय परिसर तथा परिसर के आसपास कहीं भी कोई प्लास्टिक या गंदगी न रहे एवं सभी कार्यालय परिषद स्वच्छ एवं सुंदर दिखे। इसी के साथ जिले के मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने अपने विधान





सभा क्षेत्र के मंदिरों में झाड़ू लगाया। रविवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में कैंप कार्यालय परिसर नोएडा में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिलाधिकारी ने स्वयं झाड़ू लगाकर कैंप कार्यालय की सफाई की। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार व अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के भीतर विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें कलेक्ट्रेट परिसर के साथ-साथ विकास भवन व कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला पूर्ति कार्यालय, जिला मनोरंजन कर कार्यालय, जिला आबकारी कार्यालय, जिला समाज कल्याण कार्यालय, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, डूडा विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उपयुक्त उद्योग कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तथा अन्य विभागों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया गया, ताकि कोई भी प्लास्टिक या गंदगी कार्यालय में न रहे एवं सभी कार्यालय परिषद स्वच्छ एवं सुंदर दिखे। जिले की तीनों तहसीलों में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सभी तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले के कार्यालय भवनों, सरकारी इमारतों, स्कूल कॉलेज आदि में 22 से 26 जनवरी तक विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाए।

## नोएडा एयरपोर्ट जमीन अधिग्रहण को लेकर नित नई चुनौतियां

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट परियोजना के जमीन अधिग्रहण में नित नई चुनौतियां आ रही हैं। अधिग्रहण के प्रभावित गांवों में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दूसरे चरण की अधिग्रहण प्रक्रिया में आए गांवों के करीब 200 किसानों को नोटिस भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि ये निर्माण हटा ले, नहीं तो प्रशासन कार्रवाई करेगा।

- **अधिग्रहण से प्रभावित गांवों में चल रहा निर्माण कार्य, 200 किसानों को भेजा नोटिस**

जिला प्रशासन एयरपोर्ट परियोजना के दूसरे चरण के लिए जमीन अधिग्रहण कर रहा है। इस चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें 1181 हेक्टेयर जमीन किसानों की है। ये जमीन करौली बांगर, दयानतपुर, कुरैब, रनहेरा, मुढरह और वीरमपुर की है। बाकी जमीन सरकारी है। किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है। अब विस्थापन की प्रक्रिया होनी है। इसमें संपत्तियों का मुआवजा मिलता है। मकान के बदले जमीन मिलती है। विस्थापन से पहले किसानों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस तरह के निर्माण जमीन अधिग्रहण की लागत और बढ़ाएंगे।

जमीन अधिग्रहण में अगर धारा-11 का नोटिफिकेश जारी हो गया तो वहां पर निर्माण और खरीद फरोख्त नहीं हो सकती है। दूसरे चरण के लिए 18 नवम्बर 2022 को यह अधिसूचना जारी हुई थी। इसको देखते हुए प्रशासन ने 200 लोगों को नोटिस भेजा है। ये नोटिस रनहेरा, नगला जहानु आदि के अधिक हैं। नोटिस में कहा गया है कि किसान खुद निर्माण हटा लें। अगर नहीं हटाते हैं तो जिला प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा। इसका खर्च भी वसूल करेगा। साथ ही एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है।

## लोहड़ी व मकर संक्रांति त्योहार पर मेट्रो की मांग को लेकर प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासियों के द्वारा एक मूर्ति चौक जो कि पिछले 1 वर्ष से धरना स्थल के रूप में परिणत हो चुका है रविवार वहां इकट्ठे होकर सरकार एवं जनप्रतिनिधियों से मेट्रो सेवा जल्द शुरू करवाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।



जैसा कि पिछली मीटिंग में तय हुआ था की फरवरी के पहले सप्ताह में निवासियों के द्वारा जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन पुनः करने जाया जाएगा उसी कड़ी में 28 जनवरी को एक दिन का सांकेतिक भूख हड़ताल निवासियों के द्वारा किया जाएगा, ऐसा इस मेट्रो की मांग को लेकर आंदोलन कर रही सामाजिक संस्था नेफोवा फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक कुमार का कहना है।

आंदोलन की रणनीति बनाने वाले टीम के सदस्य रोहित मिश्रा का कहना है कि बिना पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं मेट्रो के उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गौतम बुद्ध नगर का यह क्षेत्र अधूरा है अतरू केंद्र सरकार जल्दी से जल्दी डीपीआर फाइनल करके टेंडर निकाले। प्रदर्शन में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अलग-अलग सोसाइटीज के निवासियों ने सम्मिलित होकर जल्द मेट्रो के काम को प्रारंभ करने की मांग की आवाज को बुलंद किया।

इसी के साथ रविवार प्रदर्शन में शामिल निवासियों ने धरना स्थल पर ही एक दूसरे का लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए मुंह मीठा किया एवं मेट्रो की मांग पूरी होने तक अनवरत प्रयास जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

प्रदर्शन में रविंद्र सिन्हा, दीपक गुप्ता, शैलेश कुमार सिंह, रंजना सिंह, पवन चौधरी, योगेश श्रीवास्तव, आर सी भट्ट, मनोज शर्मा,अनुराग खरे, अनिल रात्रा, एल डी शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, डॉ सुहैल खान एवं अन्य गणमान्य सदस्य शामिल हुए थे।

## स्प्रिंग फील्ड सोसाइटी में निकाली गई भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों

- **सोसाइटी के लोग शोभा यात्रा के दौरान राम जयश्रीराम का किया घोष**
- **अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान**

में उत्साह व उल्लास हर जगह को देखने को मिल रहा है, इसी कड़ी में रविवार को एसोटेक स्प्रिंग फील्ड सोसाइटी सेक्टर-जीटा-एकं श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई और मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सोसाइटी के लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष राज नागर व दादरी ब्लॉक प्रमुख बिजेन्द्र भाटी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सोसाइटी के लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत पटका पहनाकर स्वागत किया। श्रीराम शोभा यात्रा की शुरुआत मुख्य अतिथि ने किया। इस दौरान ढोल नगाडों के साथ महिलाएं बुजुर्ग बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। ढोल मजीरे को बजाते हुए लोगों में उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के नारे के साथ महिलाएं बच्चों ने खूब नृत्य किया। इस दौरान पूरा सोसाइटी





राम मय हो गया था, सभी अपने सिर में श्रीराम की टोपी पहनकर उत्साहित दिखे। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए अयोध्या में भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के साथ सरकार के विकास परक योजनाओं को लोगों के सामने रखा। इसी के साथ सोसाइटी के अंदर मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सफाई कर सफाई करने के लिए संदेश दिया। इसी के साथ 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोसाइटी के अंदर सुबह सुन्दर कांड का पाठ, हवन, गायत्री मंत्रोच्चारण व आरती का आयोजन किया जाएगा।



## दिनेश भाटी बने जय हो एक संस्था के अध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। जय हो एक सामाजिक संस्था की एक बैठक रविवार को पैरामाउंट गोलफोरेस्ट जीटा-2 में हुई, जिसकी अध्यक्षता संस्था के संरक्षक कपिल चौधरी और संचालन महासचिव परमानंद कौशिक ने किया। इस अवसर पर संस्था के वर्तमान अध्यक्ष संदीप भाटी ने दिनेश भाटी एडवोकेट को संस्था का नया अध्यक्ष मनोनित किए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसे संस्था के सभी सदस्यों के द्वारा करतल ध्वनि से सहमति प्रदान की और दिनेश भाटी को अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर फूल मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संदीप भाटी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जय हो सामाजिक संस्था ने सदैव जनसारोकारों के मुद्दों को अपनी प्राथमिकता में रखा है। जिसके तहत संस्था ने पूर्व में दादरी रेलवे ओवर ब्रिज की मांग के लिए आमरण अनशन, दादरी सरकारी अस्पताल में मेटरनिटी विंग की मांग के लिए अनशन, आर टी आई के माध्यम से भ्रष्टाचार का खुलासा, समेत गरीब, मजदूर व जरूरतमंदों की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। इस अवसर पर नव मनोनित अध्यक्ष दिनेश भाटी एडवोकेट ने कहा कि संस्था भविष्य में भी कभी जनसरोकार के मुद्दों से पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान संस्था के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट जमीन अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने रन्हेरा गांव में की महापंचायत

**जेवर,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को रन्हेरा स्थित शिव मंदिर में एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए होने वाले भूमि अधिगृहण से प्रभावित 14 गांवों के ग्रामीणों द्वारा महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें भूमि अधिगृहण व विस्थापन के खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया।

निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 14 गांव में चल रही भूमि अधिगृहण व विस्थापन की प्रक्रिया के विरोध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रन्हेरा गांव स्थित शिव मंदिर में पंचायत का आयोजन किया गयां जिसमें नीमका, खाजपुर, थोरा, चौरोली,



पारोही, वनवारीवास, दयानतपुर, रामनेर, साबौता, शिवारा आदि गांव के लोगों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता महेन्द्र फौजी नीमका व संचालन बृजपाल सिंह रन्हेरा ने किया। पंचायत में भाकियू टिकैत के पश्चिमी उप्र के अध्यक्ष पवन खटाना व प्रदेश प्रवक्ता राजीव मलिक ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए उनका साथ देने का वायदा किया। पंचायत में रन्हेरा में प्रशासन द्वारा अवैध निर्माणों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर आक्रोश व्यक्त किया गया तथा कार्रवाई का विरोध करने की घोषणा की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई पर ऐतराज जताते हुए कहा कि अगर प्राधिकरण द्वारा मुआवजे का वितरण चार वर्ष तक भी नहीं किया जाएगा तो क्या किसान अपने बच्चों की जरूरत के लिए आवास का निर्माण नहीं करेगा। रन्हेरा के ग्रामीणों ने भी किसी भी कीमत पर विस्थापन को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। वहीं सभी 14 गांव के किसानों ने भूमि अधिगृहण व विस्थापन के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस मौके पर रामशरण सिंह, विजयपाल सिंह, हरेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह, नानक बाबा, विपिन चौधरी, रामकुमार शर्मा, प्रभु नम्बरदार, पुष्पेन्द्र सिंह, नीरज कुमार, देवराज सिंह, अरूण कुमार, इन्द्र कुमार, राकेश सिंह, नरेश पाराशर व मनीष कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ठंड व कोहरे को देखते हुए नर्सरी से 8वीं तक के विद्यालय 16 तक बंद करने का आदेश जारी

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। कड़ाके की ठंड व कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन चल रहे सभी बोर्ड सीबीएसई, आईसीएसई व यूपी बोर्ड के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नर्ससी से कक्षा-8वीं तक के विद्यालय को 16 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। इस दौरान विद्यालय का स्टॉफ व कर्मचारी कार्यरत रहेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने कहा है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए।

## किसानों ने बिल्डर के कार्यालय का किया घेराव

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा (भू. अ.) के आह्वान पर ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर एक समान नीति और नए भूमि अधिग्रहण के लाभ दिए जाने की मांग को लेकर पिछले 93 दिन से रामगढ़ और बील अकबरपुर गांव में दिन,रात के धरने पर बैठे हुए। किसानों ने महापंचायत कर तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार अंसल बिल्डर व सर्वोत्तम बिल्डर कार्यालय का घेराव किया, शाम 5 बजे एसडीएम दादरी और एसीपी दादरी द्वारा मौके पर पहुंचकर



किसानों का ज्ञापन लेकर अगले 15 दिनों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी पक्षों की वार्ता कराने का भरोसा दिए जाने पर किसान माने, धरना जारी रहेगा।

## बुद्ध के अनुयायियों ने सेक्टर-37 में बौद्ध विहार का किया शिलान्यास

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। अखिल भारतीय मौर्य महासंघ के नेतृत्व में गौतम बुद्ध के वंशज शाक्य मौर्य सैनी कुशवाहा समाज ने सेक्टर-37 में एक हजार वर्ग मीटर के प्लॉट पर भव्य बुद्ध विहार के निर्माण के लिए मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मौर्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश कुमार कुशवाहा, उद्योगपति वीरेंद्र कुमार एवं इंदल मौर्य शामिल हुए। शिलान्यास समारोह में गुजरात प्रदेश से जगदीश मौर्य, रघुवीर मौर्य, छत्तीसगढ़ से अशोक सिंह कुशवाहा, अमेठी जनपद से बाबू लाल मौर्य, पंजाब प्रांत से सूरजमल मौर्य, महात्मा ज्योतिबा फूले ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीपल सैनी, कुशवाहा समाज दिल्ली समाज के अध्यक्ष बी.एल. कुशवाहा, अखिल भारतीय शाक्य समाज के राष्ट्रीय महामन्त्री श्याम बाबू शाक्य तथा समाज के प्रतिष्ठित सदस्य एस.डी. मौर्य, इंजी. पी.सी. कुशवाहा, आदि मौजूद रहे। जिले में बनने वाला यह पहला बुद्ध विहार है। यह पावन बुद्ध विहार ग्रेटर नॉएडा प्राधिकरण से प्लॉट आवंटित करवाकर भगवान गौतम बुद्ध के अनुयायियों के सहयोग से खरीदकर निर्मित किया जा रहा है।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## सांसद डॉ. महेश शर्मा ने विभिन्न सेक्टरों में लोगों की सुनी समस्याएं

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दादरी चोंना एनटीपीसी पंचकुला ग्रेटर नोएडा के विभिन्न अल्फा बीटा, गामा, हरमुख अपार्टमेंट साया जीयोन, गौर सिटी वन व्हाइट ऑर्चिड गौर सिटी टू पार्क एवेन्यू सोसाइटी सेक्टर के लोगों से सांसद डॉ. महेश शर्मा ने संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना और समस्याओं का समाधान कराया। डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में प्रदेश विकास कार्यों में आगे बढ़ रहा है। आज विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ा है मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले धारा 370 राम मंदिर का निर्वाण हम सभी की आस्था जिसका 500 बर्सो का इंतजार खत्म हुआ जिसका 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा जिसको सारा विश्व देखेगा और 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। उसके लिए देश में लोगों को जागरूक बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चल रही है और इससे सीधे सीधे जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थी को लाभ हो रहा है उन्होंने लोगो से 2024 लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में कमल खिलाने की अपील की। इस दौरान दादरी विधायक तेजपाल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, गीता पंडित, प्रेम प्रधान, मुकेश चौहान, देवा भाटी, मनोज शिसोदिया, एच के शर्मा, कर्मवीर आर्य, राहुल पंडित, महेश शर्मा, गजेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## लोहड़ी व मकर संक्रांति पर किया प्रसाद वितरण

**जेवर,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। रविवार को लोहड़ी व मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री मनोरथानंद विश्वसेवा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गांव चोरोली में गरीब व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। ट्रस्ट के सदस्य तेजपाल शर्मा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र, ईट भट्टा व झुग्गी झोपड़ियों मे जाकर गरीब लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पीतांबरा, प्रशांत, संजय शर्मा, ध्रुव, विकास, धीरज, चेतराम आदि मौजूद रहे।



## ईस्टर्न पेरिफेरल पर अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**दनकौर,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर शनिवार की रात और रविवार की सुबह दो अलग-अलग स्थान पर हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घने कोहरे के कारण कई ट्रक आपस में टकरा गए जिसके कारण दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसा रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस पूरी रात ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे और यमुना एक्सप्रेस वे पर दौड़ती रही। जानकारी अनुसार शनिवार की रात पलवल की तरफ एक ट्रक मेरठ की तरफ जा रहा था। जब यह ट्रक दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर पहुंचा तो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। घना कोहरा होने के चलते पीछे से आ रहे करीब चार ट्रक इससे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में सभी ट्रक चालक घायल हो गए जिनमें से एक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरली (35 वर्ष) पुत्र दीन मोहम्मस निवासी मलिक थाना पिनहवा जिला नूंह हरियाणा के रूप में हुई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेस वे से हटाया गया। घना कोहरा होने के कारण पीछे से पांच ट्रक उससे टकरा गए। हादसे के दौरान जितेंद्र (45 वर्ष) पुत्र बने सिंह निवासी ग्राम



सिहावली थाना छर्रा अलीगढ़ ट्रक के केबिन में फंसकर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायल को केबिन से बाहर निकल गया। इसके अलावा रामलवट निवासी शाहगंज जिला जौनपुर, प्रवीण निवासी नूंह थाना पिनहवा हरियाणा, अशोक व भूपेंद्र निवासीगण खुर्जा बुलन्दशहर भी घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि घने कोहरे की वजह से ही दोनों हादसों में दो लोगों की जान गई है। किसी भी व्यक्ति की तरफसे कोतवाली में लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## हिमाचल जन कल्याण समिति ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल जन कल्याण समिति रामईश संस्थान में लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान हिमाचल के कलाकारों के साथ स्थानीय बच्चों व महिलाओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली उच्च न्यायलय के रजिस्टार के. के. शर्मा व विशिष्ट अतिथि रामईश संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर.सी. शर्मा शामिल होकर कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत हिमाचल जन कल्याण समिति परिवार से जुड़े लोगों के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति

- **कार्यक्रम में स्थानीय बच्चे व हिमाचल के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति**



दी। इसके बाद बच्चों ने हिमाचल के लोक कला एवं संस्कृति से जुड़े विधाओं को प्रस्तुत किए, जिसकी लोगों ने खूब तारीफ की। समिति की महिलाओं ने अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर मनमोहक प्रस्तुति देककर कार्यक्रम को राममय कर दिया। इसी के साथ हिमाचल के धर्माशाला से आए कलाकारों ने हिमाचली गिद्दा, डोंगरी के साथ मनमोहक गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान मुख्य अतिथि के. के. शर्मा ने सम्बोधित करते हुए हिमाचल के स्थानीय भाषा बल देते हुए सभी का उत्साह वर्धन करते हुए समिति के पदाधिकारियों की तारीफकी। उन्होंने कहा कि हिमाचल से जुड़ा जो बच्चा यहां पर पढ़ाई करेगा उसके फीस में वरीयता भी दी जाएगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. शर्मा ने अपने सम्बोधन में कर्म की प्रधानता को बताया कि उन्होंने निःस्वार्थ व जन कल्याण के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जीवन के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि आपने जो अच्छा कार्य किया है वही आपके साथ जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष पी.एस. पठानिया ने समिति की तरफ से विगत वर्षों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अंत में हिमाचली धाम का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अनिल धीमान ने किया। इस दौरान समिति के सभी पदाधिकारियों व पूर्व पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 15 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## नयी चुनौतियों के बीच राहुल की यात्रा-2

मकर संक्रांति, रविवार को उत्तरायण होते सूर्य की धूप में राहुल गांधी अपनी बहुप्रतीक्षित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकल पड़े हैं। 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से चलकर 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराकर पूर्ण हुए उनके मार्च से इस बार की यात्रा दूरी के मामले में विस्तारित है तो उद्देश्य के लिहाज से वृहत्तर। पहले वे 4 हजार किलोमीटर चले थे, अब 6200 किमी नापेंगे। उस बार पूरा पैदल चले थे, अबकी पांव-पांव चलने के साथ वाहन में भी चलेंगे। पिछले वक्त दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़े थे, अब पूर्वोत्तर के हिंसाग्रस्त मणिपुर से निकलकर पश्चिमी छोर में अरब सागर तीरे बसी देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई को 20 मार्च को छुएंगे। फर्क केवल किमी की घट-बढ़ का नहीं है, न ही यात्रा के तरीकों का है। अंतर है परिस्थितियों का जिनके बीच राहुल का सफर शुरू हुआ है, नयी चुनौतियों का है; और बढ़ी हुई जिम्मेदारियों का भी। उनकी दोनों यात्राओं में समानता एक ही है- अंधकार में प्रकाश फैलाने की जो जिम्मेदारी हर नागरिक की है, उसे वे भी निभा रहे हैं- एक राजनैतिक संगठन के नेता के तौर पर उनके द्वारा किये जा रहे उत्तरदायित्व के निर्वाह की बात तो बाद में की जाये।

राहुल की यह यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश के सभी अंगों पर पूर्ण नियंत्रण है। इनमें उनकी अपनी भारतीय जनता पार्टी, मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संसद, कार्यपालिका, संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया सारा कुछ शामिल है। गिने-चुने लोग जो उनके खिलाफ आवाजें उठा रहे हैं, उनके दरवाजों पर केन्द्रीय जांच एजेंसियां दस्तक देने में कोई देर नहीं करतीं। कई विपक्षी नेता, लेखक-पत्रकार, सामाजिक-मानवाधिकार कार्यकर्ता जेलों में जमानत पाने का इंतज़ार कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग हो या लोकसभा-राज्यसभा को संचालित करने वाले अध्यक्ष-सभापति- सभी के मुखों से मोदी की भाषा ही निकल रही है। राहुल तो सांसदी जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वापस भी आ गये लेकिन तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा इसे बचाने की जद्दोजहद में हैं। बदहाली, महंगाई, गरीबी समेत तमाम नाकामियों और भ्रष्टाचार के अनेक आरोपों के बावजूद देश में मोदी को लेकर अंधभक्ति बढ़ रही है। ऐसे में देश का आम चुनाव आन पहुंचा है। तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनने के लिये मोदी ने अपनी सरकार, संगठन, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की सारी ताकत झोंक दी है। अयोध्या में 22 जनवरी को निर्धारित राममंदिर का जिसे उद्घाटन समारोह कहा जा रहा है, वह दरअसल मोदी और भाजपा के प्रचार अभियान का सबसे बड़ा आयोजन है। मोदी को तीसरी बार अपने पूंजीपति मित्रों के लिये सत्ता में आना जितना आवश्यक है, उन्हें खुद के लिये भी सत्ता की सुरक्षा उतनी ही ज़रूरी है ताकि वे अपने आप को उन आरोपों से बचाकर रख सकें जो पिछले दिनों उन पर लगे हैं।

सरकार के विरोध में उठती हर आवाज व लोकतांत्रिक शक्तियों को मौन करने में श्री मोदी, अमित शाह, भाजपा के बड़े नेता, केन्द्रीय जांच एजेंसियां सभी का योगदान है। इसके लिये समाज का जो ध्रुवीकरण हुआ और जिस प्रकार से उसे अगड़ों-पिछड़ों में बांटा गया, उसने राहुल को 'नफ़रत के खिलाफ़ मोहब्बत की दूकान' खोलने के लिये प्रेरित किया। उन्हें मिले अपार जनसमर्थन ने जहां सभी का राहुल के प्रति देखने का नज़रिया बदला, वहीं कांग्रेस को खोई शक्ति मिली। इसी के कारण उसके ईर्द-गिर्द दो दर्जन से अधिक गैर भाजपायी दल एकत्र हुए जिन्होंने 'इंडिया' गठबन्धन बनाया। पहली बार मोदी के दस साला कार्यकाल में उन्हें गम्भीर चुनौती मिलती हुई दिख रही है। जहां राहुल ने बिना डरे पहली यात्रा पूरी की और मोदी व उनकी सरकार पर हमले जारी रखे, उसने अन्य विपक्षियों को भी हौसले प्रदान किये। यही कारण है कि गठबन्धन अक्षुण्ण है, कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकारता हुआ बना हुआ है और कतिपय आंतरिक दिक्कतों के बावजूद खुद को कोई भी दल अलग नहीं कर रहा है। इंडिया की देखा-देखी भाजपा प्रणीत एनडीए में गिने-चुने ही ऐसे दल हैं जिनकी पहचान व अपने हलकों में संसदीय उपस्थिति हो।

तो इस बार कांग्रेस व राहुल के पीछे सहयोगी दलों की भी ताकत है। कर्नाटक व तेलंगाना विधानसभा चुनावों में भाजपा की पराजयों के बाद दक्षिण भारत के दरवाजे लगभग बन्द माने जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ मणिपुर की घटनाओं ने पूर्वोत्तर राज्यों में भी भाजपा को बहुत अलोकप्रिय बना दिया है। वहां अब असम को छोड़कर ज्यादातर राज्यों में भाजपा बेहद कमजोर दिख रही है। अब उसके पास लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिये हिन्दीभाषी व उससे जुड़े राज्यों का ही आसरा है, जो तकरीबन दस हैं। इनमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व राजस्थान को हाल में जीतकर भाजपा का हौसला बढ़ा है परन्तु पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र में गठबन्धन या तो भाजपा को टक्कर दे रहा है अथवा उससे अधिक मजबूत है।

मणिपुर की राजधानी इम्फाल की बजाय उससे 28 किलोमीटर दूर स्थित थौबल से थोड़े से समर्थकों के साथ यात्रा निकालने के लिये अनुमति दी गई है। साथ ही, असम में उन्हें रात न गुजारने के लिये कहा गया है। ये बातें बतलाती हैं कि इस बार यात्रा अधिक चुनौतीपूर्ण रहेगी। यात्रा के मार्ग पर लगभग 350 लोकसभा सीटें पड़ेंगी जिनमें कांग्रेस की बामुश्किल दर्जन भर हैं- भाजपा या कांग्रेस के सहयोगियों की ज्यादा हैं। भाजपा को अपदस्थ करना मुख्य चुनौती है। देखना होगा कि इसमें राहुल कितने कामयाब होते हैं।

# यात्रा से पहले देवड़ा के जरिए माहौल खराब करने की कोशिश



शकील अख्तर

**राहुल की अकेली हिम्मत से यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। उन्हें टीम बनाना होगी। अभी खरगे जी ने जो टीम बनाई है वह नई बोतल में पुरानी शराब है। कांग्रेस में काम करने वालों की कमी नहीं है। मगर उन्हें जिस तरह इन्दिरा गांधी या भाजपा में आडवानी ढूंढ कर निकालते और तराशते थे वह काम अब नहीं हो रहा है। भाजपा में तो जरूरत नहीं है। वह अब केवल मोदी की दम पर चलने वाली पार्टी बन गई है। मगर कांग्रेस को जरूरत है निष्ठावान लोगों को आगे लाने की। जो पार्टी और नेतृत्व दोनों के प्रति वफादार हों।**

राहुल की दूसरी यात्रा शुरु होने से पहले मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद देवड़ा यह कहकर कांग्रेस छोड़ गए कि 55 सालों का संबंध खत्म! 55 साल तो उनकी उम्र भी नहीं है। केवल 47 साल के हैं। मगर वे अपने उन पिता के कांग्रेस के संबंधों को भी अपने साथ ले जा रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस की वजह से ही मुंबई में खूब नाम और उससे ज्यादा पैसा बनाया। सीकर राजस्थान से वे मुंबई गए और वहां राजनीति और व्यवसाय दोनों में कांग्रेस की मदद से स्थापित हुए। बेटे मिलिंद को खुद दोनों क्षेत्रों में कोई मेहनत नहीं करना पड़ी। पिता के कांग्रेसी संबंधों की वजह से सब बना बनाया मिला। दस साल पूरे 2004 से 14 तक यूपीए सरकार में मंत्री रहे। अभी कांग्रेस में उनके किसी पैरोकार ने उन्हें पार्टी का उप कोषाध्यक्ष भी नियुक्त करवा दिया था। मगर उन्होंने कांग्रेस को धोखा देने के लिए ठीक समय चुना। जब रविवार को राहुल अपनी यात्रा शुरू करने वाले थे तो उन्होंने कहा कि- मैं 55 साल के संबंध खत्म करके यहां से जा रहा हूं। कोई उनसे पूछे कि 55 साल में उनके पिता और खुद उन्होंने जो पैसा और नाम कमाया है क्या वह भी वापस करके जा रहे हैं।

राजस्थान से उनके पिता क्या लेकर निकले थे। यह भी बता दें! मगर कांग्रेस में कोई पूछने वाला नहीं। उनसे पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह भी यूपीए के दस साल मंत्री पद का सुख भोग कर 2014 के बाद पार्टी छोड़ चुके हैं। और यह क्या! लगभग 45 साल सरकार में मंत्री और संगठन में टाप पदाधिकारी रहने वाले गुलाम नबी आजाद तक कांग्रेस छोड़ गए। जिन्हें अगर 1977 में उस समय के जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद सईद दिल्ली लाकर इन्दिरा जी के पास नहीं छोड़ जाते तो वे अभी तक किश्तवाड़ ( डोडा) में नगरपालिका और पंचायत के चुनाव लड़ रहे होते।

वह तो राहुल गांधी डरे नहीं, लड़ते रहे। लगातार सफल हुए तो कांग्रेस छोड़ कर जाने वालों की तादाद थोड़ी रुकी रही। नहीं तो जो गैंग 23 ( जी-23) बनाई थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को जो पत्र संयुक्त रूप से लिखा था, के बाद सब भागने को तैयार थे। मगर एक तो भाजपा को इनमें से ज्यादातर अनुपयोगी लगे। दूसरे राहुल ने जिस तरह कोविड में मजदूरों के साथ खड़े होकर, किसानों के आन्दोलन में जाकर जो जननेता का दर्जा पाया उससे इन लोगों की उम्मीदें फिर से हरी हो गईं। कांगेसियों को मूलत: सत्ता चाहिए। संघर्ष से इनका कोई वास्ता नहीं है। कांग्रेस में एक शब्द सबसे ज्यादा चलता है। एडजस्ट! आप आश्चर्य करेंगे कि बड़े से बड़ा नेता भी यह कहते हुए पाया जाता है कि हमें कोई नहीं पूछ रहा। एडजस्ट करवा दो। अब जब हम बड़े से बड़ा नेता लिख रहे हैं तो आप समझ सकते हैं ये सबसे बड़े वालों पर भी समान रूप से लागू होता है।

और फिर जो एक बार एडजस्ट हो गया। वह फिर किसी को नहीं पूछता। काम तो करता ही नहीं है। सिर्फ अपनी कुर्सी बचाए रखना और दूसरों के खिलाफ साजिश करना ही उसका काम होता है। लेकिन इस सबके लिए दोषी तो सबसे ज्यादा परिवार है।

परिवार की निष्ठा और मेहनत पर तो किसी को कोई शक नहीं है। मगर इनका अंधविश्वास कांग्रेस को बहुत नुकसान पहुंचाता है। और कांग्रेस को क्या खुद इनको भी। राहुल 2019 में अमेठी हारे ही इसीलिए। 2014 से कहा जाने लगा था कि अमेठी-रायबरेली में कांग्रेस जिन लोगों के भरोसे छोड़ रखी है उनसे कार्यकर्ता बहुत दु:खी है। कार्यकर्ताओं की सुनी ही नहीं जाती है। जनता के काम नहीं हो रहे हैं। सोचिए 2004 से 14 तक केन्द्र में सरकार थी। और राज्य में भी बीजेपी की नहीं मुलायम, मायावती और अखिलेश की सरकार रही। जिन्हें बहुत मित्रवत न भी कहो तो शत्रुवत तो नहीं थे। उस समय भी यह बहाना बनाया जाता था कि राज्य में हमारी सरकार नहीं है इसलिए अमेठी रायबरेली में काम नहीं हो रहे। जबकि राहुल और सोनिया गांधी के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कोई मना नहीं करता था। और मान लो कोई करता भी था तो आप केन्द्र से उसकी किसी दूसरी मद में ज्यादा मदद करके अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए मदद ले सकते थे। सब नेता यही करते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए दूसरी पार्टी की सरकारों से भी मदद लेते हैं। बदले में उनकी भी करते हैं।

मगर 2014 में राहुल बड़ी मुश्किल से जीते। आखिरी दिन उन्हें और प्रियंका का जायस में संयुक्त रैली निकालना पड़ी। जो इससे पहले कभी नहीं निकाली थी। तब कहीं जाकर जीत पाए। बाकी और भी कहानियां हैं कि कैसे सतीश शर्मा ने रात-रात भर घूम कर रूठे कार्यकर्ताओं को मनाया। कुछ जगह प्रियंका को भी रौद्र रूप दिखाना पड़ा कि-क्या मैं बताऊं कि पार्टी से तुमने क्या-क्या लिया है!

खैर 2014 तो जीते मगर हार के करीब क्यों पहुंचे थे इसके मूल कारणों पर फिर भी ध्यान नहीं दिया। नतीजा 2019 की हार थी। अब भी दोनों जगह स्थिति कोई अच्छी नहीं है। स्मृति ईरानी के कमजोर होने का मतलब राहुल का मजबूत होना नहीं है। वह भाजपा है किसी और तोप को भी अमेठी रायबरेली से उतार सकती है। रायबरेली भी अब पहले की तरह अजेय नहीं रही है। वहां भी परिवार का जीवंत संपर्क टूट गया है। बीच के लोगों से जनता और कार्यकर्ता दोनों की नाराजगी है। मगर परिवार इस मामले में किसी की नहीं सुनता है। विश्वास करना अच्छी बात है मगर मानिटर नहीं करना ( नजर नहीं रखना) राजनीति में आत्मघाती साबित होता है। 2012 के बाद यही हुआ। अन्ना का नकली आंदोलन बढ़ता गया। और जिन पर जिम्मेदारी थी वे बस खुद को बचाने में लगे रहे।

सोनिया गांधी अगर उस समय अपने हाथ में कमान लेतीं और सरकार एवं संगठन दोनों के लोगों को टाइट करतीं थीं तो अन्ना वापस महाराष्ट्र के अपने गांव में उसी तरह पहुंच जाते जैसे अब पहुंचा दिए गए हैं।

खैर वह सब अब पुरानी बातें हैं। मगर नए की इमारत बनती तो पुरानी जमीन पर ही है। और इसलिए यह सब याद दिलाने की जरूरत महसूस हुई कि एक तरफ राहुल एक नया इतिहास बनाने जा रहे हैं। देश में यह पहली बार है कि कोई नेता दूसरी बार फिर इतनी बड़ी यात्रा कर रहा हो। यह राहुल की ही हिम्मत और हौसला है। मगर क्रिकेट की तरह राजनीति भी कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है कि एक व्यक्ति की दम पर पूरा मैच निकल जाए।

राहुल को आदमियों की परख पर ध्यान देना होगा। क्रिकेट में जितने भी कप्तान सफल हुए हैं- गांगुली, धोनी, नवाब पटौदी वह इसलिए हुए हैं कि उन्होंने अपनी टीम बनाई। दोस्ती, लिहाज, संबंध अलग चीज हैं। जीत, सफलता एक अलग चीज। वह कहते हैं ना 'खेलत में को काको गुसैंयां!' यह सुरदास का पद है। जिसमें वे बड़ी अच्छी तरह समझाते हैं कि खेल में कोई किसी का नहीं होता। बालक कृष्ण को भी कोई अतिरिक्त महत्व नहीं है।

राजनीति भी वही खेल है। वफादारी, मेहनत, त्याग सब मालूम पड़ जाता है। बस केवल दृष्टि चाहिए। राहुल सफल होते हैं भीड़ लग जाती है आसपास। मगर जब 2019 में कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हैं तो एक आदमी साथ में नहीं देता।

राहुल की अकेली हिम्मत से यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। उन्हें टीम बनाना होगी। अभी खरगे जी ने जो टीम बनाई है वह नई बोतल में पुरानी शराब है। कांग्रेस में काम करने वालों की कमी नहीं है। मगर उन्हें जिस तरह इन्दिरा गांधी या भाजपा में आडवानी ढूंढ कर निकालते और तराशते थे वह काम अब नहीं हो रहा है। भाजपा में तो जरूरत नहीं है। वह अब केवल मोदी की दम पर चलने वाली पार्टी बन गई है। मगर कांग्रेस को जरूरत है निष्ठावान लोगों को आगे लाने की। जो पार्टी और नेतृत्व दोनों के प्रति वफादार हों।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# असम में कांग्रेस और एआईयूडीएफ सीट बंटवारे के लिए उत्सुक

■ **आशीष विश्वास**

पूरे भारत में अभी लोकसभा चुनाव से पहले प्रचार शुरू होना बाकी है, परन्तु असम में विभाजनकारी धार्मिक ध्रुवीकरण पहले ही अप्रत्याशित स्तर पर पहुंच गया है। प्रारंभ में राज्य के मुख्यमंत्री श्री हिमंतविश्वा शर्मा ने अपने सार्वजनिक भाषणों में आक्रामक रूप से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिंदुत्व एजेंडे की घोषणा करते हुए इसकी गति निर्धारित की।

अब जबकि लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, असम में भाजपा के घोर विरोधी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के लिए पासा पलटने का समय आ गया है। एआईयूडीएफ नेता सांसद बदरुद्दीन अजमल अपने भाषणों और सार्वजनिक अपीलों में आम तौर पर सांप्रदायिकता का आरोप लगाते समय अपने शब्दों को गलत नहीं ठहराते। इस बार, जबकि चुनाव की तारीखें अभी घोषित नहीं हुई हैं, अपने वफादारों के बड़े समूह के लिए उनके नवीनतम संदेश का महत्व राजनीति से कहीं आगे है।

**22 जनवरी को, मंदिर के उद्घाटन के दिन, हाल के दिनों के सबसे बड़े सामूहिक समारोहों में से एक के लिए, पूरे भारत में बड़ी संख्या में, मुख्य रूप से हिंदू भीड़, अयोध्या की ओर बढ़ रही होगी। समारोह के बाद भक्तों की बड़ी भीड़ वापसी यात्रा पर भी जायेगी। इस उत्सव की अवधि के दौरान, मुसलमानों और गैर-हिंदुओं के लिए सामान्य रूप से घूमने में सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।**

निचले असम के धुबरी से सांसद अजमल ने मुसलमानों को 20 जनवरी से 26 जनवरी तक जहां तक संभव हो घर पर रहने को कहा है। उन्हें आने वाले दिनों में सांप्रदायिक हिंसा के एक बड़े प्रकोप की आशंका है, क्योंकि भारत सरकार औपचारिक रूप से अपने बहुप्रचारित कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ रही है तथा उत्तरप्रदेश के अयोध्या में लंबे समय से प्रतीक्षित राम मंदिर का उद्घाटन कर रही है।

उनका तर्क है कि 22 जनवरी को, मंदिर के उद्घाटन के दिन, हाल के दिनों के सबसे बड़े सामूहिक समारोहों में से एक के लिए, पूरे भारत में बड़ी संख्या में, मुख्य रूप से हिंदू भीड़, अयोध्या की ओर बढ़ रही होगी। समारोह के बाद भक्तों की बड़ी भीड़ वापसी यात्रा पर भी जायेगी। इस उत्सव की अवधि के दौरान, मुसलमानों और गैर-हिंदुओं के लिए सामान्य रूप से घूमने में सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं इसलिए सांप्रदायिक शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए मुसलमानों को कुछ दिनों के लिए घर पर रहना उचित होगा।

वास्तविक रूप से, श्री अजमल वास्तव में मुसलमानों से राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का पूरी तरह से बहिष्कार करने की अपील कर रहे हैं, जो चतुराई से राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के एक और बड़े पैमाने पर फैलने की आशंका को प्रस्तुत कर रहे हैं।

कुछ पर्यवेक्षकों का कहना है कि एआईयूडीएफ नेताओं को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि उनका प्रस्ताव असम और उसके बाहर मुसलमानों के बड़े समूह की भावनाओं के विपरीत है, जो राम मंदिर के निर्माण और उसके बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों को अपनी प्रगति की दिशा में मानते हैं। हाल के दिनों में कश्मीर की विशेष संवैधानिक स्थिति को वापस लेने के साथ, देश में कहीं भी राम मंदिर पर मुस्लिम भावनाओं का कोई बड़ा, क्रोधित विस्फोट नहीं हुआ है।

यहां तक कि कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री, अनुभवी फारूक अब्दुल्ला, जो शायद भारत में सबसे वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता हैं, ने इस बात पर जोर दिया है कि राम जरूरी नहीं कि केवल हिंदुओं के हैं, बल्कि पूरे भारत के हैं। ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को जगह न देते हुए श्री अब्दुल्ला के अप्रत्याशित रूप से उदार रुख ने निश्चित रूप से एक राजनेता के रूप में उनके राष्ट्रीय कद को बढ़ा दिया है।

कुछ विश्लेषकों के अनुसार, श्री अजमल या एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इन लोगों ने पूर्वानुमानित तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और अपने अनुयायियों से परे जाकर धर्मनिरपेक्ष, सकारात्मक राजनीतिक संदेश दी है चाहे वह राम मंदिर की बात हो या फिर कोई अन्य।

हालांकि, मुसलमानों के श्री अजमल के आह्वान को महज भय फैलाने वाला कहकर खारिज करना जल्दबाजी होगी। यदि असम में मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग उनकी सलाह मानता है, तो अल्पसंख्यक वोटों का स्वत: एकीकरण हो जायेगा, जो भाजपा को नहीं जायेगा। यह 2024 के चुनावों से पहले अल्पसंख्यकों को संबोधित श्री अजमल के बड़े नारे, 'भाजपा को कोई वोट नहीं' के साथ अच्छी तरह मेल खायेगा।

सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि मुसलमान किस हद तक एआईयूडीएफ की लाइन का पालन करेंगे। एक उत्तर के रूप में, इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में श्री शर्मा के घटनापूर्ण कार्यकाल के दौरान, अधिकांश मुसलमान बहुत असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। असम की 32.5 मिलियन से अधिक की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 35 फीसदी है, कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के नतीजे, परिसीमन या नहीं, इस पर निर्भर हैं कि वे कैसे मतदान करते हैं।

रिकॉर्ड के लिए, एआईयूडीएफ करीमगंज, धुबरी और नगांव संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस के लिए 11 सीटें छोड़ी जायेंगी। यह व्यवस्था सबसे बड़े समूह, कांग्रेस के नेतृत्व में नये इंडिया गठबंधन का समर्थन करने वाले विपक्षी दलों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद हुई है। हालांकि विपक्षी सीट समायोजन के बारे में अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन एआईयूडीएफ और कांग्रेस दोनों के लिए भाजपा के खिलाफ अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम वोटों का एक ठोस समूह सुनिश्चित करने की आवश्यकता सब से ऊपर थी, ताकि वे मजबूत भाजपा को चुनौती दे सकें।

जैसा कि पहले कहा गया है, कांग्रेस और एआईयूडीएफ दोनों कुछ फायदे के साथ शुरुआत करेंगे, क्योंकि 2024 में, अल्पसंख्यक बड़े पैमाने पर भाजपा को सबक सिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर विशेष रूप से मुसलमानों को राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा जानबूझकर निशाना बनाया गया है। वास्तव में समुदाय की शिकायतों की सूची लंबी है।

उत्पीड़न और भेदभाव का उन्हें दर्दनाक अनुभव हुआ है। एनआरसी अभ्यास के दौरान असम में नागरिकों की सूची को अद्यतन करने के समय यह समुदाय बेहद परेशान हुआ। समुदाय के विरोध को नजरअंदाज करते हुए आधिकारिक मदरसों को बंद कर दिया गया है, लेकिन मुस्लिम स्वामित्व वाली संपत्तियों और संपत्ति के खिलाफ चुनिंदा रूप से किये गये विवादास्पद विध्वंस अभ्यास (कुख्यात बुलडोजर ड्राइव) और भी अधिक पीड़ादायक साबित हुए। हाल तक राज्य पुलिस द्वारा की गई 'मुठभेड़ों' के माध्यम से कई मौतें हुईं जो भाजपा के राजनीतिक विरोधी थे।

यहां तक कि हाल ही में निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन कथित तौर पर वोट बैंक के रूप में मुसलमानों की स्थिति को कमजोर करने के लिए किया गया था, जो एक ऐसा आरोप है जिसे श्री शर्मा भी इनकार नहीं करना चाहते हैं!

केंद्र सरकार ने ऐसे सभी विवादास्पद मुद्दों पर श्री शर्मा के कठोर दृष्टिकोण का काफी हद तक समर्थन किया है, जबकि राज्य सरकार को देश और विदेश में मानव संसाधन समूहों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा है। यहां तक कि न्यायपालिका भी राज्य के विध्वंस अभियान और हाल के वर्षों में असम में हुई कई पुलिस मुठभेड़ों के बारे में खुले तौर पर आलोचनात्मक रही है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि अल्पसंख्यकों के बीच यह भावना है कि उन्हें 2024 में असम में सत्तारूढ़ भाजपा से हिसाब बराबर करना है।

## पावन प्रसंग

# कर्म सदैव प्रधान होता है

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा। इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास न होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता, संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकालने कर साहस कर आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्तिक की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ न कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ न हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है कि पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, सिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है। वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुन: साहस के साथ पुन:तैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# यह कैसी राम के प्रति अनुराग, आस्था और निष्ठा है?

मकर संक्रांति के पावन दिन से जब सूर्य उत्तरायण हो रहा है कोहरे और कड़कड़ाती शीत से निज़ात दिलाने ठीक उसी दिन से देश में नफ़रत की जगह मोहब्बत की दूकान खोलने वाले राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण सवाल के साथ-साथ इस बार बढ़ते अन्यान्य के खिलाफ़ 6200 किमी की यात्रा प्रारम्भ कर रहे हैं। मणिपुर से शुरुआत के बाद कांग्रेस नेता नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों में भी जाएंगे। सबसे अंत में भारत न्याय यात्रा महाराष्ट्र पहुंचेगी।

दूसरी ओर देश में निर्माणाधीन एक विशाल मंदिर में रामजी की नवीन मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा का एक भव्य समारोह ट्रस्ट द्वारा 22जनवरी को आयोजित हो रहा है जिसमें प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में गर्भ गृह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी, संघ प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा एक पुजारी उपस्थित रहेगा। चूंकि इस कार्यक्रम में चार राजनैतिक लोग हैं सिर्फ एक पुजारी रहेगा। इससे साफ़ झलकता है यह एक राजनैतिक आयोजन है। जिस मंदिर का निर्माण भी पूरा नहीं हुआ, पौष मास में शुभ कार्य नहीं होते फिर इतनी जल्दबाजी क्यों, सिर्फ़ इसलिए क्योंकि चुनाव सिर पर हैं और देश को यह जतलाना है कि हमने अपना वादा पूरा किया यदि हार गए तो फिर यह श्रेय किसी और को न मिल पाए। सबसे बड़ी बात है कि देश के चार धाम प्रमुख शंकराचार्यों ने इस वक्त प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की आलोचना करते हुए आमंत्रण ठुकरा दिया है जो सनातन धर्म का झंडा साथ लेकर चलते हैं। इससे वास्तविक धर्मनिष्ठ तथा धर्मज्ञ नाखुश हैं। यह कैसी राम के प्रति अनुराग, आस्था और निष्ठा है? इधर देशवासियों में राम के प्रति जो आस्था है उसे घर-घर जाकर उकसाया जा रहा है कि वे अयोध्या जाएं और इस दिन राम ज्योति घर-घर प्रज्वलित करें जिससे ध्रुवीकरण हो और वोट सुनिश्चित हो।

जहां तक राहुल गांधी की यात्रा का सवाल है वे महात्मा गांधी के आदर्शों सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को साथ लेकर इस ध्रुवीकरण और इंसानी नफ़रत के बीच आज़ादी के आंदोलन की राह के राही है। इस बार यात्रा में न्याय की अहमियत है हम सबने देखा मणिपुर में डबल इंजन सरकार ने मिलकर किस तरह मैतेई और कुकी, नागा के बीच विभेद की दीवार खड़ी की। मैतेई को आदिवासी बनाकर उन्हें आरक्षण दिया ताकि वे आदिवासी समुदाय के पहाड़ों पर कब्ज़ा कर सकें। उन्हें लड़ाकर वास्तव में उस जमीन पर अडानी को वहां की बहुमूल्य खनिज सम्पदा देना चाहते हैं। इसलिए तकरीबन आज तक जलते मणिपुर पर मोदी-शाह ने कोई ज़रूरी निर्णय नहीं लिया। मोदीजी ने तो वहां आज तक जाना भी उचित नहीं समझा। ऐसे न्याय मांगते जलते मणिपुर वासियों के बीच से यात्रा प्रस्थान करेगी। निश्चित तौर पर वह मणिपुर वासियों के घावों पर मरहम का काम करेगी। वहां लोकसभा से मात्र दो सीट है। यह चुनाव की यात्रा नहीं मानी जानी चाहिए। यह पीड़ित मणिपुर वासियों के लिए मैतेई-कुकी और नागाओं के बीच सद्भाव यात्रा, मोहब्बत बढ़ाने और न्याय मांगने वाली यात्रा है। राहुल गांधी इस यात्रा के बारे में साफ़ कर चुके हैं वे देश में मोहब्बत, अमन और न्याय के लिए लोगों से मिलेंगे। वैसे राम उत्तर दक्षिण मैत्री के सेतु हैं उन्होंने इंसानियत के बीजों का वपन किया था जिन्हें आज भुलाया जा रहा है। राहुल की यात्रा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए की जा रही है। कांग्रेस को उम्मीद है कि वह अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के बाद भाजपा की राजनीति का मुकाबला कर सकती है।

दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों का मूल उद्देश्य स्पष्टत: राजनैतिक ही है। अब देखना यह है आम जनता रामजी की कृपा पात्र बनकर भाजपा को फिर जिताती है वा जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए-को अपनाती है और या आम लोगों की पीड़ा और उनके साथ हो रहे अन्यान्य को दूर करने वाले यात्री राहुल गांधी को अपना प्रेम और सद्भाव देती है जिस पर भारत की बुनियाद खड़ी हुई है और देश अपनी गंगा जमुनी संस्कृति के लिए दुनिया में पहचाना जाता है।

**सुसंस्कृति परिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## अमेरिकी नौसेना के दो जवान अरब सागर में डूबे

**मोगादिशु।** अमेरिकी नौसेना के दो जवान एक जहाज पर चढ़ने की कोशिश के दौरान सोमालिया के तट के पास अदन की खाड़ी में डूब गये। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा है कि सोमालिया के तट पर एक अभियान के दौरान, अमेरिकी नौसेना के दो जवान अरब सागर में डूब गए। जवानों का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। यह घटना गुरुवार को अदन की खाड़ी में उस समय हुई ,जब जवान एक जहाज पर चढ़ने की तैयारी कर रहे थे।

# हाउती हमलों को लेकर अमेरिका ने ईरान को निजी तौर पर संदेश भेजा : बिडेन



**अमेरिका ने लाल सागर को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान शुरू करने की घोषणा की थी**

**वाशिंगटन,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा है कि उनके प्रशासन ने लाल सागर में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) के हमलों के संबंध में ईरान को निजी तौर पर एक संदेश भेजा था।

संवाददाताओं द्वारा शनिवार को यह पूछे जाने पर कि क्या वह क्षेत्र में हाउती गतिविधियों के बीच ईरान की सरकार को कोई संदेश देना चाहेंगे, श्री बिडेन ने कहा, मैंने संदेश भेजा था, हमने निजी तौर पर यह भेजा था, और हमें विश्वास है कि हम अच्छी तरह से तैयार हैं।

नवंबर 2023 में हाउती ने इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने के अपने इरादे की घोषणा की तथा अन्य देशों के जहाजों से अपने चालक दल को वापस बुलाने का आग्रह किया। हाउती ने तब तक अपने हमले जारी रखने का संकल्प लिया है जब तक कि इजरायल गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई समाप्त नहीं कर देता। गौरतलब है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 19 दिसंबर को लाल सागर को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन मिशन में भाग लेंगे। हाउती ने अमेरिका के नेतृत्व वाले समुद्री गठबंधन में शामिल होने वाले किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम ली थी।

## सीमाओं पर ड्रोन और मिसाइल तैनात कर रहा है ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना देश की सीमाओं पर नई ड्रोन और मिसाइल इकाइयां तैनात कर रही है। ईरान की थल सेना (ग्राउंड फोर्सेज) के कमांडर किउमर्स हैदरी ने यह जानकारी दी। कहा है कि ईरान की थल सेना देश की सीमाओं पर नई ड्रोन और मिसाइल इकाइयां तैनात कर रही हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, श्री हैदरी ने शनिवार को आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने देश की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने बलों के नवीनतम कदमों और उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, सीमाओं पर पांच ड्रोन प्लाटून और पांच मिसाइल इकाइयों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि इकाइयों की तैनाती का मतलब यह नहीं है कि देश के समक्ष कोई खतरा है, बल्कि इसका मकसद अपनी सेना को तैयार रखने के साथ ही खुफिया प्रभुत्व और देश की सीमाओं पर दबदबा बनाए रखना है।

## बलूचिस्तान में बम विस्फोट में पांच पाकिस्तानी सैनिकों की मौत



**चौकी पर लौटते समय सुरक्षा बलों का वाहन सड़क किनारे रखे बम की चपेट में आया**

**इस्लामाबाद,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। बलूचिस्तान के केच जिले के बुलेदा इलाके में एक सुरक्षा वाहन को निशाना बनाकर किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में पांच पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई और एक अधिकारी सहित दो अन्य घायल हो गए।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, केच घटना में गश्त के बाद गिलिसर चौकी पर लौटते समय सुरक्षा बलों का वाहन सड़क किनारे रखे बम की चपेट में आ गया। मकरान कमिश्नर सईद अहमद उमरानी ने हमले की जानकारी की पुष्टि की। उन्होंने डॉन को फोन पर बताया, जब सुरक्षाकर्मियों का वाहन इलाके से गुजर रहा था तो सड़क किनारे लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद, हमलावरों के साथ थोड़ी देर गोलीबारी भी हुई, जो अंततः घटनास्थल से भाग गए। डॉन ने बताया कि इससे अलग एक घटना में सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के उत्तरी वजीरिस्तान और डेरा इस्माइल खान जिलों में खुफिया सूचना-आधारित दो अभियानों में अलग-अलग चार आतंकवादियों को मार गिराया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि केपी में पहला ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली तहसील में हुआ, जहां गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। इन आतंकवादियों की पहचान कमांडर तब्बसुम उर्फ कादरमन और साजिद के रूप में की गई है, जो सुरक्षा बलों पर हमलों सहित आतंकवाद के कई कृत्यों में शामिल थे।

## सुडोकू 6437

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 6 | 4 | | |
| 4 | | | | 1 | | 7 | | |
| | 8 | | 6 | | | 1 | | |
| | 1 | 4 | 7 | | 9 | 6 | 3 | |
| | | 6 | | | 1 | | 2 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 15 जनवरी, 2024 पौष शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज दिन शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मीयजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च होगा।

वृषभ -आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज आप नए कामों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं प्रोफेशनल्स के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

मिथुन -मानसिक रूप से आज का दिन दुविधाओं और उलझनों से भरा रहेगा। शारीरिक रूप से थकान होने और आलस्य के कारण किसी काम में मन नहीं लगेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी। धन का अपव्यय होगा। व्यवसाय में बाधाएं होंगी।

कर्क -प्रत्येक विषय में आज सावधानीपूर्वक व्यवहार करना पड़ेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाद-विवाद न करें। गुस्से को नियंत्रण में रखें। अधिक खर्च होने की भी संभावना है।

सिंह -वैवाहिक जीवन में तकरार होने से पति-पत्नी के बीच में तनाव होगा। जीवन साथी का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है। व्यापार में अपने भागीदार के साथ धीरज से काम लें। संभव हो तो निरर्थक चर्चा या विवाद में ना पड़ें।

कन्या -आज के दिन आप स्फूर्ति तथा अच्छे स्वास्थ्य का अनुभव करेंगे। घर तथा नौकरी में वातावरण आनंददायी रहेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला -आप का दिन मध्यम फलदायी है। संतान की चिंता आपको सताएगी। विद्या-अभ्यास में बाधा आ सकती है। वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

वृश्चिक -आज शांत चित्त से दिन गुजारें। मन किसी खास चिंता में रह सकता है। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। इससे आपके काम करने की गति धीमी होगी। संबंधियों के साथ मनमुटाव हो सकता है। आर्थिक हानि की संभावना है।

धनु -नए काम की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है। भाई-बंधुओं से मेल-जोल रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास का आयोजन हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। आध्यात्मिकता में अधिक रस लेंगे।

मकर -आज परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम आपको कठिनाई से बाहर निकालेगा। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश का आयोजन कर पाएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आंख का दर्द हो सकता है।

कुंभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव होगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन -लोभ या लालच में न फंसें। आर्थिक विषय में बहुत सावधानी बरतें। पूंजी-निवेश अथवा सही, मुहर करने से पहले ध्यान रखें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। एकाग्रता भी कम रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया ने किया बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण : जापान



**टोक्यो,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। जापान ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने संभवतः एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। जापान तटरक्षक बल ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि उत्तर कोरिया ने संभवतः एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। उसने कहा, रक्षा मंत्रालय के अनुसार, संभवतः उत्तर कोरिया की दिशा से एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया है। हम समुद्री जहाजों और विमानों से स्थिति की निगरानी करने और नवीनतम जानकारी जुटाने का आग्रह करते हैं। यदि उन्हें मिसाइल के हिस्से मिलते हैं तो उन्हें हाथ नहीं लगायें और समुद्री सुरक्षा सेवा को इस बारे में सूचित करें। तटरक्षक बल ने कहा, मिसाइल शायद पहले ही गिर चुकी है।

# चीन ने की ताइवान में चुनाव पर अमेरिकी बयान की निंदा



**बीजिंग,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। चीन ने रविवार को कहा कि ताइवान क्षेत्र में चुनाव पर अमेरिकी विदेश विभाग का बयान एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-अमेरिका सिद्धांत का गंभीर उल्लंघन करता है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि इससे अमेरिका के खिलाफ ताइवान क्षेत्र के साथ केवल सांस्कृतिक, वाणिज्यिक और अन्य अनौपचारिक संबंध बनाए रखने की अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता, और 'ताइवान स्वतंत्रता' अलगाववादी ताकतों को गलत संकेत जाता है। उन्होंने कहा, हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और इसका दृढ़ता से विरोध करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ,अमेरिका द्वारा ताइवान के साथ किसी भी प्रकार की आधिकारिक बातचीत करने और किसी भी तरह या किसी भी बहाने से ताइवान के मामलों में हस्तक्षेप करने का दृढ़ता से विरोध करता है।

प्रवक्ता ने अमेरिका से एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-अमेरिका सिद्धांत का ईमानदारी से पालन करने का आग्रह किया। प्रवक्ता ने कहा कि चीन,अमेरिका से ताइवान के साथ आधिकारिक बातचीत बंद करने और ताइवान की आजादी के लिए अलगाववादी ताकतों को कोई भी गलत संकेत भेजना बंद करने का आग्रह करता है।

## अमेरिका के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ताइवान की यात्रा पर जाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्टीफन हेडली और पूर्व उप विदेश मंत्री जेम्स स्टाइनबर्ग रविवार को ताइवान की यात्रा पर जायेंगे। अमेरिकन इंस्टीट्यूट इन ताइवान (एआईटी) ने यह जानकारी दी। एआईटी ताइवान में अमेरिका के प्रतिनिधित्व के रूप में कार्य करता है। एआईटी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी सरकार ने पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी निजी क्षमता से ताइवान की यात्रा करने के लिए कहा है। दोनों आज ताइपे पहुंचेंगे।

# कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हुई, 20 घायल



**लगभग 50 लोग मलबे में फंसे**

**बोगोटा,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। कोलंबिया के चोको प्रांत में हुए भीषण भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जबकि 20 अन्य घायल हुए हैं। कोलंबियाई पत्रिका सेमाना ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। देश के पश्चिम में शुक्रवार को कारमेन डे अट्राटो नगर पालिका में क्विब्डो और मेडेलिन शहरों के बीच सड़क पर भूस्खलन हुआ। कोलंबियाई मीडिया ने बताया कि भूस्खलन ने सड़क के पास एक घर को नष्ट कर दिया, जिससे उसमें मौजूद लगभग 50 लोग मलबे में फंस गये।

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस घटना को एक 'भयानक त्रासदी' बताया है और अधिकारियों से आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा है।


राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई (यूएनजीआरडी) ने कल एक बयान में बताया था कि घायल हुए कम से कम 35 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है। उसने बताया कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स (एफएसी) ने घायलों को ले जाने के लिए एक हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया और 82 बचाव इकाइयां प्रभावित क्षेत्र में भेजी गयीं। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आपदा से पहले, लगभग 50 लोग एक घर में तेज बारिश से बचने के लिए शरण ले रहे थे, जो अचानक भूस्खलन होने से उसकी चपेट में आ गया। यूएनजीआरडी ने बताया कि बचाव के प्रयास जारी हैं और पीड़ितों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## बोलीविया में दो वाहनों की टक्कर में सात की मौत, दो घायल




**ला पाज,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। बोलीविया के पश्चिमी प्रांत ओरुरो में शनिवार को आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि ओरुरो के चल्लापाटा में एक वैन और एक बस के बीच आमने सामने की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। हादसे में मारे गये लोगों में से छह लोग वैन में सवार थे। वैन के विपरीत लेन में चले जाने के कारण उसकी टक्कर तारिजा से ला पाज की ओर जा रही बस से हो गयी। हादसे में बस में सवार एक यात्री की भी मौत हो गयी। सोशल मीडिया और स्थानीय टेलीविजन पर साझा की गयी तस्वीरों से पता चलता है कि टक्कर से वैन पूरी तरह नष्ट हो गयी, जबकि बस का अगला हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

## वर्ग पहेली 6437



**बायें से दायें:-**

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
४. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्थाा जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७.एक तरह का फूल जिसमें रात में सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य, प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य, तिमिरहर

**ऊपर से नीचे:-**

१. यात्रियों, पथिकों के निशुल्क ठहरने-रुकने के लिए जगह, सराय
२. तदुपरांत
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्धविक्षिप्त ( उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट, शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना१९. १९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

### वर्ग पहेली-6436



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1759 – लंदन के मोंटेगुवे हाउस में मानवीय इतिहास और सभ्यता पर आधारित दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।

1784 – विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। बाद में इसका नाम एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल हो गया।

1934 – बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में आए जबरदस्त भूकंप से करीब 20 हजार लोगों की मौत।

1949 – के. एम. करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1956 – बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का जन्म।

1965 – भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।

1970 – मुअम्मर गद्दाफी ने लीबिया की सत्ता पर कब्जा किया।

1975 – पुर्तग़ाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।

1986 – थल सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ के. एम. करियप्पा (सेवानिवृत्त) को फील्ड मार्शल की पदवी दी गई।

1986 – इंडियन एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक यात्री उड़ान को पहली बार केवल महिला चालक दल ने संचालित किया।

1988 – भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।

1992 – बुल्गारिया ने बाल्कन के देश मैसिडोनिया को मान्यता दी।

**परेशानी** *इजरायल के लगातार हमले से जूझ रहा गाजा*

# गाजा में अकाल, महामारी का बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली, 14 जनवरी (एजेंसियां)। युद्ध की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है, जो अक्सर उन लोगों द्वारा चुकाई जाती है जिन्होंने इसे नहीं चुना है। निरंतर युद्ध की स्थिति में विनाश की मात्रा अनिवार्य रूप से मानवीय संकट में परिणत होती है, जैसे इजरायल के लगातार हमले के बीच गाजा जूझ रहा है। लगभग 100 दिन के सशस्त्र संघर्ष के कारण बुनियादी सुविधाएं बाधित हो गई हैं और स्वास्थ्य तथा स्वच्छता प्रणालियों के पतन ने गाजा में मानवीय आपदा को बढ़ा दिया है।**



जहां इजरायल पर 7 अक्टूबर 2023 को हमास हमले के प्रत्युत्तर में यहूदी राष्ट्र द्वारा युद्ध की घोषणा के बाद से कम से कम 22 हजार फिलिस्तीनी मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

एजेंसियां गाजा में अधिक भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति और आश्रय उपकरण लाने की कोशिश कर रही हैं। दिसंबर में यह घोषणा की गई थी कि मिस्र होकर आने वाली मानवीय सहायता की जांच करने के लिए गाजा और मिस्र के बीच की सीमा पर इजरायल केरेम शालोम क्रॉसिंग पर एक दूसरी सुरक्षा जांच चौकी स्थापित करेगा। मानवीय एजेंसियों ने कहा है कि दिसंबर में एक सप्ताह का अस्थायी संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद से गाजा में आने वाली सहायता की दर कम हो रही है।

वहां प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की खस्ताहालत ने पीड़ितों की बढ़ती संख्या के लिए चिकित्सा देखभाल की तात्कालिकता को बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके साथ बड़े पैमाने पर कुपोषण भी है, जिस पर काबू पाना मुश्किल हो गया है और बच्चों में एनीमिया और निर्जलीकरण का प्रसार तीन गुना बढ़ गया है।

## जीत तक हमास के खिलाफ युद्ध जारी रखेगा : नेतन्याहू

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश हमास के खिलाफ जीत के अंत तक युद्ध जारी रखेगा। श्री नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में दक्षिण अफ्रीका के आरोपों की निंदा करते हुए, शनिवार देर शाम इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि अफ्रीका कहता है कि उनका देश गाजा पट्टी में नरसंहार कर रहा है। उन्होंने कहा, हम जीत की राह पर हैं और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम जीत हासिल नहीं कर लेते। उन्होंने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से कहा था कि यह सिर्फ इजरायल का युद्ध नहीं है बल्किअमेरिका का भी युद्ध है।

## दुनिया को जानें

### पल्मोनरी डिजीज के लिए जिम्मेदार कोशिकाओं की पहचान हुई

**बीजिंग,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने ऐसी प्रतिरक्षा प्रणाली कोशिकाओं की पहचान की है जो मसूड़ों की गंभीर बीमारी पेरियोडोंटाइटिस, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के लिए जिम्मेदार है। यह संभावित रूप से घातक फेफड़ों की बीमारी है। पेरियोडोंटाइटिस को सीओपीडी की प्रगति से जोड़ा गया है लेकिन प्रतिरक्षा प्रणाली में यह संबंध कैसे काम करता है इसकी समझ अभी तक अस्पष्ट है। चीन में सिचुआन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट में कहा गया है, मसूड़ों की बीमारी से जुड़े बैक्टीरिया 2 प्रकार की कोशिकाओं गामा डेल्टा टी कोशिकाओं और एम 2 मैक्रोफेज के सक्रियण के माध्यम से सीओपीडी को बढ़ावा देते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण हैं। एमसिस्टम्स जर्नल में प्रकाशित पेपर में उन्होंने कहा कि इस तंत्र पर ध्यान केंद्रित करने से सीओपीडी की रोकथाम या नियंत्रण के लिए नई व्यावहारिक रणनीतियां पेश की जा सकती हैं।

# प्रादेशिकी

## खट्टर ने चाय की दुकान पर लोगों के साथ पी चाय

**चंडीगढ़,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर रविवार करनाल से चंडीगढ़ आते हुए अम्बाला-चण्डीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौंक पर अचानक एक चाय की दुकान पर रूके और वहां पर खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। श्री खट्टर को अचानक अपने बीच पाकर वहां मौजूद लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था और आश्चर्यचकित थे। मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां ली बल्कि उपस्थित लोगों की समस्याएं भी जानी। लोगों ने बताया कि इस रोड पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वहां मौजूद युवाओं और अन्य लोग मुख्यमंत्री को बिना किसी सुरक्षा घेरे के एक आम आदमी की तरह अपने बीच पाकर प्रफुल्लित नज़र आये।

# स्वच्छता अभियान से जुड़े हर प्रदेशवासी : धामी

### मुख्यमंत्री ने उत्तरायणी पर्व पर कैंचीधाम से प्रदेश में 'सांस्कृतिक उत्सव' का किया शुभारंभ

**नैनीताल,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों और प्रतिष्ठानों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। रविवार को कैंचीधाम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में 'सांस्कृतिक उत्सव' का शुभारंभ किया। उन्होंने कैंचीधाम और घोड़ाखाल मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर जन जन को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। सर्वप्रथम उन्होंने कैंची धाम में श्री राम शिला की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की। फिर कैंची धाम मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम भजन कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। रामभक्ति में लीन होकर रामभजनों की स्तुति की। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व कैंची धाम में नीब करौरी बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि, शांति, एवं खुशहाली की कामना की।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम में आए भक्तों को प्रसाद वितरण किया। साथ ही विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों से सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक भी लिया। स्वच्छता अभियान में शामिल पर्यावरण मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह, ग्राम प्रधानों एवं पर्यावरण मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन शुभमुहूर्त में रामलला अयोध्या में विराजमान होंगे, जो कि हमारे देश के लिए एक शुभ समय और संकेत है। लंबे वर्षों के इंतजार के बाद रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे है। इस उपलक्ष्य पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जन सहभागिता से सांस्कृतिक उत्सव और समस्त धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अब कैंची धाम की मान्यता वैश्विक पटल तक पहुंच पहुंच गई है। हर रोज कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। भक्तों की आस्था, भाव और आने वाले पांच दशकों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करते हुए सरकार कैंची धाम का मास्टर प्लान तैयार कर रही है। कैंची धाम मास्टर प्लान से आने वाले समय में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी।

**धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ेगा और सरकार की आर्थिकी सुदृढ़ होगी।** रविवार को कैंची धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का महिलाओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान सीएम धामी ने 24.68 करोड़ की लागत के शिलान्यास किए। जिसमें सैनिटोरियम से सिरोड़ी मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1214.71 लाख, सैनिटोरियम से नैनीबैंड तक भवाली का निर्माण कार्य सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1162.32 लाख, कैंची हरतपा  हली मोटर मार्ग का नाम परिवर्तन कर शहीद लांस नायक संजय बिष्ट मार्ग का और नगर निगम हल्द्वानी वार्ड 54 में नीम के पेड़ से प्रताप सिंह बिष्ट के घर तक मार्ग का सुधारीकरण के लिए 90.65 लाख का शिलान्यास किया।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक नैनीताल सरिता आर्य, भीमताल राम सिंह कैड़ा, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, मंडी बोर्ड अध्यक्ष डा अनिल डब्बू, पेयजल अनुश्रवण समिति अध्यक्ष दिनेश आर्य, जिला महामंत्री रंजन बरगली, नवीन भट्ट, प्रकाश हरबोला, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पी.एन मीना, एडीएम पी आर चौहान, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता की चिकित्सा जांच पर प्रदेश हाईकोर्ट ने डॉक्टरों पर पांच लाख का हर्जाना लगाया

**शिमला,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। दुष्कर्म पीड़िता की चिकित्सा जांच कानून के विपरीत किए जाने पर प्रदेश हाईकोर्ट ने सिविल हॉस्पिटल पालमपुर के डॉक्टरों पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। हाईकोर्ट ने इस राशि का भुगतान प्राथमिक तौर पर राज्य सरकार द्वारा पीड़िता को अदा करने के आदेश जारी किए हैं।

- **हाईकोर्ट ने इस राशि का भुगतान प्राथमिक तौर पर राज्य सरकार द्वारा पीड़िता को अदा करने के आदेश जारी किए हैं**

इसके पश्चात इसकी भरपाई दोषी डॉक्टर से किए जाने के आदेश पारित किए गए है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खण्डपीठ ने अपने निर्णय में कहा कि दुष्कर्म एक महिला के व्यक्तित्व और अंतर्निहित गरिमा पर मानसिक हमला है। यह एक महिला की पवित्रता और समाज की आत्मा के खिलाफ अपराध है। किसी का

**दुष्कर्म एक महिला के व्यक्तित्व और अंतर्निहित गरिमा पर मानसिक हमला: सत्येन वैद्य, न्यायाधीश**

शारीरिक ढांचा ही उसका मंदिर होता है और उस पर अतिक्रमण का अधिकार किसी को नहीं है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार टू-फिंगर टेस्ट, जिसे चिकित्सा शब्द के अनुसार, प्रति-योनि परीक्षा को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है। यह दिशानिर्देश हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी अपनाए गए हैं और इस कारण यह दिशानिर्देश पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य पेशेवरों पर लागू होते हैं। चूंकि टू-फिंगर टेस्ट दुष्कर्म पीड़िताओं की निजता, शारीरिक व मानसिक अखंडता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। इस कारण इन दिशा निर्देशों की अवहेलना होने पर प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को दुष्कर्म पीड़िता के लिए मुआवजे के तौर पर 5 लाख रुपए की राशि का भुगतान करने के आदेश जारी किए। सिविल अस्पताल पालमपुर में डॉक्टरों के हाथों हुए आघात, शर्मिंदगी, अपमान और उत्पीड़न के लिए, भुगतान प्राथमिक तौर पर राज्य सरकार द्वारा किया जाना है और उसके बाद जांच करने के बाद दोषी डॉक्टरों से वसूल किया जाएगा। उन सभी डॉक्टरों के खिलाफ जांच की जाएगी, जिन्होंने चिकित्सा सम्बन्धी प्रोफार्मा तैयार किया था और उसके बाद जिम्मेदारी तय की जाएगी ।उन पर वित्तीय दायित्व तय किया जाएगा जिन्होंने पीड़िता की चिकित्सकीय जांच की और संबंधित एमएलसी जारी की ।केवल यह तथ्य कि डॉक्टर सेवानिवृत्त हो गए हैं, आड़े नहीं आएगा। कोर्ट ने टिप्पणी की कि दुर्भाग्य से विशेष न्यायाधीश और उस मामले के लिए तैनात जिला अटॉर्नी भी मामले के संचालन में पर्याप्त संवेदनशील नहीं रहे हैं। मामले पर सुनवाई 27.2.2024 को निर्धारित की गई है। उस दिन राज्य सरकार को जांच की रिपोर्ट के साथ-साथ पीड़िता को 5 लाख रुपये के भुगतान की पुष्टि करने वाली रसीद कोर्ट के समक्ष पेश करनी होगी।

# प्रसिद्ध श्री सिद्धपीठ कोटेश्वर पर्यटन विकास मेला शुरू

**नई टिहरी,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। प्रसिद्ध श्री सिद्धपीठ कोटेश्वर पर्यटन विकास मेले का प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन एवं शुभारम्भ किया। नरेन्दनगर विकास खण्ड क्षेत्रान्तर्गत चाका क्वीली पालकोट में आयोजित होने वाले सात दिवसीय सिद्धपीठ कोटेश्वर पर्यटन विकास मेले के उद्धाटन अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है, उन्होंने मंत्री सुबोध उनियाल की मांग पर पोखरी महाविद्यालय में गणित संघ खोलने तथा अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ रूपये देने की बात कही। वही चाका में अस्पताल खोलने की मांग पर कहा कि जैसे ही अस्पताल के लिए जगह मिलेगी अस्पताल का जल्द निर्माण किया जायेगा। वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह मेला यहां को नई पहचान दिला रहा है, यहां के लोगों के प्रयास से ये मेला प्रति वर्ष प्रगति कर रहा है और इस क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा ही क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत है। उन्होने अपनी विधायक निधि से एक करोड़ रुपए क्वीली पालकोट क्षेत्र के विकास के लिए देने की घोषणा की। मेला स्थल पर कृषि, स्वास्थ्य, उधान, शिक्षा, पशुपालन, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओ की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मेले समिति के अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख नरेन्द्रनगर राजेन्द्र भण्डारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, गिरीश बन्थवाण, प्रधान धारकोट मीनाक्षी उनियाल, क्षेत्र समिति सदस्य मकान सिह, सीएमओ मनु जैन, सीईओ एसपी सेमवाल, एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व जन समुह उपस्थित रहे।

### धन सिंह रावत ने स्मृति नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा रविवार को घनसाली में निजी अस्पताल स्मृति नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार पहाड़ में बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराने तथा विभिन्न योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का काम कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अशासकीय बालगंगा महाविद्यालय सेंदूल का प्रांतीयकरण करने की घोषणा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी का जल्द उच्चीकरण कर बजट जारी किये जाने तथा बेलेस्वर अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को जल्द दूर करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर उन्होंने घनसाली में हनुमान मंदिर में सफाई की।




■ वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरूआत आज मणिपुर के थौबल से हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू विशेष रूप से शामिल हुए।

# रक्तदान से बड़ा जीवन में कोई पुण्य कार्य नहीं: महेन्द्र भट्ट

**देहरादून,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है उससे पहले रविवार से ही प्रधानमंत्री मोदी के आवाह्न पर देशभर में तमाम तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दून में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों, पत्रकारों व समाजसेवियों और लाईफ केयर पैथौलॉजी सेंटर ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान महादान का संदेश दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट,

- **बोले हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान**
- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को किया सम्मानित**

विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक उमेश शर्मा काउ, उत्तराखंड संस्कृति कला परिषद की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा नेता विशाल गुप्ता, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ एसडी जोशी, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ महेश कुड़ियाल सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा लाईफ केयर पैथोलॉजी सेंटर ने भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए मकर संक्राति के शुभअवसर पर देश के युवाओं को सबसे मूल्यवान दान करने के लिए आहवान किया है यह सराहनीय कार्य है। यह बहुत प्रभावशाली व सराहनीय प्रयास है। रक्तदान से बड़ा कोई दान पुष्य और सेवा नहीं है। इससे एक साथ कई मरीजों की जान बचती है। समाजिक कार्यों में भारतीय जनता पार्टी का उन्हें हमेशा सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने लाईफ केयर पैथौलॉजी सेंटर के निदेशक राजेश रावत, पत्रकार साथियों, समाजसेवियों की सराहना करते हुए कहा कि वह सभी मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

## सुडोकू 6437 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |

# कांग्रेस की न्याय यात्रा छलावा : अनुराग ठाकुर

■ अमित नेहरा

**ऊना/नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर रविवार को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और ऊना जिले में रहे। ठाकुर ने आज ऊना जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छः प्रमुख उत्सवों में एक मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले व जनता के साथ पूरे उल्लास के साथ सूर्य के उत्तरायण आगमन का पर्व मनाया। इस सुअवसर पर हमीरपुर सांसद ने आम जनमानस के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वाहन पर अनुराग सिंह ठाकुर अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना के प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में श्रमदान करते हुए परिसर की साफ सफाई भी की। इसके पश्चात अनुराग ठाकुर ने ऊना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मानित जनता के साथ मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

ठाकुर ने कहा कि मोदी के पिछले 9 वर्षों में वंचित ही वरीयता में हैं। संविधान दिवस मनाने की शुरुआत मोदी सरकार ने की, पंच तीर्थ को




- **कांग्रेसी नेता नहीं पचा पा रहे राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा: अनुराग ठाकुर**
- **मोदी सरकार ने किया अनुसूचित जाति को मुख्य धारा से जोड़ने का काम: अनुराग ठाकुर**

विकसित करने का काम मोदी सरकार ने किया। आज मोदी सरकार अपने विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को अंत्योदय से आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली करारी शिकस्त के बाद आज सहयोगी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में कतरा रहे हैं। डूबते जहाज पर कोई सवारी नहीं करना चाहता। कांग्रेस तो डूबी ही है, अपने साथ अन्य दलों को भी डूबा रही है।

# मोदी के आह्वान पर देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर भाजपा ने प्रदेश के तमाम देवालयों में सफाई अभियान की शुरुआत की

**शिमला,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर भाजपा ने आज प्रदेश के तमाम देवालयों में सफाई अभियान की शुरूआत की। सफाई अभियान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अर्थात 22जनवरी तक लगातार चलेगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला काली बाड़ी मंदिर से अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर शिमला भाजपा का तमाम कुनबा उनके साथ मौजूद रहा। अभियान के तहत भाजपा नेता सुबह 11 बजे काली बाड़ी मंदिर पहुंचे । सभी नेताओं ने मंदिर परिसर में सफ़ाई अभियान चलाया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष समेत सभी नेताओं ने मंदिर परिसर की धुलाई की। मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश भर में मंदिरों की साफ़ सफ़ाई का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अयोध्या में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा तक अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के सदकर्मों का प्रतिफल है कि हम सभी इस शुभ घड़ी के साक्षी बन रहे हैं। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद 22 जून को विधि विधान से राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और अयोध्या नगरी को एक वैश्विक नगरी की तरह विकसित किया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत पूरी मज़बूती के साथ जुड़ा है और सबका साथ-सबका विकास के ध्येय के साथ आगे बढ़ रहा है।

# बेस अस्पताल में कार्डियो ओपीडी में 45 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**श्रीनगर,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस चिकित्सालय में रविवार को आयोजित कार्डियो ओपीडी में विभिन्न स्थानों से हार्ट संबंधी परेशानियों को लेकर 45 मरीज पहुंचे। जिसमें दून से पहुंचे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमर उपाध्याय ने 20 मरीजों का इको किया। जबकि कार्डियो संबंधी दिक्कत होने पर उन्हें परामर्श के साथ दवा दी। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि अब अगली ओपीडी बेस चिकित्सालय में फरवरी माह के पहले रविवार को आयोजित होगी।

बेस अस्पताल में कार्डियो ओपीडी लगाने से पूर्व कार्डियॉलिस्ट डॉ. अमर उपाध्याय ने अस्पताल में निर्माणाधीन कैथ लैब का निरीक्षण किया। कैथ लैब में बन रहे कार्डियो संबंधी विभिन्न सेक्शनों का निरीक्षण किया। जबकि कैथ लैब के अंदर कार्डियक केयर यूनिट (सीसीयू), डे केयर यूनिट (डीसीयू) और हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू वार्ड) बनाने के लिए जगह चिन्हित की। इसके साथ ही ओटी सेक्शन के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान

- **बेस अस्पताल में निर्माणाधीन कैथ लैब का भी किया कार्डियोलॉजिस्ट ने निरीक्षण**
- **कैथ लैब में सीसीयू, डीसीयू और एचडीयू वार्ड बनाने की जगह भी की चयनित**
- **20 इको और 45 ईसीजी हुए**

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने कैथ लैब के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैथ लैब के मानकनुसार कार्य किया जायेगा। वहीं बेस अस्पताल में कार्डियो ओपीडी के दौरान बेस चिकित्सालय के मेडिसिन विभाग के एसआर डॉ. दिलवर, पीजी जेआर डॉ. विनोद तिवारी, कुशाग्र जैन, नर्सिंग अधिकारी मुक्ता रानी, ईसीसी टैक्नीशियन कमल सिंह गुंसाई आदि मौजूद थे।

# लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को प्रदेश में उम्मीदवारों की तलाश

### उम्मीदवारों के नामों तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक 16 जनवरी को शिमला में होगी

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। 2024 के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को प्रदेश की हमीरपुर, कांगड़ा व शिमला संसदीय सीटों पर जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश है। उम्मीदवारों के नामों तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक 16 जनवरी को शिमला में होगी। पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक व मंत्री उपस्थित रहेंगे। बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी। इसके बाद कांग्रेस हाईकमान द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी के साथ बैठक के बाद चालू जनवरी माह के अंत तक संभावित उम्मीदवारों के नाम का पैनल हाईकमान को भेजा जाएगा।

हिमाचल की चार लोक सभा सीटों में से 3 पर कांग्रेस ने कई सालों से जीत का स्वाद नहीं चखा है। 1980 से 1996 तक कांग्रेस का परंपरागत गढ़ रही शिमला संसदीय सीट में कांग्रेस 1998 के बाद से सिर्फ एक चुनाव जीती है। 2004 में हिविका के कांग्रेस में विलय के बाद कांग्रेस टिकट पर डॉ धनी राम शांडिल यहां से विजयी हुए थे। इसके बाद 2009 , 2014 तथा 2019 के तीन लोक सभा चुनाव में कांग्रेस इस सीट पर लगातार पराजित हुई है। कमोवेश यही स्थिति हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की भी है। हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के सुरेश चंदेल 1998,1999 2004 में विजयी हुए। 2007 में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. धूमल यहां से विजयी हुए, इसके बाद वर्तमान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर लगातार 4 लोक सभा चुनाव हमीरपुर से जीत चुके हैं। कांगड़ा संसदीय सीट से 2009 में भाजपा उम्मीदवार डॉ राजन सुशांत, 2014 में शांता कुमार तथा 2019 में भाजपा के किशन कपूर रिकार्ड मतों से विजयी हुए। हालांकि मंडी लोक सभा सीट पर भी कांग्रेस को लगातार 2014 व 2019 में पराजय झेलनी पड़ी, मगर 2021 में भाजपा सांसद राम स्वरूप शर्मा के आकस्मिक निधन के बाद हुए लोक सभा उप चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा सिंह यहां से विजयी हुई। जाहिर है कि हाल ही के सालों में प्रदेश में भाजपा का ग्राफ बढ़ा है, फिर चाहे वजह मोदी लहर हो अथवा भाजपा का मजबूत संगठन। लोक सभा चुनाव में भाजपा को जीत की हैट्रिक लगाने से रोकने के लिए कांग्रेस को खासा मशक्कत करनी पड़ सकती है। हालांकि 2014 से पहले का प्रदेश का लोक सभा चुनाव में प्रदेश में सत्तारूढ़ दल का पलड़ा भारी माना जाता था, मगर 2014 के बाद यह मिथक टूट गया है।



- **पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक व मंत्री उपस्थित रहेंगे**

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि 2024 के लोक सभा चुनाव की अहमियत को देखते हुए कांग्रेस हाई कमान ने सरकार व संगठन को एकजुटता के साथ पूरी ताकत से चुनाव लडने को कहा है। हाई कमान ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी और चुनाव कमेटी से संभावित प्रत्याशियों के नामों का पैनल भी हाईकमान ने मांगा है। इसके अलावा पार्टी के केंद्रीय नेता अपने स्तर पर भी सर्वे करवा रहे हैं। इसके बाद ही उम्मीदवारों के नाम तय होंगे।

# प्रादेशिकी

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लाइव देख सकेंगे कैदी

**फर्रुखाबाद,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। कारागार मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही मर्यादा पुरुषोत्तम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की सभी जेलों में लाइव दिखाया जाएगा। यह शुभ घड़ी 500 साल के बाद आई है। इससे कैदियों को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। वे जिला जेल फतेहगढ़ में बंदियों को कंबल तथा इनर बांटने के दौरान पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। जेल मंत्री ने कहा कि सर्दी के समय प्रति वर्ष ऐसे बंदियों को शासन की ओर से कंबल और इनर वितरित किए जाते हैं, जिनके परिवार के लोग उनसे मिलने नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश भर की हर जेल में मंगल और शनिवार को बंदी सुंदरकांड का पाठ करते हैं। इस वजह से फतेहगढ़ की जेल में उन्होंने आज आकर हनुमान चालीसा की पुस्तकों का वितरण बंदियों को किया है।

# रामलला के आगमन से पहले अयोध्या से प्रारंभ किया स्वच्छ तीर्थ महाभियान

**लखनऊ,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामनगरी अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। अयोध्या

- **मुख्यमंत्री ने लगाई झाड़ू, नगर निगम के सफाई वाहनों को दिखाई हरी झंडी**

को स्वच्छतम नगरी बनाने और यहां के सभी धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से रामलला के आगमन के अवसर पर साफ-सुथरा-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर नगर निगम के स्वच्छता वाहनों को रवाना भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कर प्रभु का आगमन हो रहा है। हर रामभक्त अपने आराध्य का अभिनन्दन करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा कि पूरे सप्ताह तक हर गांव-नगर, धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का अभियान चलाया



> **पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कर हो रहा है प्रभु का आगमन, हर रामभक्त करेगा भव्य अभिनन्दन : योगी आदित्यनाथ**

जाए। मुख्यमंत्री ने कहा इस अभियान से शिक्षकों, विद्यार्थियों, मंगल दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जोड़कर अयोध्या समेत पूरे प्रदेश को स्वच्छ रखा जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा हर देव मन्दिर, चिकित्सालय, विद्यालय, सड़क, गली, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई हो। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के लिए जनजागरुकता बढाएं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

## अयोध्या में बुंदेली भजन गाएंगे झांसी के कलाकार

**लखनऊ/झांसी।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन बुंदेलखंड के कलाकारों को भी ले जाने की तैयारी चल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार का संस्कृति विभाग झांसी के कलाकारों को बुंदेली भजन प्रस्तुत करने के लिए अयोध्या ले जाने की तैयारी में है और इसके लिए कलाकारों ने रिहर्सल भी शुरू कर दिया है।

झांसी जनपद के मऊरानीपुर क्षेत्र के रहने वाले लोक कलाकार और गायक रामाधीन आर्य ने बताया कि वे अपने दल के साथ अयोध्या में 22 जनवरी को बुंदेली भाषा में भजन प्रस्तुत करेंगे। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से उनके पास प्रस्ताव के लिए फोन आया था और आने वाले दिनों में प्रस्ताव पर स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। रामाधीन आर्य ने बताया कि उनके दल में 15 सदस्य हैं और दल के सभी सदस्य 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर उल्लास में हैं।

## लोकनिर्माण विभाग में सड़क सुरक्षा सवालों के घेरे में

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। लोकनिर्माण विभाग में सड़क सुरक्षा सवालों के घेरे में है। लेकिन अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या और लखनऊ के जिम्मेदार अफसर मौन है। जिम्मेदारों की अनदेखी से आबादी और बाजारों से गुजरने वाली सड़कों पर अवैध कब्जे से आधी सड़कें गायब हो गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में तीन मीटर की पक्की सड़कें एक मीटर में पगडंडी के बराबर हो गई है। सड़कें छोटी और यातायात ज्यादा होने से सबसे ज्यादा खतरा साइकिल से स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पैदा हो गया है।

**जिम्मेदार अफसर मौन**

जबकि सड़कों की निगरानी के लिए बलराम सिंह अमीन की तैनाती की गई है। लेकिन अमीन फील्ड में डियूटी के नाम पर घर बैठकर पगार लेता हैं। लोकनिर्माण विभाग की सड़कों पर जगह-जगह अवैध अतिक्रमण हो गए हैं। विभाग करोड़ों रुपए खर्च करके सड़कों का निर्माण करता है। लेकिन सड़क सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। सड़कों पर अवैध कब्जे के संबंध में लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सड़कों पर अवैध कब्जे की शिकायतें रोजाना आती है। लेकिन अमीन बलराम सिंह कभी आता नहीं है।

## मकर संक्रांति पर चित्रकूट से शुरू होगी श्रीराम चरण पादुका यात्रा

**लखनऊ/अयोध्या,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। श्रीराम चरण पादुका यात्रा मकर संक्रांति (15 जनवरी) से चित्रकूट से प्रारंभ होगी, जो 19 जनवरी को रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी। भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह और पादुका पूजन के साथ यात्रा प्रारंभ होगी। यह प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा में शामिल लोगों का रात्रि विश्राम जनपदों में होगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ओर से विभिन्न प्रस्तुतियां होंगी। हर जनपद में श्रीराम पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। योगी सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग इसका आयोजन कर रहा है, जबकि इसमें भारत शक्ति संस्थान का भी सहयोग रहेगा। श्रीराम चरण पादुका यात्रा 15 जनवरी को भरतकूप (चित्रकूट) स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह के साथ प्रारंभ होगी। यहां से यात्रा चित्रकूट के विभिन्न मंदिरों से होते हुए चलेगी। इसमें मंदाकिनी नदी का जल संग्रह किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम- मां सीता, लक्ष्मण जी का प्रतीक पूजन व पादुका पूजन होगा। यहां रात्रि विश्राम कर यात्रा अगली सुबह 16 जनवरी को प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेगी। चित्रकूट से वाया राजापुर, मंझनपुर होते हुए प्रयागराज में पहुंचने पर संगम का जल कलश में संग्रहित किया जाएगा। यहां रात्रि विश्राम के

- **श्रीराम वन गमनपथ से होते हुए 19 जनवरी को पहुंचेगी अयोध्या**
- **प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर होते रामनगरी में यात्रा का होगा समापन**

दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति का भी आनंद उठा सकेंगे। 17 जनवरी को यात्रा श्रृंगवेरपुर को प्रस्थान करेगी। यहां गंगा नदी का जल संग्रह कर पादुका पूजन होगा। 18 को यात्रा यहां से प्रतापगढ़ होते हुए सुल्तानपुर पहुंचेगी। यहां सई नदी का जल कलश में संग्रहित किया जाएगा। 18 को रात्रि विश्राम सुल्तानपुर में होगा। यहां गोमती नदी का भी जल संग्रहित किया जाएगा। 19 जनवरी को यात्रा वाया नंदीग्राम अयोध्या पहुंचकर संपन्न होगी।

## सार संक्षेप

### खादी उत्सव में सभी स्टालों पर मिली रही छूट

**मेरठ।** राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण मेरठ में आयोजित मण्डीलय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024 जिसमें 8 राज्यों के लगभग 100 प्रतिभागियों के द्वारा अपनी इकाईयों को लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शित उत्पादों की लोगों के द्वारा सराहना की जा रही है। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण खादी वस्त्र, ऊनी वस्त्र, चादर, पटियाला सूट एवं जूतियों है इसके साथ खुर्जा की क्राकरी एवं मेरठ का ओर्गेनिक गुड़ कन्नौज का इत्र, चन्दन, एवं अगरबत्ती तथा प्रतापगढ़ का अचार मुरब्बा, सहारनपुर के फर्नीचर एवं मुरादाबाद के पीतल के सजावटी है। दिनांक 05.01.2024 से दिनांक आज तक लगभग 26 लाख की बिक्री हो चुकी है।

### स्वतंत्रदेव सिंह प्रतापगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा मे हुए शामिल

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह रविवार को प्रताप गढ़ जिले के ग्राम पंचायत सहेरूआ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि प्रतापगढ़ के लोग प्रतापी, वीर और राष्ट्रवादी होते है। कुछ दिनों बाद प्रभु श्रीराम के मन्दिर का द्वार खुलने जा रहा है और हमारा पुराना सपना पूरा होने जा रहा है, जिस प्रकार से पूरा विश्व राममय है वैसे ही 22 जनवरी को प्रतापगढ़ भी राममय रहेगा और मिलकर इस पर्व को दीपावली की तरह मनायेगें। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़कर एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें और योजनाओं का लाभ उठाए। केंद्र एवं प्रदेश सरकार अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है । मुख्ममंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में महिलायें सुरक्षित है।

### मेरठ में सीडीए अधिकारी का शव मिलने से सनसनी

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र में रविवार सुबह हाइवे पर खाली पड़े बाग में एक सीडीए (रक्षा लेखा महानियंत्रक) अधिकारी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि देहरादून निवासी अंकित पंवार उत्तराखंड के लैंसडाउन में सीडीए अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह मेरठ में होने वाली सीडीए अधिकारियों की ट्रेनिंग में शामिल होने मेरठ आए हुए थे और अपने साथियों के साथ सीडीए हॉस्टल में ही रुके हुए थे। मृतक के साथियों ने पुलिस को घटना के बारे में आगे बताया कि शनिवार रात लोहरी मनाने के बाद तमाम लोग खाना खाकर अपने अपने कमरों में चले गए थे। रविवार सुबह किसी राहगीर ने कंकरखेड़ा क्षेत्र में स्थित खड़ौली के पास एक शव पड़ा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की जिसमें शव सीडीए अधिकारी अंकित पंवार का होने का पता चला।

**Name change**

I HAVE CHANGED MY NAME AYSHA RAJPUT FROM IRAM NAAZ D/O IRFAN ALAM R/O KHAIR NAGAR MEERUT FOR ALL FUTURE PURPOSES.

## शोध में पुस्तकालय की भूमिका अहम



**मेरठ,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित एवं चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो सप्ताह के क्षमता सवर्द्धन कार्यकम के चौथे दिन तीन तकनीकी सत्र चलाए गए। प्रथम तकनीकी सत्र प्रो. रवीन्द्र ब्रह्म्ये, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, पं. रवीशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़, ने विजन विकसित भारत 2047 विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं, शिक्षकों और शैक्षिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जहां देश आर्थिक रूप से विश्व की महा अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। हमें राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखना होगा। हमें शिक्षा व कौशल में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

## खुद को देश की सेवा में न्योछावर करना सराहनीय : जिलाधिकारी

**मेरठ,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी आवास सिविल लाईन मेरठ पर वेटरन्स दिवस मनाया गया। वेटरन्स दिवस मनाया जाता है क्योंकि 1953 में इस दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमान्डर-इन-चीफ, फील्ड मार्शल, के.एम.करियप्पा जिन्होने 1947 के युद्व में भारतीय सेना को जीत दिलाई थी। ओपचारिक रूप से सेना से दिनांक 14-01-1953 को सेवा निवृत्त हुए थे। फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा, ओबीई के सेना में दिए गए अतुलनीय योगदान की याद में हर वर्ष मनाया जाता है। यह दिन देश के सम्मानित पूर्व सैनिकों को समर्पित है। पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन 2017 से ही सेवानिवृत्त, सेवारत और राष्ट्र के बीच परस्पर सोहाद्र की पुष्टि करने और सर्वोच्च बलिदान देने वाले तथा निस्वार्थ रूप से देश की सेवा करने वाले नायको का स्मरण और उनका सम्मान करने के लिए किया जाता है। एडीजी, ध्रुवकान्त ठाकुर, जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान द्वारा जनपद मेरठ की



- **जिलाधिकारी आवास पर मना वेटरन्स दिवस**
- **भूतपूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान**
- **ऐसे समारोह से हमारे भूतपूर्व सैनिकों का बढेगा मनोबल : एडीजी**
- **वीर नारियों, द्वितीय विश्व युद्व की विधवाओं व गैलेंट्री अवार्डी ने समारोह में लिया हिस्सा**

वीर नारी, द्वितीय विश्व युद्व की विधवायें तथा जनपद मेरठ में गैलेंट्री अवार्डस एवॅ अन्य अवार्ड से सम्मानित भूपू सैनिकों का सम्मान किया गया। इस समारोह में 30 वीर नारियों, 07 द्वितीय विश्व युद्व की विधवाओं तथा 15 गैलेंट्री अवार्डी ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने सभी को सम्बोधित किया। समारोह में एक भोज की भी व्यवस्था की गई।

समारोह में उपस्थित एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर ने वीर नारी तथा आफिसरों को सम्बोधित किया तथा कहा कि यह देश की के लिए बहुत गर्व की बात है कि इस प्रकार के समारोह आयोजित किये जा रहे है, इससे हमारे भूतपूर्व सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होने यह भी कहा कि इनके कारण ही हमारे देश की सीमा तथा देश सुरक्षित है। जिलाधिकारी ने वेटरन्स डे के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

### ध्रुवकान्त ठाकुर ने वीर नारी तथा आफिसरों को किया सम्बोधित

समारोह में उपस्थित एडीजी ध्रुवकान्त ठाकुर ने वीर नारी तथा आफिसरों को सम्बोधित किया तथा कहा कि यह देश की के लिए बहुत गर्व की बात है कि इस प्रकार के समारोह आयोजित किये जा रहे है,इससे हमारे भूतपूर्व सैनिकों का मनोबल बढेगा। उन्होने यह भी कहा कि इनके कारण ही हमारे देश की सीमा तथा देश सुरक्षित है। इस मौके पर ले. जनरल जेएस वर्मा, पीवीएसएम, एवीएसएम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जिलाधिकारी का धन्यवाद किया तथा कहा यह एक भव्य समारोह था और प्रत्येक वर्ष जनपद में वेटर्नस दिवस मनाया जाना चाहिए।

## आरडीएसएस के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण

**मेरठ,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। प्रबंध निदेशक चैत्रा वी. ने शनिवार को रिवेंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम जनपद बिजनौर के भरत विहार फीडर के अंतर्गत ऐबी केबल रिप्लेसमेंट के कार्यों को देखा और अधिकारियों को इस योजना के कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह सभी कार्य पूर्ण हो जाने के पाश्चात डिस्कॉम के सभी 14 जनपदों के उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। जहां एक ओर उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिलेगी वहीं विद्युत वितरण प्रणाली मजबूत होगी। ब्रेकडाउन कम होंगे और विद्युत तंत्र की क्षमतावृद्धि से उपभोक्ताओं को सीधे फायदा मिलेगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि लॉस रिडक्शन कार्य के तहत ऐबी केबल लगाने का कार्य, जर्जर तार व पोल को बदलने का कार्य, किसानों को कृषि और घरेलु उपभोक्ताओं को निर्बाध अपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फीडर सेपरेशन का कार्य तेजी से किया जा



रहा है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के कार्य क्षेत्र के 14 जिलों में रिवेंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में 3403.01 करोड़ रुपए के वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के कार्य इस योजना के अंतर्गत किए जाएंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य विद्युत तंत्र को मजबूत करने के लिए संस्थागत क्षमताओं का विकास उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्ता पूर्ण विद्युत आपूर्ति के साथ साथ तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को 12 से 15 प्रतिशत तक कम करना है।

## जयवीर सिंह ने किया योजनाओं का लोकार्पण

**फिरोजाबाद,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह रविवार को तीन करोड़ की परियोजनाओं का लोर्कापण किया। यहां रामलीला ग्राउंड की बाउंड्रीबाल और एक मंचीय कमरे तथा आवगंगा पर सत्संग भवन और टीन शैड का पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लोकापर्ण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रामलीला कमेटी, आवगंगा कमेडी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। लोकापर्ण कार्यक्रम के दौरान संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास की गंगा बहरही है। हर तरफ चंमुखी विकास हो रहा है। वर्तमान में 22 जनवरी का सनातन धर्म को मानने वालों में बेसब्री से इंतजार है। लोग अभी से भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में जुट गये हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य, दिव्य और अलोकिक मंदिर निर्माण हो चुका है। उन्होंने कहा राम लला के प्रांण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

## साइबर क्राईम से बचने के लिए जागरूकता जरूरी : विदूषी शर्मा

**मेरठ,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ की कंप्यूटर साइंस की विभागाध्यक्ष विदुषी शर्मा ने बताया कि साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिस में कंप्यूटर और नेटवर्क शामिल है। किसी भी कंप्यूटर का अपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना साइबर अपराध कहलाता है। कंप्यूटर अपराध मे नेटवर्क शामिल नही होता है। किसी की भी निजी जानकारी कंप्यूटर से निकाल लेना या चोरी कर लेना भी साइबर अपराध है। कंप्यूटर अपराध भी कई प्रकार से किये जाते है जैसे कि जानकारी चोरी करना, जानकारी मिटाना, जानकारी मे फेर बदल करना, किसी कि जानकारी को किसी और स्पैम ईमेल, हैकिंग, फिशिंग, स्पैम ईमेल-फर्जी बैंक कॉल, साइबर बुलिंग,वायरस को डालना, किसी की जानकारी को ऑनलाइन प्राप्त करना या किसी पर हर वक्त नजर रखना। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में अवलोकन और निगरानी, जागरूकता के द्वारा भी अपराधियों को पहचाना जा सकता है और सुरक्षित रहा जा सकता है। तकनीकी सुरक्षा और उपकरणों का प्रयोग करके, अपराधियों की गतिविधियों को रोका जा सकता है। सामाजिक संगठन और समुदाय के सहयोग से, अपराधियों को पहचानने में सहायता मिल सकती है।



समुदाय और प्रशासन का सहयोग मिलकर, अपराधियों के खिलाफ सामूहिक प्रतिक्रिया तैयार की जा सकती है और समुदाय को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

**आयोजन** *सनातन संगम न्यास व सुभारती के संयुक्त तत्तवावधान में प्रथम धम्म का आयोजन*

# अंधकार को मिटाएगी सनातन संगम की ज्योति: डॉ. अतुल कृष्ण

**मेरठ,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के प्रांगण में सनातन संगम न्यास एवं सुभारती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्तवावधान में प्रथम सनातनी धम्मा योजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री के. पी. मलिक व धम्मातिथि के ग्रुप में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ के चेयरमैन राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह रहे। देसरे चरण के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश। सरकार में राज्य मंत्री के.पी मलिक, सनातन संगम न्यास के न्यासी डॉ. अतुल कृष्ण, विवेक कुमार, सरदार जसविंदर सिंह, अमित जैन, विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री यशवीर सिंह , पूर्व विधायक जितेंद्र सतवाई, पंडित संदीप सजल, आचार्य रणधीर शास्त्री, डॉ.हरिओम पंवार आदि ने सनातन संगम ज्योति को संयुक्त रूप से प्रज्वल्लित किया। सनातन संगम न्यास के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने बताया कि सनातन का अर्थ है, वह जो चिरकाल से है, जो शाश्वत है जो अपरिवर्तनीय है। जब इस शब्द का प्रयोग किसी दर्शन के संबंध में किया जाता है तो इसका अर्थ उन सिद्धांतों से होता है जो किसी



- **गांव-गांव तक पहुंचाई जाए सनातन विचारधारा : के.पी. मलिक**
- **क्रान्तिधरा से सनातन संगम के रुप में शुरू हो रही नई क्रान्तिः चौ. यशवीर सिंह**

व्यक्ति के द्वारा नहीं बनाए गए एवं स्वयं प्रकृति ने उन्हें मानव को उसके धर्म स्वरूप दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के द्वारा दिए गए सनातन मूल्य वे हैं जिन पर चलकर व्यक्ति अपना एवं संपूर्ण सृष्टि का मंगल कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सनातन मूल्य प्रेम, करुणा, मैत्री, समानता सद्भावना एवं समन्वय का हैं। वर्तमान में यदि सनातन धर्म की चर्चा की जाती है तो ऐसा प्रतीत होता है की मूर्ति पूजक हिंदू ही सनातनी है। मुख्य अतिथि मंत्री के.पी.मलिक ने कहा कि सनातन संगम के इस पुनीत विचारधारा को ना केवल शहरों तक सीमीत किया जाए बल्कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाया जाए। इस काम में मैं सनातम संगम न्यास के साथ सदैव कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार हूं। धम्मातिथि राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने कहा कि मेरठ की धरती क्रांति की धरती है, यहीं से स्वतंत्रता आंदोलन की पहली क्रांति की शुरुआत हुई और आज फिर जब एक पुनर्जागरण की जरुरत है तो मेरठ की इस क्रान्तिधरा से एक नई क्रान्ति सनातन संगम के रुप में शुरु हो रही है।

इस अवसर पर आचार्य रणधीर शास्त्री, जैन मुनि पंडित संदीप सजल, पूजनीय भिक्खु संघसेना, ग्रंथि सरदार शरद सिंह ने अपने-अपने मतों हिन्दू, जैन, बौद्ध एवं सिख धर्म की व्याख्या करते हुए अपने -अपने मतों में सनातन मूल्यों के विद्यमान होने को स्पष्ट किया। इस अवसर पर भिखु संघ सेना, विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कुलपति मेजर जनरल डॉ जी.के. थपलियाल, डॉ. कृष्णा मूर्ति, डॉ. देशराज सिंह, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. हिरो हितो, डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. अनोज राज, डॉ. मुकेश रुहेला, डॉ. संचित प्रधान, डॉ. श्रवन कुमार, डॉ. रेनू मावी, राजकुमार सागर, सनातन संगम न्यास के न्यासी अमित जैन, सरदार जसविन्दर सिंह, देवेश दीक्षित, ऋषि त्यागी, आकाश कुमार (निजी सचिव), न्यास के सचिव विवेक कुमार, संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के साथ साथ सैकड़ों विद्यार्थी व विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं गैरशिक्षण कार्मिक तथा आम जनता उपस्थित रही।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 15 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

## 'करीब' के समय काश मैं इतना मैच्योर होता, जितना अब हूं : बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल ने 'आश्रम', 'क्लास ऑफ '83' और 'एनिमल' जैसी प्रोजेक्ट्स में अपनी परफॉर्मेंस से तारीफें बटोरी हैं। बॉबी देओल का मानना है कि 1990 के दशक के दौरान जब उन्होंने 'करीब' जैसी फिल्में की थीं, तब उनमें वह मैच्योरिटी होनी चाहिए थी जो अब है। यह पूछे जाने पर कि उन्हें विलेन या चॉकलेट बॉय में से क्या रोल पसंद है, बॉबी ने कहा कि एक एक्टर के रूप में मैं इनमें से कुछ नहीं चुनूंगा, मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मैंने और ज्यादा सीखा है मैं उस समय (1990 के दशक) इम्मैच्योर था। एक स्पेशल फिल्म 'करीब' के बारे में बात करते हुए, जो 1998 में रिलीज हुई थी और विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित थी, बॉबी चाहते हैं कि फिल्म में बिरजू का किरदार निभाने के लिए उनमें अब जैसी मैच्योरिटी आ जाए।

कुपोषण को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन

# कुपोषण के कारण बढ़ रही टीबी की बीमारी

## 1.06 करोड़ मामलों और 16 लाख मौतों के साथ टीबी दुनिया में मौत का प्रमुख संक्रामक कारक

**न्यूयॉर्क,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। एक वैश्विक शोध के अनुसार, कुपोषण दुनिया भर में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी का प्रमुख कारण है, जो तपेदिक (टीबी) का एक प्रमुख कारण है।

अकेले 2021 में 1.06 करोड़ मामलों और 16 लाख मौतों के साथ टीबी दुनिया में मौत का प्रमुख संक्रामक कारक है। बीएमसी ग्लोबल एंड पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित ऑनलाइन अध्ययन से पता चला है कि टीबी के पांच में से एक मामले का कारण कुपोषण है, जो कि एचआईवी/एड्स के कारण होने वाली मौतों से दोगुने से भी अधिक है।

एचआईवी/एड्स की तरह, कुपोषण द्वितीयक इम्युनोडेफिशिएंसी का एक कारण है, जिसे कुपोषण जनित इम्युनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एन-एड्स) के रूप में जाना जाता है। हालांकि, वैश्विक टीबी उन्मूलन प्रयासों में एन-एड्स एचआईवी/एड्स का उपेक्षित चचेरा भाई बना हुआ है। अध्ययन में, शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दशकों के आंकड़ों की समीक्षा की और यह पाया कि एचआईवी/एड्स की तरह एन-एड्स भी टीबी को खत्म करने के प्रयास में विशेष विचार के योग्य है।

संस्थान में मेडिसिन के सहायक प्रोफेसर और शोध के लेखक प्रणय सिन्हा ने बताया कि हालांकि टीबी का पता लगाने और इलाज करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति हुई है, लेकिन मौजूदा साहित्य की हमारी व्याख्या यह है कि हम कुपोषण पर कार्रवाई किए बिना टीबी की घटनाओं और मृत्यु दर में महत्वपूर्ण बदलाव नहीं कर पाएंगे।




पोषण और टीबी पर 75 से अधिक पेपर पढ़ने के बाद, शोधकर्ताओं ने एचआईवी पर कार्रवाई का वैश्विक टीबी महामारी पर पड़ने वाले प्रभाव का संक्षेप में वर्णन किया है। वे बताते हैं कि कुपोषण दुनिया भर में इम्युनोडेफिशिएंसी का प्रमुख कारण है।

बोस्टन मेडिकल सेंटर में संक्रामक रोग चिकित्सक सिन्हा ने कहा कि गंभीर कुपोषण वाले लोगों, जैसे एचआईवी वाले लोगों में टीबी का खतरा बढ़ जाता है। हम कुपोषण के बारे में पहले से ही जो जानते हैं उसका लाभ उठाकर टीबी का पता लगाने, इलाज करने और रोकने में सहायता कर सकते हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि नए उपकरणों को विकसित करना जारी रखना जरूरी है, लेकिन दृष्टिकोण बायोमेडिकल क्षेत्र तक ही सीमित नहीं होना चाहिए।

उदाहरण के लिए, उनकी समीक्षा में शामिल एक अध्ययन में पाया गया कि तपेदिक से पीड़ित व्यक्तियों के घरेलू संपर्कों में टीबी की घटनाओं को सस्ती भोजन टोकरी प्रदान करने से 40 प्रतिशत तक कम कर दिया गया था।

उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि टीबी केवल एक चिकित्सीय बीमारी नहीं है, यह एक सामाजिक बीमारी है और हमारे उन्मूलन प्रयासों को इसे स्वीकारना चाहिए। शोधकर्ताओं के मुताबिक, कुपोषण पर कार्रवाई से टीबी के अलावा भी कई फायदे होंगे। उन्होंने टीबी का अधिक प्रभावी ढंग से पता लगाने, रोकथाम और उपचार करने के लिए पोषण संबंधी हस्तक्षेपों का लाभ उठाने के विचार का पता लगाया।

# कुत्तों का इकलौता स्मारक, जहां उनके कब्रों पर दर्ज हैं बहादुरी-वफादारी की इबारतें

## स्ट्रीट डॉग, पालतू कुत्तों और बिल्लियों के शवों का भी होगा अंतिम संस्कार



**जमशेदपुर,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। कुत्तों की बहादुरी और वफादारी की कहानियां तो आपने बहुत सुनी होंगी, लेकिन उनकी यादों को सहेजने वाले किसी स्मारक के बारे में जानते हैं? जमशेदपुर शहर में एक ऐसा स्मारक स्थल है, जहां बहादुर-वफादार कुत्तों की मौत के बाद उन्हें न सिर्फ सम्मानपूर्वक दफन किया जाता है, बल्कि उनकी कब्रों पर उनकी बहादुरी की इबारत भी दर्ज की जाती है।

पूरे देश में यह अपनी तरह का संभवतः पहला डॉग कैनाल है। जमशेदपुर शहर के टेल्को इलाके में टाटा मोटर्स कंपनी ने 1964 में पहली बार डॉग कैनाल बनाया था, जहां कंपनी की सुरक्षा में तैनात राणा वॉन एक्रुअल नामक अल्सेशियन नस्ल के कुत्ते को दफनाया गया था।

कंपनी पिछले 60 साल से इस कैनाल की देखभाल कर रही है। लगभग पांच एकड़ में फैले कैनाल में अब तक 41 कुत्तों को दफनाने के बाद उनके स्मारक बनाए गए हैं। हर स्मारक पर कुत्ते का नाम, नस्ल, उनके जन्म-मृत्यु की तारीख और उनकी वफादारी-बहादुरी-कुर्बानी का दास्तां लिखी गई है।

टाटा मोटर्स कंपनी पहले टेल्को के नाम से जानी जाती थी। इसने वर्ष 1963 में पहली बार कंपनी परिसर में संपत्तियों की सुरक्षा के लिए चार प्रशिक्षित कुत्ते तैनात किए थे। इनमें दो कुत्ते अल्सेशियन और दो डाबरमैन नस्ल के थे। इनके साथ चार डॉग हैंडलर भी रखे गए थे, जिन्हें बॉम्बे पुलिस द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। आज भी कंपनी की सुरक्षा में उच्च नस्लों वाले एक दर्जन कुत्ते तैनात रखे गए हैं। इनके लिए सुविधाजनक सिंगल रूम, ट्रेनिंग ग्राउंड, ग्रूमिंग शेड, किचन और ऑपरेशन थिएटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन कुत्तों ने देश भर के कई शहरों के डॉग शो में खिताब जीते हैं। कई बार जिला पुलिस और प्रशासन भी इन कुत्तों की मदद लेता है।

डॉग कैनाल वाले इस शहर में अब कुत्तों और बिल्लियों के शवों के सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार के लिए विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की भी तैयारी चल रही है। यहां स्वर्णरेखा नदी घाट पर पर बनने वाले इस शवदाह गृह के निर्माण में जमशेदपुर केनेल क्लब, टाटा स्टील और कई अन्य संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। करीब 30 लाख की लागत से बनाया जाना वाला विद्युत शवदाह गृह झारखंड-बिहार का पहला होगा। यहां स्ट्रीट डॉग, पालतू कुत्तों और बिल्लियों के शवों का भी अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने विस्तारा एयरलाइन पर लगाया 'मानसिक उत्पीड़न' का आरोप

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। 'नागिन 5', 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' और 'कुबूल है' जैसे लोकप्रिय शो में अपनी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि चंदना ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक हालिया घटना को लेकर विस्तारा एयरलाइन पर 'मानसिक उत्पीड़न' का आरोप लगाया है। चंदना ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर विस्तारा एयरलाइन के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनका सामान गलत जगह पर रख दिया गया और ग्राउंड स्टाफ सदस्य ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। एक पोस्ट में अभिनेत्री ने एयरलाइन की कथित लापरवाही के कारण हुई परेशानी को उजागर करते हुए अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'सबसे खराब एयरलाइन का पुरस्कार 'एयर विस्तारा' को जाता है। मेरे जरुरी बैग को ऑफलॉडेड कर दिया गया, इसका कारण उनको ही पता होगा, उन्होंने पूरा दिन बर्बाद कर दिया और मुझे अभी भी आश्वस्त नहीं किया गया है कि बैग सही तरीके से मां तक पहुंचा है या नहीं, अक्षम कर्मचारियों के झूठे वादे, और एयरलाइन द्वारा भयानक देरी की गई।'



# मानस अवलोकन संस्था ने किया 551 दीप प्रज्वलित, 251 लोगों ने किया सुन्दरकांड का पाठ




**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मानस अवलोकन संस्था कलूपुरा के तत्वावधान में 551 दीप प्रज्वलित करके 251 महानुभावों द्वारा सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड पाठ का सस्वर आयोजन रविवार को दोपहर बौद्ध मिशन कन्या उ.मा.विद्यालय कलूपुरा के प्रागंण में किया गया। इस महायज्ञ में वृद्धजनों, मातृ-शक्ति, युवा शक्ति, विद्यार्थियों और नन्हे बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी अपनी आहुति प्रदान करके पुण्य के भागी। मानस अवलोकन संस्था के महा सचिव हरिओम शास्त्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 का आने वाला दिन हम सब के जीवन का एक बहुत ही सौभाग्यशाली दिन है। हमारे इन नेत्रों को भगवान श्री राम जी के भव्य मंदिर का निर्माण और भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर को देखने का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है। ये क्षण हमारे लिए अलौकिक हैं। संस्था के सचेतक संजय देव विमल ने कहा कि हम सब के लिए और विशेष रूप से देश के युवाओं के लिये तो

# आइरा खान और नुपुर शिखारे की रिसेप्शन पार्टी में अंबानी, सचिन व शिंदे समेत पूरा बॉलीवुड आया नजर



**मुंबई,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आइरा खान और उनके पति नुपुर शिखारे की रिसेप्शन पार्टी बेहद शानदार रही। मुंबई के बीकेसी इलाके में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में न केवल पूरा बॉलीवुड एक साथ आया, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर, अभिनेत्री कैटरीना कैफ, ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान, अनुभवी अभिनेत्री रेखा समेत पूरा बॉलीवुड इस मौके पर मौजूद रहा। सुपरस्टार शाहरुख खान ने सफेद शर्ट, ब्लैक वेस्टकोट, मैचिंग जैकेट और ट्राउजर में पार्टी में शिरकत की। उनके साथ उनकी पत्नी गौरी भी थीं, जो मैरून और सुनहरे रंग के सूट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस कार्यक्रम में जया बच्चन, श्वेता बच्चन, सुष्मिता सेन, नागा चैतन्य, फरहान अख्तर, अनिल कपूर, जावेद जाफरी, दिलीप जोशी, रेखा, सायरा बानो, सोनाली बेंद्रे, धर्मेंद्र और ईशा देओल, कंगना रनौत, सुष्मिता सेन भी शामिल हुईं।

## आइरा खान-नुपुर शिखारे के रिसेप्शन में फोटोग्राफर्स पर भड़कीं जया बच्चन



*बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आइरा खान और उनके पति नूपुर शिखारे के शादी रिसेप्शन का पापराजी (फोटोग्राफर्स) को इंतजार था। पार्टी में अभिनेत्री जया बच्चन भी नजर आईं, जिन्होंने कार्यक्रम में आते ही फोटोग्राफर्स पर व्यंग्यात्मक कटाक्ष किया। मुंबई के बीकेसी इलाके में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के दिग्गज और विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। इस समारोह में जया बच्चन ने अपनी बेटी श्वेता बच्चन और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे के साथ पहुंचकर धमाल मचा दिया। वरिष्ठ अभिनेत्री ने कई रंगों वाली लंबी जैकेट के साथ शाही नीला कुर्ता और पायजामा पहना था। उनके आने पर पपराजी ने जया, श्वेता और सोनाली से पोज देते समय उनकी ओर देखने का अनुरोध किया।*

# माघ मेले का खोया-पाया शिविर इस साल हाईटेक हुआ



**प्रयागराज,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। माघ मेला सोमवार से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में 'भूले भटके शिविर', जो कि 53 दिनों तक चलने वाले धार्मिक मेले का एक निर्विवाद हिस्सा है, एक बड़े बदलाव से गुजरेगा। शिविर के आयोजक उमेश तिवारी ने कहा कि पहली बार, खोया-पाया शिविर में शिविर के स्वयंसेवकों के लिए वेब-कैमरा और इंटरनेट सेवाओं के साथ कंप्यूटर सेट होंगे ताकि वे पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रह सकें और लापता व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलवाने में मदद कर सकें। शिविर मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। माघ मेला देश के सभी हिस्सों से लाखों भक्तों को आकर्षित करता है, जिनमें से अधिकांश बुजुर्ग और अशिक्षित हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बस्ती में अपना रास्ता भूल जाते हैं। शिविर ने 1946 से अब तक 15.32 लाख लोगों को उनके परिवारों से दोबारा मिलवाया है।

उमेश तिवारी ने कहा कि अब मोबाइल फोन के साथ कई लोगों ने सीख लिया है कि खो जाने की स्थिति में अपने परिवार और दोस्तों तक कैसे पहुंचा जाए। लेकिन अभी भी हजारों लोग हैं जो हम पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि हम खोए हुए लोगों की मदद के लिए मेला परिसर में 50 सक्रिय स्वयंसेवकों को कंप्यूटर सेट देने की योजना बना रहे हैं। शिविर त्रिवेणी रोड पर लगेगा और खोए हुए लोगों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा। इस साल स्वयंसेवक लापता व्यक्तियों के नाम, पते और तस्वीरों सहित डेटा भी संकलित करेंगे। लापता व्यक्तियों के स्थानों का पता लगाने के लिए अन्य जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ डेटा/विवरण भी साझा किया जाएगा। पहले काम मैन्युअल रूप से किया जाता था, और डेटा संकलित करना कठिन था। एक बार जब स्वयंसेवक लापता व्यक्तियों की तस्वीरें और अन्य विवरण लेने में सक्षम हो जाएंगे, तो वे परिवारों का पता लगाने के लिए शहर और पड़ोसी जिलों की पुलिस से भी मदद ले सकेंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक ने बताया भागवत का महत्व



■ कथा से पूर्व पूरे सेक्टर में निकाली गई कलश यात्रा

**ग्रेटर नोएडा,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। श्री पीपल महादेव मंदिर डेल्टा-1 में श्रीमद् भागवत महापुराण के तहत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं व पुरुषों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कथा के पहले दिन श्रीमद भागवत के महात्म्य में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की कथा सुनाई गई। वृंदावन धाम से आए विरक्त संत संतोष महाराज ने बताया कि जीवन में जब तक भक्ति ज्ञान, वैराग्य के बिना जीवन सूना है। जीवन में जब तक भक्ति ज्ञान वैराग्य नहीं है तब तक भगवत प्राप्ति नहीं हो सकती। जीवन का कल्याण संसार के विषय बोग में नहीं है, बल्कि भगवत कथा से ही जीवन का कल्याण होता है। महाराज ने बताया कि भगवत् शरणागति ही जीवन का एक मात्र साधन है। महाराज ने विस्तार से कथा सुनाई। इस बीच कथा के सूत्रधार सरद त्यागी, डीके अरोरा, भूपेन्द्र शर्मा, कुलदीप शर्मा, विपिन गोयल आदि बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। कथा के पूर्व मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सेक्टर की महिलाएं बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह यात्रा सेक्टर में घूमते हुए मंदिर परिसर पर समाप्त हुई।

# फागी में आयोजित प्रदर्शनी में बुनकर दिखा रहे हैं अपने हुनर



**जयपुर,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पारंपरिक कालीन बुनकरों की कला एवं सहज रचनात्मकता को ग्रामीण क्षेत्रों में बढावा देने के लिए जयपुर जिले के फागी में आयोजित तीन महीने के परिवर्तनकारी कलाकार निवास एवं प्रदर्शनी ट्रेड सॉफ्टली में बुनकर अपनी कला का हुनर दिखा रहे है। आगामी 31 मार्च तक अयोजित इस कार्यक्रम में भारत के प्रमुख कालीन निर्माता जयपुर रग्स ने इसके लिए धुन जयपुर के साथ सहयोग किया है। जयपुर रग्स की डिजाइन निदेशक कविता चौधरी के अनुसार इस अनूठी पहल का उद्देश्य ग्रामीण राजस्थान में पारंपरिक कालीन बुनकरों की सहज रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस आवासीय कार्यक्रम में विभिन्न बैचों में बुनकर तीन सप्ताह के लिए एक सहायक वातावरण में अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर रहे है।

# अयोध्या आने वाले सभी श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं का सिंगल प्लेटफार्म होगा टूरिज्म सेंटिक मोबाइल ऐप

■ होम स्टे, भ्रमण के लिए प्रदूषण-मुक्त इलेक्ट्रॉनिक कार, इलेक्ट्रॉनिक बसों के रूट की स्थिति, संचालन का समय व ऑनलाइन टिकट बुकिंग की मिलेगी सुविधा



**लखनऊ/ अयोध्या,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल ऐपलिकेशन का शुभारंभ किया। यह एप श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या भ्रमण को और भी आसान बना देगी। इसमें अयोध्या के प्रमुख स्थलों की जानकारी, मैप, परिवहन, रुकने की व्यवस्था के साथ साथ कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस ऐप को अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को समर्पित किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार अयोध्या को वैश्विक पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित कर रही है। ऐसे में यहां देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए इस एप को समस्त प्रकार की सुविधाओं के एकल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप्लिकेशन अयोध्या शहर में आने वाले पर्यटकों, दर्शनार्थियों के लिए उनके आगमन से प्रवास तक की सभी आवश्यकताओं जैसे प्रवास के लिए होम स्टे, भ्रमण के लिए प्रदूषण-मुक्त इलेक्ट्रॉनिक कार, नगर विकास द्वारा प्रदान की गई 50 इलेक्ट्रॉनिक बसों के रूट की स्थिति, संचालन का समय व ऑनलाइन टिकट बुकिंग, गोल्फ कार्ट, हॉप ऑन हॉप ऑफ वाहन, व्हील चेयर, स्थानीय मान्यता प्राप्त एवं प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड आदि की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त अयोध्या नगर एवं समीपवर्ती विभिन्न मंदिर-मठों, दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी समय सारणी के साथ साथ धार्मिक स्थानों से लेकर विभिन्न स्थानों के लिए नेविगेशन के माध्यम से मार्गदर्शन एवं स्थानीय व्यंजनों तक, सभी प्रकार की जानकारी इस ऐप में उपलब्ध रहेगी। इन सभी के अलावा, इस ऐप के माध्यम से निकटतम पार्किंग की जानकारी के साथ ही पार्किंग में खड़े वाहनों कि स्थिति के अनुसार अपने वाहन कि पार्किंग के लिए उपयुक्त समयनुसार ऑनलाइ बुकिंग भी कर सकते हैं। अयोध्या में दर्शन, पूजन पाठ, पवित्र सरयू नदी में स्नान करना चाहते हों, या अयोध्या विजन 2047 की जानकारी हो, दिव्य अयोध्या एप आपका श्रेष्ट मार्गदर्शक साबित होगा।

ऐप पर सभी जानकारी भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें विभिन्न भाषी तीर्थ यात्रियों एवं सैलानियों को विशेष रूप से मदद मिलेगी। इस ऐप में उपलब्ध 3डी मैप सेवा भविष्य में समय के साथ नगर में अवस्थापना संबंधी हो रहे बदलाव को दिखाने में सक्षम होगा। साथ ही इसी एप्लीकेशन के माध्यम से दूर देश बैठ कर आप अयोध्या के विभिन्न मंदिरों एवं ऐतिहासिक स्थलों का वर्चुअल दर्शन भी प्राप्त कर सकेंगे। समय के साथ इस ऐप को इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के साथ जोड़ने की योजना है, जिसके माध्यम से नगर में समुचित सफाई व्यवस्था के साथ ही नगर के विभिन्न कैमरों से जोड़ कर नगर में हो रहे समस्त गतिविधियों की निगरानी कर सकेंगे।

# एचपीवी वैक्सीन : सर्वाइकल कैंसर पर जीत के एक नए युग की शुरुआत

नोएडा 14 जनवरी (एजेंसियां)। सर्वाइकल कैंसर जागरूकता महीना ऐसे समय में आया है जबकि पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से उबरने की कोशिश कर रही है। यह बहुत ही ज़रूरी है कि हम एचपीवी टीकाकरण, जांच की सुविधाएं और कैंसर की शुरुआती अवस्था में इलाज और सर्वाइकल कैंसर से निपटने का तरीका सभी के लिए उपलब्ध करवाकर एक स्वस्थ समाज बनाएं। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस या एचपीवी जननांगों को सबसे ज़्यादा प्रभावित करने वाला वायरस है जो कई तरह का होता है। हालांकि एचपीवी का संक्रमण कुछ ही महीनों में बिना कुछ किए अपने-आप ही खत्म हो जाता है, लेकिन अगर इस संक्रमण का थोड़ा-सा भी हिस्सा शरीर में रह जाए तो वह सर्वाइकल कैंसर का कारण बन जाता है। इस बीमारी की रोकथाम और इलाज संभव है लेकिन फिर भी पूरी दुनिया में कई महिलाएं इसके कारण बहुत कष्ट झेलती हैं। हर साल, भारत और दुनिया के अन्य देशों की करीब 12000 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होती हैं। करीब 80 प्रतिशत व्यक्तियों को उनके जीवन में किसी न किसी समय इस वायरस का संक्रमण होता है, जिन लोगों में इस वायरस के खतरनाक वैरिएंट का संक्रमण होता है उनमें कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसके लिए टीकाकरण, जांच और इलाज के लक्ष्य तय किए हैं जिसे विभिन्न देशों को 2030 तक हासिल करना है ताकि सर्वाइकल कैंसर को जड़ से मिटाया जा सके। फ़िलहाल भारत में तीन वैक्सीन उपलब्ध हैं। हाल ही में अपनी तरह का पहला एचपीवी वैक्सीन सर्ववैक भी इसमें जुड़ गया है।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 2.58 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.29 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.09 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंफ़ोसिस | 1.62 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.28 प्रतिशत |
| एलटी | 1.18 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.85 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## स्पॉट ईटीएफ ट्रेडिंग शुरू होने के बाद बिटकॉइन की कीमत 42,000 डॉलर के आसपास

**सैन फ्रांसिस्को,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में स्पॉट बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) का कारोबार शुरू होने के बाद बिटकॉइन की कीमत लगभग 10 फीसदी गिरकर 42,000 डॉलर के आसपास पहुंच गई। बिटकॉइन पिछले हफ्ते 46,000 डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और पिछले हफ्ते 49,000 डॉलर के दो साल के उच्चतम स्तर पर था, जब बिटकॉइन ईटीएफ ने अमेरिका में कारोबार करना शुरू किया। कॉइन्डेस्क की रिपोर्ट के अनुसार, बिटकॉइन ईटीएफ न्यूज के बाद क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस के शेयरों में 7.4 प्रतिशत की गिरावट आई। अक्टूबर की शुरुआत से बिटकॉइन ने 80 प्रतिशत की भारी रैली दर्ज की है। क्रिप्टो रिसर्च फर्म स्विसब्लॉक के अनुसार, 'बिटकॉइन में हालिया गतिशीलता कई बिटकॉइन चरमपंथियों द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, परिसंपत्ति 50,000 डॉलर के निशान को तोड़ने में विफल रही है और ईटीएफ के आसपास का प्रचार ठंडा होने के संकेत दिखा रहा है।' बाजार रिपोर्ट में कहा गया, 'अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या बाजार ऊपर की गति बरकरार रख सकता है।' रिसर्च फर्म क्रिप्टोक्वांट ने पिछले महीने भविष्यवाणी की थी कि ईटीएफ मंजूरी के बाद बिटकॉइन 32,000 डॉलर तक गिर जाएगा।




■ बिटकॉइन पिछले हफ्ते 46,000 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया और पिछले हफ्ते 49,000 डॉलर के दो साल के उच्चतम स्तर पर था

अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने पिछले हफ्ते कई स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी दे दी और इस फैसले के साथ, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी वैश्विक वित्तीय प्रणाली में शामिल हो गई। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका में स्पॉट बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की मंजूरी न केवल एक परिपक्व बाजार का प्रतीक है, बल्कि नियामक अधिकारियों के समर्थन का भी प्रतीक है। कुछ विश्लेषकों के अनुसार, स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ में 100 बिलियन डॉलर के उत्पाद के रूप में विकसित होने की क्षमता है।

## जेनएआई एशिया की 60 फीसदी शीर्ष कंपनियों को कर्मचारी प्रतिधारण को बढ़ावा देने में मदद करेगा

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। एशिया की लगभग 60 प्रतिशत शीर्ष कंपनियां व्यक्तिगत कार्य अनुभव और बेहतर सहयोग के साथ कर्मचारी प्रतिधारण को बढ़ाने के लिए 2025 तक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकियों को अपग्रेड करेंगी। एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जेनेरेटिव एआई संगठनात्मक उन्नति के लिए एक गेम-चेंजर के रूप में उभरता है, जो तीन प्रमुख मोर्चों पर एक सहज टेपेस्ट्री बुनता है: इंटेलिजेंट डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग (आईडीपी), जेनेरेटिव ऑटोमेशन और नॉलेज शेयरिंग। आईडीसी रिपोर्ट में भविष्यवाणी की गई है, '2026 तक, जेनएआई को स्मार्ट दस्तावेज़ प्रबंधन से जोड़ने वाले व्यवसाय इसका उपयोग करने, उत्पादकता, स्केलेबिलिटी बढ़ाने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के 20 प्रतिशत अधिक तरीके खोज लेंगे।' कोड जनरेशन कोपायलट का उपयोग करने वाली व्यावसायिक टीमें 2024 तक कम-कोड और आईटी-समर्थित विकास की जगह, कार्य/वर्कफ़्लो स्वचालन के साथ नौकरियों को सुव्यवस्थित करने में 70 प्रतिशत सफलता दर प्राप्त करेंगी।




■ '2026 तक, जेनएआई को स्मार्ट दस्तावेज़ प्रबंधन से जोड़ने वाले व्यवसाय इसका उपयोग करने, उत्पादकता, स्केलेबिलिटी बढ़ाने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के 20 प्रतिशत अधिक तरीके खोज लेंगे

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में, GenAI उपकरण वरिष्ठ नेताओं को अप्रयुक्त अंतर्दृष्टि और ज्ञान की खोज करके असंरचित डेटा के उत्पादक उपयोग को दोगुना करने में सक्षम करेगा, जिससे स्थायी व्यावसायिक लाभों में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आईडीसी एशिया/प्रशांत फ़्यूचर की शोध कार्य विभाग की निदेशक डॉ. लिली फ़ान ने कहा, 'कौशल विकास पर ध्यान देना वक्त की जरूरत है और यह रणनीतिक अनिवार्यता बन जाता है, क्योंकि जेनएआई वैयक्तिकृत विकास को सक्षम बनाता है। साथ ही, डिजिटल जुड़वां और स्थिरता के साथ कार्यस्थलों की पुनर्कल्पना कंपनियों के लिए प्रमुख फोकस के रूप में सामने आती है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2027 तक जेनआई को अपनाने से संगठनों में 40 प्रतिशत मौजूदा नौकरी भूमिकाओं को फिर से परिभाषित किया जाएगा या समाप्त कर दिया जाएगा। ये उद्यम जेनएआई और हर जगह स्वचालन के जरिए 2027 तक उत्पादकता लाभ को 1 खरब डॉलर बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत प्रौद्योगिकी कौशल विकास का लाभ उठाएंगे।

## ग्लोबल आईटी फर्म वीम सॉफ्टवेयर ने की 300 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। ग्लोबल डेटा मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रोवाइडर वीम सॉफ्टवेयर ने कथित तौर पर 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। वर्कफोर्स में कटौती तब हुई जब वीम ने पिछले साल छंटनी के सेपरेट राउंड में 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में, सीनियर कैंपेन अकाउंट मैनेजर ने कहा कि ऑर्गेनाइजेशनल रिस्ट्रक्चर के हिस्से के रूप में मेरे लगभग 300 सहयोगियों को हटा दिया गया था। कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों की संख्या की पुष्टि किए बिना, छंटनी की बात स्वीकार की है। वीम के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मैथ्यू बिशप ने बयान में कहा, 'हम कॉन्फिडेंशियल बिजनेस प्लान्स का खुलासा नहीं कर सकते, लेकिन हम यह शेयर कर सकते हैं कि हम कुछ क्षेत्रों में नियुक्तियां बढ़ा रहे हैं, कुछ भूमिकाओं को नई टीमों में स्थानांतरित कर रहे हैं और अन्य को रिटायर कर रहे हैं।' बिशप ने कहा, 'आज हमारा फोकस बदलाव से प्रभावित उन वीम कर्मचारियों को बेस्ट सपोर्ट प्रदान करना और उन्हें करियर अपॉर्चुनिटी के लिए मदद करना है।' वीम के 450,000 से ज्यादा कस्टमर्स हैं। इसे सॉफ्टवेयर इंवेस्टर्स इनसाइट पार्टनर्स द्वारा 2020 में 5 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित किया गया था। कंपनी कस्टमर्स को रैंसमवेयर और अन्य साइबर खतरों से भी बचाती है। 2022 में, भारतीय मूल के आनंद ईश्वरन को वीम के नए चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के मेंबर के रूप में नियुक्त किया गया था।

## उबर ने उबरगो और इंटरसिटी राइड के लिए अयोध्या में ईवी ऑटो किया लॉन्च

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म उबर ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में अपनी उबर ऑटो कैटेगिरी के तहत अयोध्या में अपनी ईवी ऑटो रिक्शा सर्विस को हरी झंडी दिखाई। कंपनी ने कहा कि वह अयोध्या में उबर इंटरसिटी के साथ-साथ अपनी किफायती कार सर्विस उबर-गो का परिचालन भी शुरू करेगा, जो आस्था से भरे शहर को विभिन्न गंतव्यों से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश के भीतर लोकप्रिय स्थलों से पवित्र शहर की सभी इंटर-सिटी ट्रेवल आवश्यकताओं का समर्थन करेगा। उबर इंडिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कहा, 'इस विस्तार के साथ, हम न केवल पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए मोबिलिटी ऑप्शन प्रदान कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्र में कई अन्य लोगों के लिए कमाई के अवसर भी खोल रहे हैं।' कंपनी ने कहा कि अयोध्या में विस्तार भारत में उबर की विकास योजनाओं के अनुरूप है। आज, उबर 125 शहरों में उपलब्ध है। सिंह ने कहा, 'हम अयोध्या के पर्यटन में योगदान देने, निर्बाध यात्रा अनुभव को बढ़ावा देने और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' इस महीने की शुरुआत में,



उबर ने अपने यूजर बेस का विस्तार करने के लिए भारत के कई टियर 2 और 3 शहरों में अपने मजबूत प्राइसिंग सर्विस का परीक्षण शुरू किया, जिससे यात्रियों को अपनी सवारी के लिए एक विशेष किराया बोली लगाने की अनुमति मिल सके। फ्लेक्सिबल प्राइसिंग सर्विस कॉलर उबर फ्लेक्स का भारत में पहली बार पिछले साल अक्टूबर में टेस्ट किया गया था। इस सेवा का विस्तार अब औरंगाबाद, अजमेर, बरेली, चंडीगढ़, कोयंबटूर, देहरादून, ग्वालियर, इंदौर, जोधपुर और सूरत जैसे अन्य शहरों में किया गया है।

**सार संक्षेप**

### रैपिडो को वित्त वर्ष 2023 में 675 करोड़ का हुआ घाटा, राजस्व 3 गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** बाइक-टैक्सी स्टार्टअप रैपिडो का घाटा पिछले वित्त वर्ष में लगभग 54 प्रतिशत बढ़कर 675 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 22 में 439 करोड़ रुपए था। पिछले वित्तीय वर्ष में रैपिडो के बढ़ते घाटे के पीछे राइडर्स की लागत, आईटी और कर्मचारी लाभों में वृद्धि थी। राइडर्स को दिए गए इंसेंटिव्स और चार्ज पेड का योगदान ओवरऑल एक्सपेंडिचर का 44 प्रतिशत था। यह लागत वित्त वर्ष 2023 में 517 करोड़ रुपए थी, जो वित्त वर्ष 2022 में 214 करोड़ रुपए थी। इस बीच, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के पास दाखिल वित्तीय विवरणों के अनुसार, परिचालन से स्टार्टअप का राजस्व वित्त वर्ष 2023 में 3 गुना बढ़कर 443 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 में 145 करोड़ रुपए था। पिछले महीने, बाइक-टैक्सी स्टार्टअप ने रैपिडो कैब्स के साथ एक इंट्रा-सिटी, एसएएएस-बेस्ड मोबिलिटी सॉल्यूशन लॉन्च करने के साथ, कैब बिजनेस में प्रवेश की घोषणा की। बाइक टैक्सियों में 60 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ, स्टार्टअप ने रैपिडो कैब्स के साथ फुटप्रिंट का विस्तार किया है, जिसमें 1 लाख वाहनों का शुरुआती बेड़ा पेश किया गया है। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, 'यह सुनिश्चित करना है कि ड्राइवर्स को केवल मिनिमल सॉफ़्टवेयर यूजेस फीस देना पड़े, जो इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।' रैपिडो की स्थापना 2015 में हुई थी, अब इसके 100 से ज्यादा शहरों में है और इसके 25 मिलियन से ज्यादा ऐप डाउनलोड हैं। ट्रैक्सन पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, रैपिडो ने कुल 324 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। पिछले साल अप्रैल में कंपनी ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी सर्विस स्विगी के नेतृत्व में 180 मिलियन डॉलर जुटाए थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 05 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात सप्ताह के बाद 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.8 अरब डॉलर चढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.96 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.7 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 83.9 करोड़ डॉलर कम होकर 47.5 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 6.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

## कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में जारी होने वाले महंगाई के आंकड़ों के इंतजार में विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के आने वाले नतीजों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 542.3 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 72568.45 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.75 अंक यानी 0.85 प्रतिशत उछलकर 21894.55 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज और मझौली कंपनियों से अधिक छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 168.88 अंक अर्थात 0.45 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 37875.43 अंक और स्मॉलकैप 684.31 अंक यानी 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44503.70 अंक रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, आईटी सेक्टर की तीसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर नतीजों के साथ-साथ वित्त वर्ष 2025 में बीएफएसआई के लिए बेहतर आउटलुक के कारण आईटी सेक्टर में रिकवरी के हरे संकेत ने बीते सप्ताह घरेलू बाजार की भावनाओं को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया।




अमेरिका में उम्मीद के अनुरूप महंगाई बढ़ने और रोजगार के मजबूत आंकड़ों को देखते हुए अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल हुई है। इससे वैश्विक बाजार की धारणा कमजोर हुई।

दूसरी ओर, लाल सागर क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ने के कारण तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। घरेलू स्तर पर दिसंबर में महंगाई अनुमान से थोड़ा कम जबकि औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) में उम्मीद से अधिक गिरावट देखी गई। अगले सप्ताह निवेशकों की नजर कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर में समाप्त हुई तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। कंपनियों की आय में बढ़ोतरी का समग्र पूर्वानुमान सकारात्मक बना हुआ है।

अगले सप्ताह उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ ही दिग्गज बैंकों आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक, फेडरल बैंक, महाराष्ट्र बैंक, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक तथा एशियन पेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्रासिमको के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख का भी बाज़ार पर असर रहेगा। एफपीआई के रुख को लेकर वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जीओजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी. के. विजयकुमार का कहना है कि दिसंबर 2023 के दौरान एफपीआई का निवेश प्रवाह की तेजी जनवरी 2024 की शुरुआत में धीमी पड़ गई। एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, 13 जनवरी तक स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए कुल एफपीआई निवेश 2743 करोड़ रुपये रहा। डॉ. विजयकुमार ने आगे बताया कि एफपीआई बीते दिसंबर में वित्तीय सेवाओं और आईटी में भी बड़े खरीददार रहे। उसने ऑटो, कैपिटल गुड्स, तेल एवं गैस और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में भी खरीददारी की। एफपीआई का यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। वर्ष 2024 में अमेरिकी ब्याज दरों में और गिरावट देखने की उम्मीद है इसलिए एफपीआई द्वारा 2024 में भी खासकर लोकसभा चुनाव से पहले निवेश बढ़ाये जाने की संभावना है।

## सरकारों पर 88 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज बकाया

**लंदन,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व नेता इस सप्ताह ग्रह की सबसे गंभीर समस्याओं पर चर्चा करने के लिए दावोस आ रहे हैं। सीएनएन ने यह जानकारी दी। सीएनएन ने बताया कि दो बड़े युद्ध, एक शिपिंग संकट, राज्य संस्थानों पर साइबर हमले और जलवायु आपातकाल के और भी खतरनाक सबूतों का मतलब है कि बात करने के बिंदुओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन जब सरकारों पर अभूतपूर्व रूप से 88.1 ट्रिलियन डॉलर का बकाया हो, जो दुनिया के वार्षिक आर्थिक उत्पादन के लगभग बराबर है, तो विचारों को कार्रवाई में बदलना कठिन होगा। सीएनएन ने बताया कि महामारी के दौरान सार्वजनिक ऋण में विस्फोट हुआ और इस साल नई उधारी कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में रिकॉर्ड तोड़ने की संभावना है, इससे सरकारें वित्तीय मंदी, महामारी या युद्ध जैसे झटकों का जवाब देने में कम सक्षम हो जाएंगी। यहां तक कि किसी नए संकट की अनुपस्थिति में भी, ऋण चुकाने की बढ़ती लागत जलवायु परिवर्तन से निपटने और उम्रदराज़ आबादी की देखभाल के प्रयासों को बाधित करेगी। लगातार बजट कटौती के बाद कई देशों में सार्वजनिक सेवाएं पहले से ही तनावपूर्ण हैं।


सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिक चिंता की बात यह है कि जैसे-जैसे कर्ज का बोझ बढ़ता है, सरकारें मौजूदा दायित्वों को पूरा करने और बुनियादी सेवाओं को



पर्याप्त रूप से वित्तपोषित करने के लिए और अधिक उधार लेने में खुद को असमर्थ पा सकती हैं। बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समिति के पूर्व सदस्य माइकल सॉन्डर्स ने कहा, अपने ऋण को वित्तपोषित करने में असमर्थ सरकार 'अचानक और दर्दनाक' खर्च में कटौती या कर बढ़ोतरी को लागू करने के लिए मजबूर होगी।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही अनाज में मिलाजुला रुख रहा जबकि दाल-दलहन के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा सप्ताहांत पर 90 रिंगिट चढ़कर 3760 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.02 सेंट की तेजी के साथ 49.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।




सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 74 रुपए और मूंगफली तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सूरजमुखी तेल 110 रुपए, सोया रिफाइंड 146 रुपए और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12234 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11135 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8133 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9800 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## 46 टेक कंपनियों ने पहले 2 सप्ताह में 7,500 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। नए साल में केवल दो सप्ताह हुए हैं। इसी दौरान कम से कम 46 आईटी और टेक कंपनियों (स्टार्टअप सहित) ने 7,500 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है और यह संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जेनरेटिव एआई (जेनएआई) से लाखों नौकरियों को खतरा है। वैश्विक छंटनी एक बार फिर भारतीय कार्यबल को प्रभावित करने के लिए तैयार है।

टेक सेक्टर में नौकरियों में कटौती पर नजर रखने वाली वेबसाइट, लेऑफ डॉट एफवाईआई के लेटेस्ट डेटा के अनुसार, 46 टेक कंपनियों ने (14 जनवरी तक) 7,528 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। दुनिया भर में स्टार्टअप समेत टेक कंपनियों ने 2022 और 2023 में 425,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, जबकि इसी समय सीमा में भारत में 36,000 से अधिक कर्मचारियों को



बर्खास्त किया गया। ऑनलाइन रेंटल प्लेटफॉर्म फ्रंटडेस्क 2024 में दो मिनट की गूगल मीट कॉल के दौरान अपने पूरे 200 कर्मचारियों को निकालने वाला पहला टेक स्टार्टअप बन गया। गेमिंग कंपनी यूनिटी ने अपने नए जॉब कट राउंड में अपने 25 प्रतिशत वर्कफोर्स यानी लगभग 1,800 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है।

गूगल ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि उसने हार्डवेयर, कोर इंजीनियरिंग और गूगल असिस्टेंट टीमों में कई सौ नौकरियों में कटौती की है। रिपोर्ट के मुताबिक, छंटनी से गूगल की हार्डवेयर और केंद्रीय इंजीनियरिंग टीमों के कर्मचारियों के साथ-साथ गूगल असिस्टेंट के कर्मचारी भी प्रभावित होंगे।

गूगल के एक प्रवक्ता ने कहा था, '2023 की दूसरी छमाही में इन अवसरों के लिए हमें बेस्ट पॉजिशन में लाने के लिए हमारी कई टीमों ने अधिक कुशल बनने और बेहतर काम करने और अपने संसाधनों को उनकी सबसे बड़ी उत्पाद प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने के लिए बदलाव किए।' कंपनी ने कहा, 'कुछ टीमें इस प्रकार के संगठनात्मक बदलाव जारी रख रही हैं, जिसमें वैश्विक स्तर पर कुछ भूमिकाएं खत्म करना भी शामिल है।' अमेजन के स्वामित्व वाली ऑडियोबुक और पॉडकास्ट डिवीजन ऑडिबल ई-कॉमर्स दिग्गज में समग्र नौकरी में कटौती के हिस्से के रूप में 5 प्रतिशत कर्मचारियों यानी 100 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। मेटा ने नए साल की शुरुआत इंस्टाग्राम पर कुछ टेक्निकल प्रोग्राम मैनेजर्स (टीपीएम) की छंटनी के साथ की और रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 60 ऐसी नौकरियों को या तो समेकित किया जा रहा है या समाप्त किया जा रहा है। ग्लोबल डेटा मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रोवाइडर वीम सॉफ्टवेयर ने कथित तौर पर 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, डिज्नी के स्वामित्व वाला एनीमेशन स्टूडियो पिक्सर भी इस साल नौकरियों में कटौती करने के लिए तैयार है। ग्लोबल बैंकिंग प्रमुख सिटीग्रुप अगले दो वर्षों में एक बड़े कॉर्पोरेट बदलाव के तहत अपने कार्यबल का 10 प्रतिशत या लगभग 20,000 कर्मचारियों को कम करेगा।

# खेल जगत

## पैर की चोट के कारण मातियो बेरेटिनी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर

**मेलबर्न** 14 जनवरी (एजेंसियां)। इटली के टेनिस खिलाड़ी मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गये है। बेरेटिनी अब पिछले वर्ष के यूएस ओपन में मैच के बीच में रिटायर हर्ट होने के अलावा विभिन्न कारणों से 2022 के बाद से चार बड़ी प्रतियोगिताओं से हट चुके है। ऑस्ट्रेलिया ओपन के बयान में कहा गया है, मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया ओपन से हट गए हैं। ड्रॉ में उनकी जगह जिजौ बर्ग्स लेंगे। बेरेटिनी का ब्लॉकबस्टर फर्स्ट-राउंड में मौजूदा उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होना था। अब इस राउंड में सोमवार को जिजौ बर्ग्स, यूनान के सितसिपास से मुकाबला करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हाथ में चोट के कारण बेरेटिनी रोलैंड गैरोस और कोविड-19 के साथ विंबलडन में नहीं खेल पाये थे। 27 वर्षीय खिलाड़ी वर्तमान में 125वीं रैंकिंग हैं।



# इंस्टाग्राम पर एक संदेश से हुई थी जोकोविच और विराट के बीच दोस्ती की शुरुआत

**इंदौर,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने खुलासा किया कि स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पहले उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से एक संदेश भेजा था, जिसने उनके संबंधित खेलों के दो दिग्गजों के बीच टेक्स्ट-आधारित दोस्ती की शुरुआत की थी।

मैं नोवाक के साथ बहुत ही सहज तरीके से संपर्क में आया। जब मैंने इंस्टाग्राम पर उसकी प्रोफाइल देखी तो मैंने मैसेज का बटन दबाया, मैंने सोचा कि मैं उसे मैसेज ही कर दूं। फिर मैंने उसका संदेश अपने डीएम पर पहले से ही देखा। मैंने इसे कभी खोला ही नहीं था. यह पहली बार था जब मैंने अपना संदेश खोला था। और उसने खुद मुझे मैसेज किया था। तो पहले मैंने सोचा कि जरा जांच कर लूं, हो सकता है कि यह कोई फर्जी अकाउंट हो। फिर मैंने दोबारा जाँच की, यह वैध था। फिर हमारी बातें होने लगीं. हम समय-समय पर संदेशों का आदान-प्रदान करते रहते हैं। कोहली ने बीसीसीआई.टीवी पर एक वीडियो में कहा, मैंने उन्हें उनकी सभी अद्भुत उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

उन्होंने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में अपना 50वां एकदिवसीय शतक लगाने के बाद जोकोविच से एक संदेश मिलने के बारे में भी खुलासा किया। हाल ही में जब मैंने 50वां एकदिवसीय शतक बनाया, तो नोवाक जोकोविच ने एक कहानी पेश की, और मुझे एक अच्छा संदेश भी भेजा, इसलिए परस्पर प्रशंसा और सम्मान है।

उच्च स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वैश्विक एथलीटों के साथ जुड़ना वास्तव में अच्छा है। मेरे मन में उनके और उनकी यात्रा के लिए बहुत सम्मान है। फिटनेस के प्रति उनका जुनून कुछ ऐसा है जिसका मैं खुद अनुसरण करता हूं। इसलिए जुड़ने के लिए बहुत कुछ था। कोहली ने कहा, उम्मीद है कि अगर वह जल्दी भारत आते हैं, तो मैं उस देश में रहूंगा जहां वह खेल रहे हैं। मैं निश्चित रूप से उनसे मिलूंगा और आराम करूंगा और शायद एक कप कॉफी भी पीऊंगा। दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज ने यह भी कहा कि उन्होंने जोकोविच और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का वीडियो देखा, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एक प्रचार कार्यक्रम में क्रिकेट खेलने की कोशिश कर रहे थे।

मुझे लगता है कि वह क्रिकेट का बल्ला घुमाने में टेनिस रैकेट घुमाने में हमसे कहीं बेहतर है। मुझे लगता है कि स्टीव ने अपनी सर्विस लौटाने में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। जब आपके पास हाथ-आंख का अच्छा समन्वय होता है, तो आप सोचते हैं कि आप भी ऐसा कर सकते हैं।

लेकिन मैंने टेनिस मैच लाइव देखे हैं, इसलिए मुझे पता है कि वे सर्विस कितनी तेज़ होती हैं। लेकिन नोवाक के साथ टेनिस खेलना भी अच्छा होगा। शायद एकमात्र चीज़ जो मैं उसे सिखा सकता हूँ वह है क्रिकेट का बल्ला कैसे पकड़ना है।

शनिवार को 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने भारत के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की थी और कोहली के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में खुलासा किया था। मैंने इसे कई वर्षों से महसूस किया है। मैं लगभग 10 या 11 साल पहले केवल एक बार नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के लिए भारत आया था। यह एक संक्षिप्त प्रवास था, और मुझे उम्मीद है कि देश के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता का पता लगाने के लिए जल्द ही वापस आऊंगा। जोकोविच ने कहा, सचिन, विराट और कई अन्य लोगों जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ मेरे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। मैं कुछ वर्षों से संदेशों के माध्यम से विराट कोहली के संपर्क में हूं, लेकिन हम व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं मिले। उनसे मेरे बारे में अच्छी बातें सुनना सौभाग्य की बात थी। उन्होंने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर कहा, मैं उनके करियर और उपलब्धियों की प्रशंसा करता हूं।



### विराट को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए : सबा करीम

**इंदौर।** करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के रविवार को होल्कर स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम में शामिल होने के बाद पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम का मानना है कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। लेकिन उनके साथी पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि कोहली को टी20 में भारत के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करनी चाहिए। एडिलेड ओवल में 2022 पुरुष टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड से दस विकेट की हार के दौरान प्रारूप में आखिरी बार खेलने के बाद कोहली भारत के लिए टी20 खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। करीम ने जियोसिनेमा पर कहा, मैं विराट कोहली को नंबर 3 पर देख रहा हूं, यह ध्यान में रखते हुए कि टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है। वेस्टइंडीज में भारत सुपर 8 में धीमी विकेट पर खेलेगा। वहां आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो पूरी पारी को नियंत्रित कर सके। मुझे लगता है कि रोहित शर्मा उस भूमिका को निभाने के लिए विराट कोहली का समर्थन कर रहे हैं।

## टूर्नामेंट यह जानने का मौका नौजवान टीम के साथ किस तरह कदमताल करते हैं : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली**, 14 जनवरी (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम रविवार तड़के कैंपेगोडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट, बेंगलुरू से कैपटाउन , दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत करने वाले टूर्नामेंट में शिरकत करने रवाना होगा। एफआईएच रैंकिंग में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत की टीम कैपटाउन में 22 से 28 जनवरी तक चार देशों के इस टूनामेट मे मेजबान दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। भारत की टीम अपने अभियान का आगाज 22 जनवरी को दुनिया की नौंवे टीम फ्रांस के खिलाफ मैच से करने के खिलाफ उससे 24 जनवरी को फिर भिड़ेगी। भारतीय टीम इसके बाद मेजबान दुनिया की 14 वें नंबर की टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से 26जनवरी से भिड़ेगी और इसके बाद दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से अपने अंतिम मैच भिड़ेगी।

चतुर मिडफील्डर हार्दिक सिंह इस टूर्नामेंट में भारत के उपकप्तान होंगे। भारत ने चार देशों के इस टूर्नामेंट के लिए नौजवान और अनुभवी खिलाड़ियों की मजबूत टीम चुनी है। क्वालालंपुर में चार देशों के एफआईएच जूनियर विश्व कप में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के सदस्य रहे स्ट्राइकर अरिजित सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी को पहली बार भारत की सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत की पुरुष हॉकी टीम चार देशों के इस टूनामेंट का इस साल के मध्य में पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए पूरा इस्तेमाल करेगी। भारतीय पुरुष हॉक्री टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बेंगलुरू से कैपटाउन की उड़ान पकडऩे से पूर्व कहा, कैपटाउटन में चार देशों का यह टूर्नामेंट दुनिया की कुछ श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ हम सभी के लिए एक इकाई के रूप में मिलकर अपने खेल पर साथ मिलकर मेहनत करने का मौका है। इस दौरे पर रवाना होने से पहले हमारी टीम का बेंगलुरू में तैयारी शिविर लगा था और इसमें हम सभी में हरेक को साफ साफ अपने रोल की बाबत पता चल गया। हमारी टीम इस बाद कुछ नौजवान खिलाडिय़ों को भी जगह दी गई है । अब ओलंपिक के करीब आते ही हमारे लिए यह टूर्नामेंट यह जानने का मौका होगा कि हमारे नौजवान हमारी टीम के साथ किस तरह कदमताल करते हैं। भारत के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने भी अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह की राय से इत्तफाक जताते हुए कहा, चार देशों के इस टूर्नामेंट के लिए हमारी खासी बड़ी टीम चुनी गई है और हम सीजन में उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेलने को खासे रोमांचित हैं। यह ओलंपिक वर्ष है और इसके मद्देनजर सभी को इसके लिए जरूरी मौका देना चाहते हैं क्योंकि हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बराबर मजबूत से मजबूत होना चाहते हैं।



■ शिविर में हरेक साफ-साफ मालूम पड़ गया अपना रोल

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रनों से हराया

**हैमिल्टन,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। फिन ऐलन की 76 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद ऐडम मिल्न के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 21 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली हैं।

195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज सईम अयूब एक रन और मोहम्मद रिजवान सात रन बनाकर दूसरे ही ओवर में पवेलियन लौट गये है। इसके बाद बाबर आजम और फखर जमान ने पाकिस्तान की पारी को संभाला। बाबर आजम ने सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 43 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। आजम का सियर्स ने साउदी के हाथों कैच आउट कराया। वहीं जमान ने तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 25 गेंदों में 50 रन बनाये। उन्हें मिल्स ने बोल्ड आउट किया। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 13 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुये। उन्हें मिल्स ने साउदी के हाथो कैच आउट कराया। पाकिस्तान के आठ बल्लेबाज दहाई अंक का आकंड़ा भी नहीं छू सके और पूरी टीम 19.3 ओवर में 173 रन पर सिमट गई।



न्यूजीलैंड की ओर से ऐडम मिल्न ने चार विकेट लिये। टिम साउदी,बेन सियर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पाकिस्तान ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने फिन ऐलन के सात चौके और पांच छक्के की मदद से 41 गेंदों में 76 रन, विलियमसन के 26 रन और सैंटनर की 25 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आठ विकेट पर 194रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ऐलन और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की।

छठें ओवर में जमाल ने डेवन कॉन्वे 20 को जमान के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद कप्तान केन विलियमसन 26 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गये। डैरिल मिचेल 17 रन, ग्लेन फिलिप्स 13रन बनाकर आउट हुये। मिचेल सैंटनर ने तीन चौके और दो छक्कों की मदद 13 गेंदों में 25 रन बनाये। वह 20वें ओवर में रन आउट हुये। टीम साउदी पांच रन बनाकर और बेन सियर्स एक रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 194 रन बनाये।

## इयान चैपल ने टेस्ट क्रिकेट में खेल की धीमी गति पर नाराजगी जताई

**सिडनी,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने टेस्ट क्रिकेट में खेल की हालिया धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि खेल के इस पहलू पर अभी तक ध्यान क्यों नहीं दिया गया है, जबकि लंबे प्रारूप में खेल पांच की जगह चार दिन का खेलने को लेकर चर्चा चल रही है। 50 ओवर के मैच की तुलना में थोड़े लंबे समय तक चलने वाले पांच दिवसीय मैचों के मद्देनजर चार दिवसीय टेस्ट के लिए चर्चा जोर पकड़ रही है। बढ़ती लागत और चार दिवसीय टेस्ट की शुरुआत के बारे में वैध तर्क हैं, लेकिन ऐसा क्यों है क्या खेल की धीमी गति को संबोधित किया जा रहा है? चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, टेस्ट क्रिकेट में खेल की गति बेहद खराब है। यह हर दिन धीमी होती जा रही है और मामलों में सुधार के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। एक तरफ बेन स्टोक्स वास्तव में टेस्ट क्रिकेट के मनोरंजन स्तर में सुधार करने का प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासकों की कमी के कारण उन्हें कमजोर किया जा रहा है। हाल के दिनों में, धीमी ओवर गति के कारण भारत और पाकिस्तान पर सेंचुरियन और पर्थ में अपने संबंधित टेस्ट में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक और मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। चैपल ने टेस्ट क्रिकेट के दौरान होने वाली विभिन्न चीजों की उपयोगिता पर भी सवाल उठाया, जिसमें निर्णय समीक्षा प्रणाली भी शामिल है। बल्लेबाजों को ओवरों के दौरान मध्य-पिच पर मिलने की अनुमति क्यों दी जाती है ताकि बिना दंड के कौन क्या जानता है? बल्लेबाजों को सूचित क्यों नहीं किया जाता है कि जब गेंदबाज गेंद डालने के लिए तैयार होता है तो शिष्टाचार के अनुसार उन्हें क्रीज पर अपने रुख में रहना पड़ता है?

## सार संक्षेप

### बड़ौदा ने पुड्डुचेरी को 98 रन से हराया

**बडोदरा।** भार्गव भट्ट और महेश पीठिया की शानदार स्पिन गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने रविवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मुकाबले में पुडुचेरी को 98 रन से हरा दिया। भार्गव ने आज यहां शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए 218 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुड्डेचेरी की पूरी टीम 35.1 ओवर में 119 रन पर समेटकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भार्गव ने 46 रन देकर छह विकेट लिए वहीं महेश पीठिया ने चार बल्लेबाजों को आउट किया। भार्गव ने पहली पारी में पुड्डुचेरी के पांच विकेट लिये थे। बड़ौदा ने पहली पारी में सलामी बल्लेबाज ज्योतस्निल सिंह 51 रन और किनित पटेल 44 रनों की पारी की बदौलत 218 रन थे। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पुड्डुचेरी को पहली पारी में 155 रन पर समेट दिया था। बड़ौदा की दूसरी पारी में 154 रन पर सिमट गई थी। पुड्डुचेरी को जीत के लिए 218 रन बनाने थे, लेकिन उसकी पूरी टीम 35.1 ओवर में 119 रन पर ढ़ेर हो गई और बड़ौदा ने पुड्डुचेरी को 98 रनों से हरा कर मुकाबला जीत लिया।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए हुई रवाना

**बेंगलूरू।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीका में 22 से 28 जनवरी तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रविवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से केपटाउन के लिए रवाना हुई। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय पुरुष टीम 22 जनवरी को अपने पहले मुकाबले में नौवीं रैंकिंग वाली फ्रांस से भिड़ेगी और 24 जनवरी को फिर से मुकाबला करेगी। इसके बाद 26 जनवरी को 14वीं रैंकिंग वाली मेजबान दक्षिण अफ्रीका से और 28 जनवरी को शीर्ष रैंकिंग वाली नीदरलैंड से मुकाबला करेगी। बेंगलुरु से उड़ान भरने से पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, यह हम सभी के लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलते हुए एक टीम के रूप में अपने खेल पर एक साथ काम करने का एक शानदार अवसर है। हमने एक बेंगलुरु में तैयारी शिविर लगाया था, जहां हर किसी ने अपनी भूमिकाओं पर स्पष्टता विकसित किया है। कुछ युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम में शामिल किया गया है, विशेषकर ओलंपिक के मद्देनजर यह देखना होगा कि वे हमारी टीम को आगे बढ़ने में कैसे मदद करते हैं। उप-कप्तान हार्दिक ने अपने कप्तान के विचारों को दोहराते हुए कहा, हमारे पास एक बड़ी टीम है और हम सीजन में शीर्ष गुणवत्ता वाली अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ खेलने की संभावना को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह ओलंपिक का वर्ष है और हम चाहेंगे कि सभी को मौका मिले।

## बंगाल वॉरियर्स ने यूपी योद्धाज को 42-37 से हराया

**जयपुर** 14 जनवरी (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग 2023-24 के 70वें मैच में माइटी मनिंदर सिंह के 14 अंक की अगुवाई में बंगाल वॉरियर्स ने यूपी योद्धाज को 42-37 से हरा दिया। शनिवार रात जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यूपी योद्धाज के परदीप ने 16 अंक लिए लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इसी के साथ बंगाल वॉरियर्स 12 मैचों में पांचवीं जीत के बाद 33 अंक के साथ सातवें नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, यूपी योद्धाज को 13 मैचों में मिली नौवीं हार के बाद टीम 10वें नंबर पर है।

बंगाल वॉरियर्स और यूपी योद्धाज के बीच शुरुआती मिनटों में कड़ी टक्कर देखी गई। दोनों टीमें शुरुआत में 6-6 की बराबरी पर थी। इसके बाद बंगाल ने लगातार अंक अर्जित करते हुए पहले 10 मिनट के खेल में चार प्वाइंट की बढ़त बनाई और स्कोर को 11-7 का कर दिया। बंगाल वॉरियर्स के पास यूपी को ऑल आउट करने का मौका था लेकिन टीम इसे भुना नहीं पाई। मनिंदर ने हालांकि इस दौरान 100 रेड प्वॉइंट पूरा कर लिये और इसके साथ ही वह ऐसा करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। मनिंदर ने 13वें मिनट में सुपर रेड करके यूपी को ऑल आउट की कगार पर पहुंचा दिया। यूपी योद्धाज ऑल आउट हुई और बंगाल ने सात अंक की बढ़त के साथ स्कोर को 17-10 का कर दिया। ऑल इन होने के बाद परदीप ने 15वें मिनट सुपर रेड कर दिया और यूपी योद्धाज फिर से मुकाबले में लौटने लगी। बंगाल की टीम सात प्वॉइंट से आगे चल रही थी। वॉरियर्स ने इसके साथ ही 21-14 के स्कोर के साथ पहले 20 मिनट के खेल में अपना दबदबा कायम रखा।

यूपी योद्धाज ने दूसरे हाफ की शुरुआत मनिंदर को बाहर भेजकर किया। यूपी योद्धाज ने इसके बाद बंगाल वॉरियर्स को ऑल आउट करके तीन अंक हासिल कर लिए। ऑल आउट होने के बाद बंगाल की बढ़त केवल चार अंकों की रह गई थी। परदीप ने इसके साथ ही इस सत्र का अपना पांचवां और पीकेएल का 84वां सुपर-10 लगा दिया। परदीप के बाद मनिंदर ने भी अपना सुपर-10 पूरा कर लिया। 25वें मिनट तक बंगाल की टीम पांच अंक से आगे थी।

## सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी फाइनल में हारी

**कुआलालंपुर** 14 जनवरी (एजेंसिया)। भारत की सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी को चीन की लिआंग वेइकेंग और वांग चांग की जोड़ी के खिलाफ रविवार को मलेशिया ओपन के रोमांचक फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। आज यहां खेले गये मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद रंकीरेड्डी और शेट्टी की जोड़ी को विश्व की नंबर एक लिआंग वेइकेंग और वांग चांग चीनी जोड़ी ने 57 मिनट तक चले मैच में 21-9, 18-21, 17-21 से हराया।



इस मुकाबले के पहले गेम में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुरू से ही हावी रहे। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली। चीनी टीम ने कुछ अंक बटोरे लेकिन भारतीय टीम ने बढ़त कायम रखते हुए स्कोर को 10-3 कर दिया। रंकीरेड्डी और शेट्टी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए पहले गेम को 13 मिनट में 21-9 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम की शुरुआत में लिआंग वेइकेंग और वांग चांग ने आत्मविश्वास से लबरेज़ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी का बेहतर रणनीति से सामना किया और 7-2 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे गेम के ब्रेक तक 11-6 स्कोर के साथ चीनी टीम के हक में था।

बेहतर गेम प्लान के साथ खेलते हुए भारतीय जोड़ी ने स्कोर को 12-14 कर दिया। गेम का रोमांच अपने चरम पर था और दोनों टीमें अंक हासिल करने के लिए कोर्ट पर अपना 100 प्रतिशत दे रही थीं। लेकिन वेइकेंग और चांग ने 18-16 की बढ़त के बाद तीन शानदार स्मैश शॉट के साथ इस गेम को 21-18 से जीत लिया।

तीसरे और निर्णायक मुकाबले में एक के बाद एक दो स्मैश शॉट के साथ भारत ने 2-0 की लीड हासिल कर ली। इसके बाद देखते ही देखते एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं ने स्कोर को 10-4 कर दिया। गेम के ब्रेक तक स्कोर 11-7 से भारत के हक में था। ब्रेक के बाद पलटवार करते हुए चीन की टीम ने स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। इसके बाद विश्व की नंबर एक जोड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गेम को 21-17 से जीत कर खिताब जीत लिया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम का ओलंपिक क्वॉलिफायर्स में हार से आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 14 जनवरी (देशबन्धु)। आशंका सही साबित हुई। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया के चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर होने और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर गुरजीत सिंह के साथ दीप फुलबैक ग्रेस एक्का को रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलिफायर्स के लिए टीम में न चुनना दुनिया की आठवें नंबर की भारतीय महिला टीम को अमेरिका के खिलाफ मैच में भारी पड़ा। अबीगेल तामेर के दूसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में अपने दूसरे प्रयास में डी में दुबारा लपक कर जोरदार वॉली लगा दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने मेजबान भारत को 1-0 पूल बी के पहले मैच में हरा कर उससे 2019 के ओलंपिक क्वॉलिफायर्स की हार का हिसाब चुकता कर दिया। वंदना कटारिया को चोट के कारण भारतीय टीम में जगह पाने वाली बलजीत कौर दबाब में अपना नैसर्गिक खेल ही नहीं खेल पाई। अमेरिका की गोलरक्षक केलसे बिंग ने दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर को रोक कर बेकार करने के साथ उनकी मैदानी गोल की कोशिश भी नाकाम कर दी। अबीगेल के पहले शॉट को भारत की कप्तान व गोलरक्षक ने पैड से रोका लेकिन लौटती गेंद को लपक उन्होंने अमेरिका के लिए मैच का एकमात्र व निर्णायक दागा। भारत को अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इटली और न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से हर हाल में अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। अमेरिका की महिला टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और खेल के शुरू में तेज शॉट जमा एलिजाबेथ यीगर ने गेंद भारत के गोल में डाल दी लेकिन अंपायर ने उनका यह गोल अमान्य कर दिया। अबीगेल तामेर ने दूसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में गोल कर अमेरिका को 1-0 से आगे कर उसकी निराशा खत्म कर दी। भारत को करीब छह मिनट बाद बराबर पाने का मौका मिला लेकिन इस पर दीपिका के पहले प्रयास पर गेंद अमेरिका की रक्षापंक्ति की खिलाड़ी के पैर पर लगी और भारत को लगातार दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले इन्हें उसकी रक्षापंक्ति की खिलाडियों न रोक मेजबान टीम को बराबरी पाने से रोक दिया। अमेरिका की ब्रूक डेबरडाइन को तीसरे क्वॉर्टर के शुरू में ग्रीन कार्ड मिला लेकिन भारत की अग्रिम पंक्ति इसका लाभ नहीं उठा सकी। भारत को तीसरे क्वॉर्टर मे मैच का चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन फिर वह इसका लाभ नहीं उठा। तीसरे और आखिरी क्वॉर्टर में बराबर पाने की कोशिश में जुटी भारतीय महिला टीम को वैष्णवी विट्ठल फाल्के का येलो कार्ड लेकर बाहर जाना बहुत महंगा पड़ा। उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर स्लैप शॉट से गेंद को गोल में डाला लेकिन अंपायर ने यह कह इसे अमान्य कर दिया गेंद ज्योति के पैर से लगकर गोल में गई।

